RAJHIN/2016/70516 Bhilwara/171/2026-2028

सच्चाई से रूबरू smarthalchal.com

# स्मार्ट हलचल

वर्ष-10 अंक-327 जयपुर, मंगलवार, 26 मई 2026 मूल्य-4 रूपये

## एक्ट्रेस ट्विशा केस सीबीआई ने पति-सास पर दर्ज की एफआईआर

**भोपाल।** मॉडल-एक्टर ट्विशा शर्मा मौत मामले की जांच अब सीबीआई ने अपने हाथ में ले ली है। एजेंसी ने सोमवार को भोपाल पुलिस की एफआईआर को री-रजिस्टर कर पति समर्थ सिंह और सास, रिटायर्ड जज गिरिबाला सिंह के खिलाफ केस दर्ज किया। सीबीआई की स्पेशल क्राइम यूनिट की टीम दिल्ली से भोपाल पहुंची और पुलिस अधिकारियों से केस डायरी, दस्तावेज व अन्य सबूत जुटाए। सीबीआई ने दहेज मृत्यु की धाराओं में केस दर्ज किया है। पुलिस जांच में 20 लाख रुपए अतिरिक्त दहेज मांगने की बात सामने आई थी। इसी आधार पर एजेंसी ने FIR दर्ज की। मामले में SIT प्रमुख रजनीश कश्यप कौल को फरियादी बनाया गया है।

## डांडेवाला फील्ड में मिला प्राकृतिक गैस का नया भंडार

**जैसलमेर।** राजस्थान के पश्चिमी रेगिस्तानी क्षेत्र स्थित डांडेवाला फील्ड से देश के ऊर्जा क्षेत्र में महत्वपूर्ण उपलब्धि सामने आई है। सार्वजनिक क्षेत्र की ऊर्जा कंपनी ऑयल इंडिया लिमिटेड ने यहां नए गैस युक्त पे-ज़ोन की सफल खोज की है। कंपनी के अनुसार डांडेवाला फील्ड में सानू फॉर्मेशन से पहली बार प्राकृतिक गैस का प्रवाह शुरू हुआ है, जिससे क्षेत्र की हाइड्रोकार्बन संभावनाओं को नया बल मिला है।

जानकारी के अनुसार नए गैस क्षेत्र से वर्तमान में लगभग 25 हजार स्टैंडर्ड क्यूबिक मीटर प्रतिदिन प्राकृतिक गैस का उत्पादन हो रहा है। प्रारंभिक उत्पादन परिणाम उत्साहजनक बताए जा रहे हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि आगे विस्तृत परीक्षण और विकास कार्यों के बाद उत्पादन क्षमता में और वृद्धि संभव है। यह खोज राजस्थान के ऊर्जा संसाधनों के बेहतर उपयोग की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि मानी जा रही है। ऊर्जा विशेषज्ञों के अनुसार यह खोज देश की ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में बड़ा कदम साबित हो सकती है।

### मुख्यमंत्री ने बीसलपुर बांध से किया वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान का शुभारंभ

# आमजन अभियान से जुड़कर जल संरक्षण में निभाएं सहभागिता: सीएम भजनलाल

### स्काडा प्रणाली का किया अवलोकन

### जल प्रबंधन के कार्यों की ली जानकारी

जयपुर



मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सोमवार को गंगा दशमी के अवसर पर टोंक स्थित बीसलपुर बांध से 'वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान' का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने बीसलपुर बांध पर वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधिवत जल पूजन किया और प्रदेश में अच्छी बारिश के लिए कामना की। इसके बाद मुख्यमंत्री ने बीसलदेव महादेव मंदिर के दर्शन कर प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की प्रार्थना की।

इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि ऋषि-मुनियों की तपस्या से गंगा दशहरा के दिन ही पृथ्वी पर मां गंगा अवतरित होकर हमारी जीवनदायनी बनी। हमारी सरकार द्वारा पिछले साल भी वंदे गंगा जल संरक्षण अभियान चलाकर प्रदेशभर में बांध, तालाब, सरोवर एवं एनिकट सहित जल स्त्रोतों के संरक्षण एवं सफाई के कार्य किए गए थे। इस वर्ष भी आज से इस अभियान की शुरुआत की जा रही है। अभियान के तहत प्रदेशभर में सभी सांसद, विधायक एवं अन्य जनप्रतिनिधि विभिन्न कार्यक्रमों में सहभागी बनकर जल संरक्षण से जुड़े कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि जल ही जीवन है और आमजन इस अभियान में सक्रिय भूमिका निभाकर जल संरक्षण अभियान को सफल बनाएं।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा राजस्थान के ऐसे पहले मुख्यमंत्री हैं, जिन्होंने बीसलपुर बांध पहुंचकर स्काडा प्रणाली का पूरा अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि बीसलपुर बांध पूर्वी राजस्थान के जिलों में निर्बाध पानी की आपूर्ति का एक बड़ा माध्यम है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि बांध क्षेत्र में नई संरचनाओं का निर्माण किया जाए। साथ ही, बनास नदी को रिचार्ज करने की दिशा में प्रभावी कार्य किए जाएं, ताकि वर्षाजल संग्रहण और भू-जल पुनर्भरण को मजबूती मिल सके। उन्होंने अधिकारियों को श्रृंखलाबद्ध एनिकट निर्माण तथा आवश्यक स्थानों पर गेट लगाए जाने के निर्देश भी दिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जल संरक्षण एवं जलसंग्रहण के कार्य पूरी कार्ययोजना और दीर्घकालिक दृष्टि के साथ किए जाएं, ताकि अधिकतम वर्षाजल का संरक्षण सुनिश्चित हो सके। उन्होंने बांध की व्यवस्थाओं, जलसंग्रहण प्रणाली तथा स्काडा सिस्टम की कार्यप्रणाली की जानकारी ली और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान मुख्य अभियंता जल संसाधन भुवन भास्कर ने वीडियो प्रस्तुतीकरण के माध्यम से स्काडा प्रणाली की जानकारी दी।

इसके बाद मुख्यमंत्री ने ईसरदा बांध का हवाई सर्वेक्षण कर जल संरक्षण, जल प्रबंधन एवं सिंचाई परियोजनाओं से जुड़े कार्यों की प्रगति की जानकारी ली। गौरतलब है कि रामजल सेतु लिंक परियोजना का फीडर चैनल तीन प्रमुख बांधों ईसरदा, गलवा एवं बंध बरेठा से गुजरता है।

उल्लेखनीय है कि वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान' के तहत 25 मई से 5 जून तक प्रदेशभर में जल संरक्षण को लेकर व्यापक जनजागरण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। गांव-गांव में कुएं, बावड़ियों, तालाबों एवं अन्य जल स्त्रोतों की साफ-सफाई, श्रमदान, जल चौपाल, प्रभात फेरी, पौधारोपण तथा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित होंगे।

## कश्मीर के गुलमर्ग रोपवे में खराबी, 300 पर्यटकों का रेस्क्यू



### 65 ट्रॉली हवा में फंसीं, कई 500 फीट ऊंचाई पर थीं

श्रीनगर

जम्मू-कश्मीर के गुलमर्ग में एशिया के सबसे ऊंचे रोपवे गोंडोला (रोपवे) में सोमवार को तकनीकी खराबी आने से करीब 300 पर्यटक बीच हवा में फंस गए। करीब सात घंटे तक चले रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद सभी यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया।

रोपवे के 65 केबिन दोपहर करीब 1.30 बजे बीच हवा में रुक गए थे। कुछ केबिन जमीन से करीब 500 फीट की ऊंचाई पर थे। एक केबिन में 6 लोग बैठ सकते हैं। भारी बारिश के बीच SDRF, NDRF, सेना और पुलिस ने जॉइंट ऑपरेशन चलाया।

शाम 8.30 बजे रेस्क्यू खत्म हुआ। भारतीय सेना ने 𝕏 पर बताया कि शुरुआती पांच घंटों में 179 पर्यटकों को निकाला गया था। ज्यादातर लोगों को रस्सियों और सीढ़ियों के सहारे नीचे उतारा गया। इनमें कई महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग भी थे।

गुलमर्ग गोंडोला दो फेज में बंटा है। पहला फेज गुलमर्ग को कोंगडोरी से जोड़ता है। दूसरा फेज कोंगडोरी से अफरवात स्टेशन तक जाता है। दोनों रूट में कुल 108 केबिन कार हैं। श्रीनगर से गुलमर्ग गोंडोला की दूरी 51 किमी है।

### 24 घंटे में दूसरी बार तकनीकी खराबी

गुलमर्ग गोंडोला में रविवार को भी तकनीकी गड़बड़ी आई थी, हालांकि मरम्मत के बाद सोमवार को सेवा दोबारा शुरू कर दी गई थी। 24 घंटे के भीतर दूसरी बार फिर से तकनीकी खराबी आ गई, जिससे सैकड़ों पर्यटक फंस गए।

## अमेरिकी विदेश मंत्री आमेर महल में घूमे घूमर, कालबेलिया और कच्छी घोड़ी डांस देखा

जयपुर



अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो पत्नी जेनेट डी. रूबियो के साथ आमेर महल घूमे। आमेर महल के जलेब चौक में उनका पारंपरिक राजस्थानी अंदाज में स्वागत किया गया। लोक कलाकारों ने घूमर, कालबेलिया और कच्छी घोड़ी डांस किया। आमेर महल घूमने के बाद मार्को रूबियो पत्नी के संग होटल रामबाग में पहुंचे। जयपुर एयरपोर्ट पर विमान से उतरने के बाद उन्होंने कहा- 'हैव फन'। उनके साथ अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर भी थे। जयपुर के गाइड महेश शर्मा ने उन्हें आमेर के शीश महल, गणेश पोल, दीवाने आम, दीवाने खास, सुख निवास और मावठा झील के बारे में जानकारी दी।

मार्को रूबियो की विजिट के चलते आमेर महल को चार घंटे तक (दोपहर 1 से शाम 5 बजे तक) पर्यटकों के लिए बंद रखा गया था। मार्को रूबियो को हाथी गांव भी जाना था, लेकिन बाद में यहां जाने का प्रोग्राम रद्द कर दिया। इससे पहले, मार्को रूबियो दोपहर करीब डेढ़ बजे विशेष विमान से आगरा से जयपुर एयरपोर्ट पर पहुंचे।

### नीट पेपर लीक मामले पर सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र और एनटीए को नोटिस भेजा

## दुखद है कि एनटीए ने कोई सबक नहीं सीखा

नई दिल्ली




नीट यूजी पेपर लीक मामले को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी पर कड़ी टिप्पणी की। अदालत ने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि एजेंसी ने पिछले साल सामने आए पेपर लीक विवाद से कोई सबक नहीं लिया। कोर्ट ने केंद्र सरकार, एनटीए और सीबीआई से इस मामले में जवाब मांगा है।

जस्टिस पीएस नरसिम्हा और जस्टिस आलोक अराधे की बेंच सोमवार को फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया मेडिकल एसोसिएशन, यूनाइटेड डॉक्टर्स फ्रंट और अन्य याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी। इस दौरान उन्होंने कहा, यह मामला 2024 में भी सुप्रीम कोर्ट तक पहुंचा था। तब एक कमेटी बनाई गई थी, जिसने कई सिफारिशें दीं, जिन्हें स्वीकार भी किया गया था।

जस्टिस पी.एस. नरसिम्हा और जस्टिस आलोक अराधे की पीठ ने एनटीए को निर्देश दिया कि वह 2024 में सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिए गए निर्देशों और सिफारिशों पर अब तक उठाए गए कदमों का विस्तृत हलफनामा गुरुवार तक दाखिल करे। अदालत ने कहा कि पहले भी यह मामला सुप्रीम कोर्ट तक पहुंचा था, जिसके बाद एक मॉनिटरिंग कमेटी बनाई गई थी और उसकी सिफारिशों को स्वीकार भी किया गया था।

### एनटीए को बदलने की मांग

यह मामला फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया मेडिकल एसोसिएशन (FAIMA) की याचिका पर सुनवाई के दौरान सामने आया। संगठन ने मांग की है कि नीट यूजी जैसी बड़ी परीक्षा कराने के लिए मौजूदा व्यवस्था की जगह एक मजबूत और स्वायत्त संस्था बनाई जाए।

## अभिषेक बनर्जी के आवास पर छापेमारी, कंप्यूटर समेत कई दस्तावेज किए जब्त

कोलकाता

तृणमूल कांग्रेस के कद्दावर नेता, राष्ट्रीय महासचिव और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के भतीजे अभिषेक बनर्जी के कोलकाता स्थित निजी आवास पर पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों की टीमों ने अचानक एक बड़ी छापामार कार्रवाई को अंजाम दिया है। इस हाई-प्रोफाइल कार्रवाई के दौरान अभिषेक बनर्जी के घर के बाहर और आसपास के पूरे इलाके में भारी मात्रा में पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। अचानक हुई इस प्रशासनिक घेराबंदी से पूरे राज्य के राजनीतिक हलकों में कयासों और तीखी बहसों का दौर बेहद तेज हो गया है। यह पूरी कार्रवाई कोलकाता के पॉश इलाके में स्थित 188ए हरीश मुखर्जी रोड वाले अभिषेक बनर्जी के मुख्य आवास पर सोमवार दोपहर को की गई।

तलाशी अभियान पूरा होने के बाद बाहर निकली पुलिस की टीमें अपने साथ कंप्यूटर मॉनिटर, इलेक्ट्रॉनिक डिवाइसेज, सीपीयू और कई अन्य महत्वपूर्ण फाइलों व विधिक दस्तावेजों को जब्त कर अपने साथ लेकर रवाना हुई हैं।

## एक महीने चौथी बार बढ़े पेट्रोल-डीजल के दाम

नई दिल्ली



पश्चिम एशिया संकट के बीच सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने पेट्रोल और डीजल की कीमतों में आज एक बार फिर इजाफा किया है।

तेल कंपनियों ने पेट्रोल की कीमत 2.61 रुपये प्रति लीटर, जबकि डीजल के दाम 2.71 रुपये प्रति लीटर बढ़ाये हैं। पिछले 10 दिन में यह चौथी बढ़ोतरी हैं। नई दरें लागू हो गई हैं।

इंडियन ऑयल के वेबसाइट के मुताबिक राष्टीरय राजधानी दिल्ली में पेट्रोल की कीमत 2.61 रुपये प्रति लीटर बढ़कर 102.12 रुपये प्रति लीटर हो गई है, जो पहले 99.51 रुपये प्रति लीटर थी। वहीं, डीजल के दाम 2.71 रुपये बढ़कर 95.20 रुपये प्रति लीटर पर पहुंच गए हैं, जो पहले 92.49 रुपये प्रति लीटर था। इसके अलावा कोलकाता में पेट्रोल 113.51 रुपये प्रति लीटर पर पहुंच गया है, जहां 2.87 रुपये की बढ़ोतरी हुई है। मुंबई में इसका भाव 111.21 रुपये प्रति लीटर हो गया है, जबकि चेन्नई में कीमत 107.77 रुपये प्रति लीटर पर पहुंच गई। इसी तरह कोलकाता में डीजल की कीमत 99.82 रुपये प्रति लीटर हो गई है। मुंबई में डीजल का दाम 97.83 रुपये प्रति लीटर पहुंच गया। विशेषज्ञों का कहना है कि पेट्रोल-डीजल की कीमतों में की गई यह वृद्धि वैश्विक कच्चे तेल की ऊंची कीमतों और रुपये में कमजोरी के बीच की गई है।

वैश्विक कच्चे तेल की कीमत बढ़ने और रुपये के कमजोर होने से तेल विपणन कंपनियों की आयात लागत पर दबाव बढ़ा है। इससे पहले शनिवार को पेट्रोल और डीजल के दाम में 87 पैसे और 91 पैसे प्रति लीटर तक की बढ़ोतरी हुई थी।

## डिलीवरी के समय महिलाओं को लगने वाले इंजेक्शन पर रोक

जयपुर

ड्रग कंट्रोल डिपार्टमेंट ने आज एक इंजेक्शन की जांच रिपोर्ट फेल आने के बाद उस इंजेक्शन की बिक्री और उपयोग पर रोक लगाई है। ये इंजेक्शन महिलाओं को डिलीवरी के समय लगाया जाता है, ताकि प्रसव पीड़ा शुरू हो सके। साथ ही बच्चे के जन्म के बाद गर्भाशय से होने वाली अत्याधिक ब्लीडिंग (रक्तस्त्राव) को रोका जा सके। ड्रग कंट्रोलर अजय फाटक ने बताया- मैसर्स जैक्सन लेबोरेट्रिज प्रा.लि. (अमृतसर, पंजाब) का बाजार में बिकने वाला इंजेक्शन TOCIN (ऑक्सीटोसिन इंजेक्शन 5ml) का सैंपल जांच में फेल साबित हुआ है। इजेक्शन में मौजूद ऑक्सीटोसिन कॉम्पोनेंट पर्याप्त मात्रा में नहीं मिला है।

उन्होनें बताया- इंजेक्शन के पर्याप्त मात्रा में कॉम्पोनेंट नहीं होने से ये उपयोग में हानिकारक हो सकता है। इसे देखते हुए हमने इस कंपनी के इस इजेंक्शन के बैच को बाजार में बिक्री और उपयोग के लिए रोक लगा दी है। साथ ही कंपनी की तरफ से बनाई जाने वाली दूसरी दवाईयों और इसी इंजेक्शन के अन्य बैच के सैंपल भी जांचने के निर्देश दिए है।

## राष्ट्रपति मुर्मू ने 66 हस्तियों को पद्म पुरस्कार से सम्मानित किया

### धर्मेन्द्र को मरणोपरांत पद्म विभूषण

### महिला क्रिकेटर हरमनप्रीत को पद्मश्री

नई दिल्ली





राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 66 हस्तियों को पद्म पुरस्कार से सम्मानित किया है। सबसे पहले दिवंगत फिल्म स्टार धर्मेन्द्र को पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया। उनकी पत्नी एक्ट्रेस-सांसद हेमा मालिनी ने यह सम्मान लिया।

महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत को पद्मश्री से सम्मानित किया गया। उनकी लीडरशिप में इसी साल टीम ने वनडे वर्ल्डकप जीता था।

साल 2026 में कुल 131 हस्तियों को पद्म पुरस्कार दिए जाने हैं, 65 विजेताओं को अगले फेज में सम्मानित किया जाएगा, जिसकी तारीखें अभी सामने नहीं आई हैं।

पुडुचेरी के प्रसिद्ध सिलंबम गुरु के. पजनीवेल को भारत में पारंपरिक मार्शल आर्ट में उनके योगदान के लिए पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित किया गया। सम्मान लेने जाने से पहले उन्होंने जमीन पर लेटकर पीएम मोदी को प्रणाम किया।

### राजस्थान की तीन हस्तियां भी पद्म पुरस्कारों से सम्मानित

इस अवसर पर राजस्थान के तीन विशिष्ट व्यक्तित्वों को भी वर्ष 2026 के पद्मश्री सम्मान से सम्मानित किया है। इनमें लोक कला और समाज सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले कलाकार एवं समाजसेवी शामिल हैं। कला क्षेत्र में गफरुद्दीन मेवाती जोगी और तगाराम भील को, जबकि समाज सेवा के क्षेत्र में स्वामी ब्रह्मदेव जी महाराज को देश के चौथे सर्वोच्च नागरिक सम्मान पद्म से सम्मानित किया गया।

गफरुद्दीन मेवाती जोगी को मेवाती लोक संगीत और पारंपरिक लोक विधाओं को संरक्षित एवं विश्व स्तर पर पहचान दिलाने के लिए यह सम्मान प्रदान किया गया। वे पिछले कई दशकों से अधिक समय से भपंग वादन की परंपरा को जीवित रखने में जुटे हुए हैं।

जैसलमेर निवासी तगाराम भील को भी लोक कला के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए पद्म सम्मान प्रदान किया गया है। भील समुदाय से आने वाले तगाराम भील राजस्थान के प्रसिद्ध अलगोजा वादकों में शामिल हैं।

श्रीगंगानगर के स्वामी ब्रह्मदेव जी महाराज को समाज सेवा के क्षेत्र में राष्ट्रपति द्वारा पद्म सम्मान से नवाजा गया है। वे लंबे समय से शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं के माध्यम से समाज कल्याण के कार्यों में सक्रिय हैं।

## राजस्थान, हिमाचल में राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं की गडकरी ने की समीक्षा

नई दिल्ली



केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने सोमवार को राजस्थान और हिमाचल प्रदेश में राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं की गुणवत्ता और रखरखाव की स्थिति की व्यापक समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों और ठेकेदारों को समयबद्ध तरीके से परियोजनाओं को पूरा करने, गुणवत्ता मानकों का सख्ती से पालन करने और आधुनिक तकनीकों व निर्माण पद्धतियों को अपनाने के निर्देश दिए।

सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने बताया कि यहां हुई इस बैठक केंद्रीय राज्यमंत्री अजय टम्टा और हर्ष मल्होत्रा, एनएचएआई और मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी तथा परियोजना ठेकेदार शामिल हुए। बैठक में गडकरी ने राजस्थान में 10,064 किलोमीटर लंबे राष्ट्रीय राजमार्ग नेटवर्क की गुणवत्ता और रखरखाव की स्थिति का आकलन किया। वहीं, हिमाचल प्रदेश में 1,947 किलोमीटर लंबे राष्ट्रीय राजमार्गों की प्रगति और रखरखाव की समीक्षा की गई। मंत्री ने परियोजनाओं के समयबद्ध क्रियान्वयन, गुणवत्ता मानकों का सख्ती से पालन और आधुनिक तकनीकों व निर्माण पद्धतियों को अपनाने पर जोर दिया। गडकरी ने अधिकारियों को मानसून से पहले व्यापक तैयारी करने के निर्देश दिए। इसमें प्रभावी जल निकासी प्रबंधन, ढलानों की सुरक्षा, सक्रिय रखरखाव और त्वरित प्रतिक्रिया तंत्र शामिल हैं, ताकि बारिश के दौरान यातायात बाधित न हो, सड़क सुरक्षा बनी रहे और लंबे समय तक राजमार्गों की स्थायित्व सुनिश्चित हो सके।

# कांग्रेस गांधीवादी मूल्यों के बजाय गालियों वाली पार्टी बन गई है: पूनावाला

## –मुसलमान के साथ अन्याय वाले राहुल गांधी के बयान पर बीजेपी का पलटवार





**नई दिल्ली (एजेंसी)।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने पार्टी के मुस्लिम नेताओं से बैठक में एक ऐसी बात कह दी, जिसे लेकर सियासी पारा चढ़ गया है। उन्होंने मुस्लिम नेताओं को अपने समुदाय से जुड़े मुद्दों को मुखरता से उठाने और उनका प्रतिनिधित्व बढ़ाने की दिशा में काम करने का आग्रह किया।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक पार्टी के अल्पसंख्यक विभाग की सलाहकार परिषद की बैठक में राहुल गांधी ने कहा, कि अगर किसी मुसलमान के साथ अन्याय होता है तो उन्हें केवल 'अल्पसंख्यक' समूह के सदस्य के रूप में नहीं, बल्कि विशेष रूप से एक 'मुसलमान' के रूप में अपनी आवाज उठानी चाहिए। इसी के साथ राहुल गांधी ने पार्टी नेताओं के साथ बैठक में इस बात पर भी जोर दिया कि अगर दलितों, ओबीसी या सामान्य वर्ग के सदस्यों पर हमले होते हैं तो उस विशिष्ट समुदाय की स्पष्ट रूप से पहचान करके इस मुद्दे को उठाया जाना चाहिए। कांग्रेस नेता ने जिस तरह से मुसलमानों के संदर्भ अपनी बात रखी उस पर राजनीति गरमा गई। बीजेपी प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने राहुल गांधी पर सीधा हमला बोला।

पूनावाला ने कहा कि राहुल गांधी के इस कमेंट से कांग्रेस और उनके नेता के माइंडसेट का पता चलता है। इससे ये भी साफ होता है कि कांग्रेस मुस्लिमों की पार्टी है। बीजेपी नेता ने कहा कि हिंदू को दो गाली, मुस्लिम की लो ताली, ये है वोट बैंक की कांग्रेस की प्रणाली। उन्होंने अपनी बात रखते हुए केरल के नए सीएम सतीशन का भी जिक्र किया। बीजेपी प्रवक्ता पूनावाला ने आगे कहा कि कांग्रेस गांधीवादी मूल्यों के बजाय गालियों वाली पार्टी बन गई है। राहुल गांधी ने हाल ही में पीएम मोदी को गद्दार कहा था, जिसके बाद उनके करीबी सहयोगी अजय राय ने कथित तौर पर पीएम मोदी के खिलाफ गलत भाषा का इस्तेमाल किया। बाद में उन्होंने दावा किया कि ऐसा एआई या अन्य कारणों से हुआ था। उनके पिछले रिकॉर्ड को देखें, तो वह गलत भाषा से भरा हुआ है। ऐसा कहा जा रहा है कि कांग्रेस ने पीएम मोदी के खिलाफ 150 से ज्यादा गलत टिप्पणियां की हैं, क्योंकि वह ओबीसी और गरीब पृष्ठभूमि से आते हैं। इसी वजह से उन्हें निशाना बनाया जा रहा है।

# भारत–ओमान सेना प्रशिक्षण से रणनीतिक रक्षा साझेदारी को मिलेगी और मजबूती

नई दिल्ली (एजेंसी)। भारत और ओमान ने ओमान के सुल्तान के सशस्त्र बलों के कर्मियों के लिए दो भारतीय मोबाइल प्रशिक्षण टीमों द्वारा आयोजित एक विशेष सैन्य प्रशिक्षण पहल के जरिए अपनी बढ़ती रणनीतिक रक्षा साझेदारी को मजबूत किया। पश्चिम एशिया में जारी संकट के बीच आयोजित इन प्रशिक्षण कार्यक्रमों का नेतृत्व एकीकृत रक्षा स्टाफ मुख्यालय के अधिकारियों ने भारतीय सेना, नौसेना और वायु सेना के कर्मियों के साथ मिलकर किया। इस पहल का मुख्य उद्देश्य परिचालन समन्वय और संयुक्त रसद तैयारियों पर ध्यान केंद्रित करना था। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक एकीकृत रक्षा स्टाफ के मुख्यालय ने अपने एक्स हैंडल पर पोस्ट करते हुए लिखा– भारत–ओमान रक्षा सहयोग को सुदृढ़ बनाना भारतीय रक्षा मुख्यालय और तीनों सेनाओं के अधिकारियों से युक्त दो भारतीय मोबाइल प्रशिक्षण दल ने ओमान के सुल्तान की सशस्त्र सेना के कर्मियों के लिए सफलतापूर्वक प्रशिक्षण आयोजित किया। ओमान की शाही सेना, शाही नौसेना, शाही वायु सेना और रक्षा मंत्रालय के करीब 110 अधिकारियों ने परिचालन और संयुक्त रसद प्रशिक्षण में भाग लिया, जिससे अंतर–संचालनीयता और भारत–ओमान रणनीतिक साझेदारी को सुदृढ़ किया। यह घटनाक्रम विदेश मंत्री एस जयशंकर द्वारा 18 मई को ओमान के विदेश मंत्री सैय्यद बदर बिन हमद अल बुसैदी से हुई टेलीफोन पर बातचीत के कुछ दिनों बाद सामने आया है। दोनों नेताओं ने पश्चिम एशिया संकट से संबंधित हालिया घटनाक्रमों के साथ–साथ भारत और ओमान के बीच द्विपक्षीय सहयोग पर बात की थी।

# 10 साल पुराने तिहरे हत्याकांड में 19 आरोपियों को उम्रकैद, परिवार को मिला न्याय

नबरंगपुर (एजेंसी)। ओडिशा के नबरंगपुर जिले में 2016 के चर्चित तिहरे हत्याकांड और आगजनी मामले में कोर्ट ने 19 दोषियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। यह मामला करीब 10 साल पुराना है, जिसने उस समय पूरे इलाके में सनसनी फैला दी थी। कोर्ट ने सुनवाई के दौरान हत्या, आपराधिक साजिश और सबूत मिटाने जैसे गंभीर आरोपों को साबित मानते हुए सभी दोषियों को उम्रकैद की सजा सुनाई। फैसले के बाद पीड़ित परिवार ने कोर्ट के फैसले का स्वागत किया और कहा कि उन्हें न्याय मिल गया। जानकारी के मुताबिक साल 2016 में गांव में हिंसक झड़प के दौरान तीन लोगों की बेरहमी से हत्या कर दी गई थी। आरोपियों ने वारदात को अंजाम देने के बाद इलाके में आगजनी भी की थी ताकि सबूत नष्ट कर सकें। पुलिस जांच में सामने आया था कि पुरानी रंजिश और अंधविश्वास इस घटना की मुख्य वजह थे। घटना के बाद इलाके में तनाव फैल गया और बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात करना पड़ा था। पुलिस ने जांच में कई लोगों को गिरफ्तार किया और बाद में उनके खिलाफ कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की। मामले की सुनवाई लंबे समय तक चली, जिसमें अभियोजन पक्ष ने प्रत्यक्षदर्शियों और फोरेंसिक साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों के खिलाफ मजबूत दलीलें पेश कीं। कोर्ट ने माना कि दोषियों ने सुनियोजित तरीके से अपराध को अंजाम दिया था। रिपोर्ट के मुताबिक सुनवाई के दौरान बचाव पक्ष ने आरोपों को खारिज करने की कोशिश की, लेकिन अदालत ने उपलब्ध साक्ष्यों को पर्याप्त माना। फैसले के दौरान कोर्ट परिसर में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे, क्योंकि मामला काफी संवेदनशील था। कोर्ट के फैसले को राज्य में कानून व्यवस्था और न्यायिक प्रक्रिया के लिहाज से अहम माना जा रहा है। लोगों का कहना है कि इतने सालों बाद आए इस फैसले से पीड़ित परिवार को राहत मिली है।

# गढ़चिरौली के जंगल में छिपी हथियार फैक्ट्री मिली, आठ माओवादी गिरफ्तार

गढ़चिरौली (एजेंसी)। महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जिले में पुलिस ने जंगल में छिपाई माओवादियों की हथियार बनाने और स्टोर करने वाली फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया। यह कार्रवाई 卐ऑपरेशन अंतिम प्रहार卐 के तहत की गई, जो सरेंडर कर चुके माओवादियों से मिली जानकारी के आधार पर की गई। सर्च ऑपरेशन में पुलिस को लेथ मशीन, पाइप, जनरेटर, बैटरी, ड्रिलिंग मशीन, सोलर पैनल और विस्फोटक सामग्री बनाने के उपकरण मिले। सुरक्षा बलों ने मौके पर ही सभी सामान को नष्ट कर दिया। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक ऑपरेशन के दौरान एके–47, इंसास, एसएलआर समेत 51 हथियार, भारी मात्रा में गोला–बारूद, डेटोनेटर और 65 लाख रुपए से ज्यादा नकदी बरामद हुई। पुलिस का कहना है कि इस कार्रवाई के बाद जिले में वांटेड माओवादियों की सूची लगभग खत्म हो गई है। गढ़चिरौली पुलिस और सीआरपीएफ ने इस अभियान में आठ माओवादियों को गिरफ्तार किया और पांच सीनियर कैडर ने सरेंडर किया। गिरफ्तार लोगों में कई बड़े माओवादी नेता शामिल हैं।

# कोलकाता एयरपोर्ट मस्जिद शिफ्टिंग पर निर्णायक मंथन तेज

## - 136 साल पुरानी गौरीपुर जामा मस्जिद को हटाने या स्थानांतरित करने पर चर्चा जारी

नई दिल्ली (एजेंसी)। पश्चिम बंगाल में बदलते राजनीतिक माहौल के बीच कोलकाता के नेताजी सुभाष चंद्र बोस इंटरनैशनल एयरपोर्ट परिसर में स्थित 136 साल पुरानी गौरीपुर जामा मस्जिद को हटाने या स्थानांतरित करने का मामला फिर से गरमा गया है। एयरपोर्ट अथॉरिटी, जिला प्रशासन और मस्जिद कमेटी के बीच लगातार हो रही बैठकों के बाद बकरीद के बाद इस पर कोई बड़ा और निर्णायक फैसला आने की संभावना है। यह घटनाक्रम सिर्फ एक धार्मिक स्थल या हवाईअड्डे के विस्तार का मुद्दा नहीं है, बल्कि इसे बंगाल की बदलती राजनीति का एक महत्वपूर्ण संकेत भी माना जा रहा है, जहां वर्षों से लंबित संवेदनशील मामलों को अब गति मिल रही है। रिपोर्ट्स के अनुसार यह मस्जिद एयरपोर्ट की बाउंड्री वॉल से लगभग 150 मीटर अंदर और सेकेंडरी रनवे से मात्र 165 मीटर की दूरी पर स्थित है। इस निकटता के कारण सेकेंडरी रनवे का पूरा उपयोग नहीं हो पा रहा है, जो हवाईअड्डे की सुरक्षा और परिचालन क्षमता के लिए एक चुनौती है। भाजपा लंबे समय से सुरक्षा और इंफ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं को प्राथमिकता देती रही है और अब राज्य एवं केंद्र की सोच में तालमेल दिखने से ऐसे कई पुराने और विवादित प्रोजेक्ट्स को गति मिल सकती है।

# तकनीकी खराबी के बाद प्रशिक्षण विमान की इमरजेंसी लैंडिंग

अलीगढ (एजेंसी)। उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ जिले में रविवार सुबह एक बड़ा विमान हादसा टल गया, जब प्रशिक्षण उड़ान पर निकले एक विमान में अचानक तकनीकी खराबी आ गई। स्थिति गंभीर होते देख पायलटों ने जलाली क्षेत्र के पास विमान की आपातकालीन लैंडिंग कराई। जानकारी के अनुसार धनीपुर एयरपोर्ट से पायनियर कंपनी का ट्रेनिंग एयरक्राफ्ट नियमित प्रशिक्षण उड़ान पर रवाना हुआ था। उड़ान भरने के कुछ ही समय बाद विमान में तकनीकी समस्या आ गई। सुबह करीब 11 बजे पायलटों ने सूझबूझ और सतर्कता दिखाते हुए विमान को सुरक्षित नीचे उतार लिया। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के इलाके में अफरा–तफरी मच गई और मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। राहत की बात यह रही कि विमान में सवार दोनों पायलट पूरी तरह सुरक्षित हैं।

# बारामूला में सुरक्षाबलों की बड़ी कार्रवाई, आतंकी ठिकाने से भारी मात्रा में गोला–बारूद बरामद

श्रीनगर (एजेंसी)। जम्मू–कश्मीर के बारामूला जिले में सुरक्षाबलों ने आतंकियों के एक छिपे ठिकाने का पर्दाफाश किया है। इसी के साथ ही बड़ी मात्रा में गोला–बारूद बरामद किया गया है। यह कार्रवाई निलसर कांडी इलाके में संयुक्त तलाशी अभियान के दौरान की गई। आधिकारिक जानकारी के अनुसार बारामूला पुलिस, 52 राष्ट्रीय राइफल्स और सीआरपीएफ की टीम ने इलाके में सर्च ऑपरेशन चलाया। तलाशी के दौरान सुरक्षाबलों को 14 राउंड ओजी–7वी रॉकेट प्रोपेल्ड ग्रेनेड अमुनिशन तथा 09 राउंड पीजी–7पी रॉकेट प्रोपेल्ड ग्रेनेड अमुनिशन बरामद हुए। सुरक्षा एजेंसियां बरामद सामग्री की जांच कर रही हैं।

# केदारनाथ धाम में श्रद्धालुओं की भारी भीड़: 11 घंटे का लंबा इंतजार और दर्शन सिर्फ डेढ़-दो सेकंड के



**देहरादून (एजेंसी)।** चारधाम यात्रा के दौरान केदारनाथ धाम में इस समय रिकॉर्ड संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। भारी भीड़ के कारण भक्तों को दर्शन के लिए 10 से 11 घंटे तक लंबी कतारों में इंतजार करना पड़ रहा है। कड़ाके की ठंड और भीड़ के दबाव के बीच श्रद्धालुओं को गर्भगृह में केवल डेढ़ से दो सेकंड तक ही रुकने का अवसर मिल पा रहा है।

जानकारी अनुसार हर दिन करीब 25 हजार से 30 हजार श्रद्धालुओं के पहुंचने से प्रशासन और मंदिर समिति के सामने व्यवस्थाएं संभालना बड़ी चुनौती बन गया है। भीड़ के चलते गुप्तकाशी से सोनप्रयाग तक 27 किलोमीटर के रास्ते पर लगातार जाम की स्थिति बनी हुई है। श्रद्धालुओं को यह दूरी तय करने में 5 से 6 घंटे तक का समय लग रहा है। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए प्रशासन ने कई स्थानों पर बैरिकेडिंग और ट्रैफिक नियंत्रण व्यवस्था लागू की है, लेकिन यात्रियों की संख्या लगातार बढ़ने से दबाव बना हुआ है।

### दर्शन का समय बढ़ाकर 22 घंटे किया

श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या को देखते हुए बद्रीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति ने मंदिर में दर्शन का समय बढ़ाकर लगभग 22 घंटे कर दिया है। भीड़ को व्यवस्थित करने के लिए टोकन व्यवस्था भी लागू की गई है, हालांकि कई बार यात्रियों की अनियंत्रित संख्या के कारण यह व्यवस्था प्रभावी साबित नहीं हो पा रही है।

### श्रद्धालुओं के लिए जरूरी सुझाव

श्रद्धालु चारधाम यात्रा पर जाने से पहले उत्तराखंड पर्यटन विभाग के आधिकारिक पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन अवश्य ही करवाएं। जो यात्री लंबी पैदल यात्रा या भीड़ से बचना चाहते हैं, वे आईआरसीटीसी की हेलीयात्रा सेवा के माध्यम से हेलीकॉप्टर टिकट बुक कर सकते हैं। इसी के साथ ही श्रद्धालु विशेष पूजा या वीआईपी दर्शन सुविधा का लाभ भी ले सकते हैं, जिससे लंबी कतारों से बचने में मदद मिल सकती है। मंदिर प्रशासन के अनुसार तड़के सुबह या दोपहर में कपाट बंद होने के बाद शाम के समय दर्शन के लिए अपेक्षाकृत कम भीड़ रहती है। ऐसे समय में श्रद्धालुओं को अधिक सुविधा मिल सकती है।

# देश में बीजेपी के उभरने की असली वजह कांग्रेस की कमजोरियां हैं: उदयनिधि

## – कांग्रेस पर कभी भरोसा नहीं करना चाहिए, हमारे से उन्होंने धोखा किया



**चेन्नई (एजेंसी)।** तमिलनाडु में डीएमके नेता उदयनिधि स्टालिन ने कांग्रेस पर हमला बोला। यह विवाद तब शुरू हुआ जब कांग्रेस ने सीएम सी जोसेफ विजय की पार्टी टीवीके के नेतृत्व वाली सरकार को अपना समर्थन दिया। उदयनिधि ने पार्टी के एक कार्यक्रम में कहा कि डीएमके को कांग्रेस पर दोबारा कभी भरोसा नहीं करना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि डीएमके कार्यकर्ताओं की मेहनत और एमके स्टालिन के नेतृत्व की वजह से सीटें जीतने के बावजूद कांग्रेस नेताओं में बुनियादी अहसानमंदी और शिष्टाचार की कमी है।

उदयनिधि ने धोखा देने का आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस के पांच विधायकों की जीत डीएमके कार्यकर्ताओं की वजह से हुई। जनता ने उन्हें इसलिए वोट दिया क्योंकि वे एमके स्टालिन को सीएम बनाना चाहते थे, लेकिन आज कुछ पदों के लालच में वे हमें बिना बताए ही भाग गए। हमें कांग्रेस पर कभी भरोसा नहीं करना चाहिए। तमिलनाडु की जनता बहुत जल्द उन्हें करारा जवाब देगी।

उन्होंने पूरे देश में बीजेपी के आगे बढ़ने के लिए भी कांग्रेस को ही जिम्मेदार ठहराया। उदयनिधि ने कहा कि पहले मुझे लगता था कि देश में बीजेपी की जीत की वजह पीएम मोदी और शाह हैं। लेकिन अब यह साफ हो गया है कि भारत में बीजेपी के उभरने की असली वजह कांग्रेस की कमजोरियां हैं। हमारे नेता एमके स्टालिन ने पिछले चुनावों में कांग्रेस को अपने कंधों पर उठाया था, लेकिन उन्होंने हमारे साथ धोखा किया। यह बयान डीएमके और कांग्रेस के बीच लगातार बढ़ रही कड़वाहट दिखाता है। डीएमके बैठक में कुछ प्रस्ताव भी पास किए गए, जिनमें कांग्रेस को पीठ में छुरा घोंपने वाला और सहयोगियों की मेहनत पर पलने वाला जोंक बताया गया। इसके साथ ही, उदयनिधि ने अपनी पार्टी के युवा कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे नए और पहली बार वोट देने वाले युवाओं के बीच जाकर उन्हें राजनीति के प्रति जागरूक करें।

वहीं दूसरी ओर डीएमके अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने दावा किया है कि टीवीके सरकार अपना पांच साल का कार्यकाल पूरा नहीं कर पाएगी। स्टालिन ने कहा कि उनके पास कुल 120 विधायकों का ही समर्थन है। अपनी संख्या बढ़ाने के लिए उन्होंने एआईएडीएमके को तोड़ने की कोशिश की लेकिन वे नाकाम रहे। उनकी हालत आज दीवार पर बैठी बिल्ली जैसी है। यह सरकार किसी भी दिन गिर जाएगी। एमके स्टालिन ने उन वामपंथी और अन्य क्षेत्रीय दलों की भी आलोचना की, जो पहले सरकार को बाहर से समर्थन दे रहे थे लेकिन अब मंत्रिमंडल में शामिल हो गए हैं। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि जैसे बच्चे कुछ ही दिनों में नए खिलौनों से ऊब जाते हैं, वैसे ही तमिलनाडु के लोग भी इस अभिनेता के शासन से ऊब जाएंगे। तब वे दोबारा हमारे पास वैसे ही लौटेंगे, जैसे बच्चे अपनी मां के पास लौटते हैं।

# तमिलनाडु में 3246 बदमाश हिरासत में, 419 ड्रग तस्कर गिरफ्तार

चेन्नई (एजेंसी)। तमिलनाडु पुलिस ने 3246 बदमाशों को हिरासत में लिया और 419 ड्रग तस्करों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई पिछले तीन दिनों में चलाए गए विशेष अभियान के दौरान की गई। अभियान के दौरान पुलिस ने 15,349 लोगों की जांच की। इनमें 12,650 हिस्ट्रीशीटर और 2,699 गैर–हिस्ट्रीशीटर शामिल थे। इनमें 844 लोगों को कई कानूनी धाराओं के तहत ज्यूडिशियल कस्टडी में भेजा गया। तमिलनाडु के सीएम पद की शपथ लेने के 48 घंटे के अंदर विजय ने चार बड़े फैसले लिए थे। इनमें तमिलनाडु के हर जिले में करीब 65 एंटी–ड्रग टास्क फोर्स बनाने का फैसला शामिल था।

पुलिस महानिदेशक कार्यालय की ओर से जारी बयान में कहा गया कि यह अभियान तमिलनाडु के मुख्यमंत्री के निर्देश पर चलाया गया। तमिलनाडु सरकार के निर्देश पर पुलिस राज्य में शांति और लोगों की सुरक्षा बनाए रखने के लिए काम कर रही है। पुलिस बदमाशी, ड्रग्स और अन्य नशीले पदार्थों के कारोबार पर सख्ती से कार्रवाई करने के लिए प्रतिबद्ध है।

# सीएम विजय ने कैबिनेट में 8 दलित विधायकों को शामिल कर बनाया रिकॉर्ड

## –यह तमिलनाडु की राजनीति में प्रतिनिधित्व पर आधारित नए युग की शुरुआत




**चेन्नई (एजेंसी)।** तमिलनाडु में डीएमके को सत्ता से हटाकर टीवीके ने सबको हैरान कर दिया। थलपति विजय ने जब से सीएम पद की शपथ ली, तब से वह लगातार चर्चा में हैं। अब उनके कैबिनेट विस्तार की चर्चा हो रही है। यह चर्चा है कैबिनेट में अनुसूचित जाति के मंत्रियों की संख्या को लेकर है। तमिलनाडु के इतिहास में अब तक की सबसे बड़ी कैबिनेट है। यह बढ़ोतरी, विजय के कार्यकाल के पहले साल में उनके बढ़ते जनादेश को दर्शाती है। इसके साथ ही कैबिनेट में सबसे ज्यादा एससी मंत्रियों को शामिल करने का एक और रिकॉर्ड दर्ज हुआ है।

थलपति विजय की कैबिनेट में अनुसूचित जाति के 8 विधायक शामिल हैं। विजय की कैबिनेट को ऐतिहासिक कहा जा रहा है। सरकार के दृष्टिकोण से 23 नए मंत्रियों को शामिल करना, सामाजिक समावेश और संतुलित प्रतिनिधित्व को बढ़ाने की दिशा में उठाया गया एक कदम है। जानकारों का मानना है कि तमिलनाडु की पिछली कैबिनेट की तुलना में यह एक बड़ा बदलाव है, खासकर जब अनुसूचित जाति के प्रतिनिधित्व की बात आती है। कैबिनेट का हालिया विस्तार जाति संतुलन, क्षेत्रीय प्रतिनिधित्व, सहयोगी दलों को जगह देने और युवा प्रतिभाओं को शामिल करने का एक बेहतरीन मेल है। सीएम विजय समेत 35 सदस्यों तक पहुंचने के साथ, मंत्रिपरिषद की संख्या में अब बढ़ोतरी हुई है।

विजय की कैबिनेट में शामिल 8 अनुसूचित जाति के विधायक हैं जिनमें एस कमाली, वी गांधीराज, पी मथन राजा, डी लोगेश तमिलसेल्वन, के थेन्नारासु, पी विश्वनाथन, ए राजमोहन, वन्नी अरसु इनमें अनुभवी विधायकों के साथ-साथ राजनीति में अपेक्षाकृत नए चेहरे भी शामिल हैं, और यह महत्वपूर्ण मंत्रालयों में एससी प्रतिनिधित्व के लिए एक अच्छा संकेत है। 22 मई को मंत्रियों को शामिल करने के बीच ए एम शाहजहां (आईयूएमएल) और वन्नी अरसु (वीसीके) ने चेन्नई के राजभवन में मंत्री पद की शपथ ली। पापनासम सीट से आने वाले शाहजहां को अल्पसंख्यक कल्याण विभाग सौंपा गया है। वे एक समाज सेवक और एक चैरिटेबल ट्रस्ट के संस्थापक भी हैं। वे लंबे समय से तंजावुर में शिक्षा और समाज सेवा के क्षेत्र में सक्रिय हैं।

विजय कैबिनेट के गठन में कांग्रेस, आईयूएमएल और वीसीके नेताओं के अलावा एससी नेताओं का चयन, सहयोगी दलों और सामाजिक पहुंच के ज़रिए राजनीतिक एकीकरण का एक संकेत है। चार सहयोगी दलों की भागीदारी के साथ, सरकार एक व्यापक मोर्चा बनाने का प्रयास कर रही है। यह फेरबदल महज प्रशासनिक नहीं है। यह तमिलनाडु की राजनीति में प्रतिनिधित्व पर आधारित एक नए युग की ओर इशारा करता है। शासन-प्रशासन में एससी और हाशिए पर पड़े समुदायों को अब और ज्यादा प्रतिनिधित्व और पहचान मिलेगी।

# बीजेपी के राष्ट्रीय पदाधिकारियों की नई टीम के गठन की कवायद तेज

## –यूपी समेत कई राज्यों की टीम व अध्यक्षों को लेकर जल्द हो सकता है फैसला

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** बीजेपी के राष्ट्रीय पदाधिकारियों की नई टीम के गठन की कवायद तेज हो गई है। संगठन से सीधे जुड़े पदों के लिए पार्टी के बड़े नेताओं और आरएसएस के नेताओं के बीच संवाद हो रहा है। संकेत मिले हैं कि केंद्रीय टीम के साथ उत्तर प्रदेश व अन्य कुछ राज्यों की टीम व कुछ प्रदेशों के अध्यक्षों को लेकर भी जल्द फैसला हो सकता है। अगले माह से पार्टी आने वाले चुनावों को लेकर तैयारी भी शुरू कर देगी।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक बीजेपी अध्यक्ष नितिन नबीन ने इस साल 20 जनवरी को अपना कार्यभार संभाला था। तब से अब चार माह हो चुके है, लेकिन नए केंद्रीय पदाधिकारियों को लेकर इंतजार बना हुआ है। पांच राज्यों में विधानसभाओं चुनाव के चलते इसमें देरी हुई, लेकिन अब पार्टी जल्द इस काम को पूरा करना चाहती है, ताकि उत्तर प्रदेश समेत पांच राज्यों के अगले साल की शुरुआत में होने वाले विधानसभा चुनावों की तैयारियों को तेज किया जा सके। अभी उत्तर प्रदेश की टीम पर मुहर नहीं लगी है इसलिए वहां पर काफी उहापोह है।

प्रदेश बीजेपी की नई टीम का खाका लगभग तैयार हो चुका है। दिल्ली में इसे अंतिम रूप देने की कवायद चल रही है। माना जा रहा है कि जल्द इस पर फाइनल बैठक हो सकती है। बीजेपी अध्यक्ष नितिन नवीन के दिल्ली से बाहर होने के चलते अंतिम मुहर नहीं लग सकी है। इसका ऐलान 25 मई के बाद हो सकता है। सबसे ज्यादा कश्मकश क्षेत्रीय अध्यक्षों को लेकर है। तमाम दावेदार भी दिल्ली में डेरा डाले हुए हैं। वहीं विधानसभा चुनाव में टिकट की दावेदारी करने वाले कुछ चेहरे प्रदेश टीम से बाहर हो सकते हैं। कुछ मौजूदा प्रदेश महामंत्रियों की भूमिका बदलना भी तय माना जा रहा है। बीजेपी के राज्य मुख्यालय पर इन दिनों सन्नाटा है। यूपी के भाजपाई दिल्ली की ओर टकटकी लगाए हैं।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक पार्टी आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर नई टीम के गठन की कवायद में जुटी है। कुछ पदाधिकारियों का टीम से बाहर होना तय माना जा रहा है। कुछ ऐसे चेहरे शामिल हैं जिन्हें या तो पार्टी चुनाव लड़ाने का मन बना रही है या फिर वे खुद टिकट के लिए ताल ठोंक रहे हैं। नितिन नबीन ने कहा है कि पार्टी की यात्रा सत्ता प्राप्ति नहीं, बल्कि राष्ट्र सेवा की है। पार्टी की यात्रा केवल एक राजनीतिक दल के विस्तार की कहानी नहीं है, यह राष्ट्रवाद, सांस्कृतिक चेतना, सेवा, संघर्ष और अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचाने के संकल्प की ऐतिहासिक यात्रा है। बीजेपी की शक्ति हमारी राष्ट्रवादी विचारधार और समर्पित कार्यकर्ता है। शनिवार को अपने जन्मदिन के मौके पर पटना में आयोजित प्रशिक्षण शिविर को संबोधित करते हुए बीजेपी अध्यक्ष नबीन ने कहा कि 1951 में स्थापित भारतीय जनसंघ से लेकर बीजेपी तक की यात्रा संघ और कार्यकर्ताओं की तपस्या का परिणाम है।

# मेलोडी महज टॉफी नहीं बल्कि चीन के लिए रचा गया चक्रव्यूह

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दुनिया जब 'मेलोडी' (पीएम मोदी और जॉर्जिया मेलोनी) के मीम्स और सोशल मीडिया रील्स के शोर-शराबे में डूबी हुई थी, ठीक उसी वक्त पर्दे के पीछे एक बड़ा कूटनीतिक खेल खेला जा चुका था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के इटली दौरे के दौरान कई महत्वपूर्ण समझौते हुए, जिन्होंने चीन की घेराबंदी पूरी तरह सेट कर दी है। इस पूरे घटनाक्रम से बीजिंग को बड़ा झटका लगा है, जिसकी शुरुआत कुछ समय पहले द ग्रेट इटली डिवोर्स से हुई थी। कुछ साल पहले इटली, चीन के महत्वाकांक्षी बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव में शामिल होने वाला एकमात्र जी-7 देश बना था। हालांकि, जॉर्जिया मेलोनी ने सत्ता में आते ही चीन के इस कर्ज के जाल को पहचान लिया और इटली को आधिकारिक तौर पर इससे बाहर निकाल लिया। चीन को ठेंगा दिखाने के बाद इटली को एशिया में एक मजबूत और भरोसेमंद आर्थिक साझेदार की तलाश थी, जो चीन की जगह ले सके। यहीं पर न्यू इंडिया की एंट्री हुई। मोदी और मेलोनी की शानदार केमिस्ट्री दरअसल दुनिया को एक सीधा संदेश है कि इटली अब अपनी पूरी एशियाई रणनीति को बीजिंग से हटाकर नई दिल्ली पर शिफ्ट कर रहा है।

वैश्विक व्यापार के नक्शे पर नजर डालें तो भारत के लिए इटली की भौगोलिक स्थिति बेहद महत्वपूर्ण है। भारत जब अपना सामान, टेक्नोलॉजी और एनर्जी यूरोप के बाजारों में भेजना चाहता है, तो उसके लिए भूमध्य सागर ही सबसे मुख्य रास्ता है, जिसके केंद्र में इटली स्थित है। इंडिया-मिडिल ईस्ट-यूरोप इकोनॉमिक कॉरिडोर के जरिए इटली खुद को भारतीय व्यापार के प्रवेश द्वार के रूप में स्थापित कर रहा है। इटली के बंदरगाहों को भारत के मैन्युफैक्चरिंग बूम से जोड़कर दोनों देशों ने आने वाले 50 सालों की आर्थिक सुरक्षा का इंतजाम कर लिया है, जो चीन की ट्रेड दादागीरी को सीधी चुनौती है।

इसके अलावा, दशकों से तैयार हथियार खरीदने वाले भारत के साथ मेलोनी सरकार ने एक नया और स्मार्ट गेम शुरू किया है। इटली अब पीएम मोदी के मेक इन इंडिया अभियान के तहत भारत की जमीन पर ही एडवांस रडार सिस्टम और मैरीटाइम डिफेंस जैसे क्षेत्रों में डिफेंस इक्विपमेंट्स का सह-उत्पादन करेगा। सोशल मीडिया पर दिखने वाली क्यूट और मजेदार मेलोडी सेल्फी तो सिर्फ एक पैकेजिंग है। इसके पीछे की असली हकीकत यह है कि यूरोप में अपनी पैठ मजबूत करने के लिए भारत को इटली की जरूरत है और चीन को आर्थिक व रणनीतिक टक्कर देने के लिए इटली को भारत का साथ चाहिए। दोनों देशों ने मिलकर ड्रैगन के खिलाफ जो चक्रव्यूह रचा है, उसने बीजिंग की रातों की नींद उड़ा दी है।



# त्रिवेणी संगम पर गूंजा जल संरक्षण का संकल्प, 'वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान-2026' का शानदार आगाज






स्मार्ट हलचल|माण्डलगढ़

गंगा दशहरा के पावन अवसर पर माण्डलगढ़ स्थित त्रिवेणी संगम (बनास, बेड़च एवं मेनाली नदियों का महासंगम) पर जल संरक्षण को जनआंदोलन बनाने के उद्देश्य से 'वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान-2026' का भव्य आयोजन किया गया। मेवाड़ के प्रयागराज के रूप में विख्यात इस संगम पर विधि-विधान और वैदिक मंत्रोच्चार के बीच जल पूजन कर प्रदेश की सुख-समृद्धि की कामना की गई।

**जल संरक्षण आज के समय की सबसे बड़ी आवश्यकता**

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राजस्थान सरकार के उप मुख्यमंत्री एवं भीलवाड़ा जिले के प्रभारी मंत्री प्रेमचंद बैरवा ने शिरकत की। जनसमूह को संबोधित करते हुए उन्होंने स्पष्ट किया कि जल संरक्षण वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकता बन चुका है। उन्होंने आमजन से जल बचाने और पारंपरिक जल स्त्रोतों के पुनर्जीवन में अपनी सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि जब सरकार और जनता मिलकर कदम बढ़ाते हैं, तो रेगिस्तान में भी हरियाली लाई जा सकती है।

**अभियान के मुख्य बिंदु और उपलब्धियां:**

जनभागीदारी पर जोर: प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'कैच द रेन' और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के विजन से प्रेरित होकर इस अभियान को सरकार का नहीं बल्कि 'जन-जन का अभियान' बताया गया।

विशाल वृक्षारोपण लक्ष्य: 'मिशन हरियालो राजस्थान' के तहत इस वर्ष 10 करोड़ पौधे लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

जल स्त्रोतों का जीर्णोद्धार: पुराने कुओं, बावड़ियों और नदियों की साफ-सफाई तथा पुनरुद्धार के लिए व्यापक स्तर पर श्रमदान किया जा रहा है।

**पारंपरिक जल स्त्रोतों के संरक्षण का लिया गया सामूहिक संकल्प**

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और स्थानीय नागरिकों ने सामूहिक रूप से जल और प्रकृति के संरक्षण का संकल्प लिया। वक्ताओं ने याद दिलाया कि राजस्थान की संस्कृति में 'जल, जंगल और जमीन' के संरक्षण की एक समृद्ध परंपरा रही है, जिसे आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य के लिए फिर से जीवंत करना होगा।

आयोजन में कई प्रमुख हस्तियों ने हिस्सा लिया, जिनमें मुख्य रूप से शामिल थे: मांडलगढ़ विधायक गोपाल लाल शर्मा, मांडल विधायक उदयलाल भड़ाना और विधायक अशोक कोठारी, भाजपा जिला अध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा, जिले की प्रभारी सचिव मंजू राजपाल, जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू, भाजपा जिला महामंत्री अविनाश जीनगर और विधानसभा संयोजक अनिल पारीक, अतिरिक्त, उप जिला प्रमुख, विभिन्न मंडलों के अध्यक्ष और बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण व कार्यकर्ता उपस्थित रहे, जिन्होंने इस जल यज्ञ में अपनी भागीदारी सुनिश्चित की।

# सड़क पर गहरे खड्डे बने हादसों का कारण, क्षेत्रवासियों में रोष

**जिम्मेदारों की अनदेखी से आए दिन हो रही दुर्घटनाएं**

स्मार्ट हलचल|पुर/भीलवाड़ा



पुर-भीलवाड़ा मार्ग पर तीन नंबर चौराहा स्थित सर्कल से लक्ष्मीपुरा रोड, जो आगे चलकर पुर-मांडल बाईपास से जुड़ती है, इन दिनों गहरे खड्डों के कारण हादसों का केंद्र बनी हुई है। सड़क पर बने बड़े-बड़े खड्डों से वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है और आए दिन दुर्घटनाएं घटित हो रही हैं।

स्थानीय लोगों का कहना है कि लंबे समय से सड़क की हालत खराब है, लेकिन संबंधित विभाग के अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। क्षेत्रवासी राजेंद्र सुवालका ने बताया कि कई बार यहां दुर्घटनाएं हो चुकी हैं, हालांकि अब तक कोई बड़ा जानलेवा हादसा नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि यदि समय रहते सड़क की मरम्मत नहीं करवाई गई तो कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है।

वहीं, राष्ट्र मानवाधिकार पर्यावरण सुरक्षा एवं भ्रष्टाचार निवारण संगठन के जिला अध्यक्ष रतनलाल आचार्य ने सड़क की बदहाल स्थिति पर चिंता जताते हुए न्यास एवं नगर निगम अधिकारियों को खड्डों के वीडियो और फोटो भेजे हैं। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि सड़क पर बने खड्डों को तुरंत भरवाकर मार्ग को दुरुस्त किया जाए, ताकि दुर्घटनाओं पर रोक लग सके और आमजन को राहत मिल सके। क्षेत्रवासियों ने प्रशासन से शीघ्र कार्रवाई करने की मांग करते हुए चेतावनी दी है कि यदि समस्या का समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन किया जाएगा।

# वैश्विक संकट के बीच भीलवाड़ा में क्यों नहीं थम रहे वीआईपी दौरे?



स्मार्ट हलचल| भीलवाड़ा

एक ओर देश-दुनिया में वैश्विक संकट और तनावपूर्ण हालात बने हुए हैं, वहीं दूसरी ओर भीलवाड़ा जिले में वीआईपी दौरों का सिलसिला लगातार जारी है। सवाल यह उठ रहा है कि आखिर ऐसे संवेदनशील माहौल में भी नेताओं के दौरे क्यों नहीं थम रहे?

रविवार को केंद्रीय मंत्री के दौरे के बाद अब सोमवार 25 मई को राजस्थान के उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा माण्डलगढ़ क्षेत्र के त्रिवेणी पहुंचेंगे। यहां वे 'वंदे गंगा' जल संरक्षण जन अभियान कार्यक्रम में भाग लेंगे।

उप मुख्यमंत्री के प्रस्तावित दौरे को लेकर प्रशासनिक अमला पूरी तरह अलर्ट मोड पर आ गया है। सुरक्षा व्यवस्था से लेकर कार्यक्रम स्थल तक तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। लगातार हो रहे वीआईपी दौरों से भीलवाड़ा इन दिनों राजनीतिक और प्रशासनिक गतिविधियों का बड़ा केंद्र बना हुआ है। वहीं राजनीतिक गलियारों में यह चर्चा भी तेज है कि मौजूदा वैश्विक और संवेदनशील परिस्थितियों को देखते हुए सत्तारूढ़ पार्टी के नेता सीधे जिले के दौरे पर आने के बजाय वर्चुअल माध्यम से भी कार्यक्रमों को संबोधित कर सकते थे। ऐसे में लगातार हो रहे वीआईपी दौरों को लेकर आमजन के बीच सवाल उठने लगे हैं कि क्या इस समय वर्चुअल सहभागिता बेहतर विकल्प नहीं हो सकती थी? अब जिले में इन दौरों को लेकर राजनीतिक चर्चाएं और तेज हो गई हैं।

# शंभूगढ़ के अस्पतालों में डॉक्टर नहीं, आखिर ग्रामीण जाएं तो जाएं कहां?



स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा।** जिले के आसींद क्षेत्र की शंभूगढ़ पंचायत समिति में स्वास्थ्य सेवाएं बदहाल हो चुकी हैं। पीएचसी आयुर्वेदिक औषधालय और पशु चिकित्सालय में लंबे समय से डॉक्टरों के पद खाली पड़े हैं। सवाल यह है कि आखिर 25 से ज्यादा गांवों की जनता इलाज के लिए जाए तो जाएं कहां?

ग्रामीणों ने गुलाबपुरा एसडीएम को ज्ञापन सौंपते हुए आरोप लगाया कि अस्पतालों में डॉक्टर, आयुर्वेद चिकित्सक और पशु चिकित्सक नहीं होने से मरीजों और पशुपालकों को 25-30 किलोमीटर दूर भटकना पड़ रहा है। डेंगू-मलेरिया जैसी बीमारियों के बीच भी स्वास्थ्य विभाग की नींद नहीं खुल रही क्या?

ग्रामीणों ने पीएचसी को सीएचसी में क्रमोन्नत करने और तत्काल डॉक्टरों की नियुक्ति की मांग की है। साथ ही चेतावनी दी कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो क्षेत्र की जनता उग्र आंदोलन करेगी, जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

# हैंडपंप प्रशासनिक उपेक्षा का शिकार, आमजन त्रस्त



स्मार्ट हलचल|बनेड़ा

हुरडा बनेड़ा एस एच 39 ए पर निर्माण के दौरान कोडलाई चौराहे पर लगा हैंडपंप जो राहगीरों के प्यास बुझाने का स्थान था। मगर मेगा हाइवे सड़क निर्माण के ठेकेदार द्वारा सडक के किनारे लगे इस हैंडपंप को मिट्टी से दबा दिया गया। जिसके बाद से ही उक्त हैंडपंप प्रशासनिक उपेक्षा का शिकार हो रहा है। वही भीषण गर्मी के दौर में यहां पर से गुजरने वाले को काफी परेशानीयों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि उक्त हैंडपंप का पानी मीठा होने के साथ ही राहगीरों के साथ ही आसपास के खेतों में खेती बाड़ी करने वाले किसानों की प्यास बुझाने का एक मात्र साधन था। मगर रोड निर्माण की भेट चढे इस हैंडपंप कि सुध लेने वाला कोई नहीं है।

# भीलवाड़ा में सांप्रदायिक माहौल बिगाड़ने की साजिश नाकाम



## पुलिस ने रातोंरात किया खुलासा

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा।** शहर में आमजन को राहत देने वाली बड़ी खबर सामने आई है। कोतवाली थाना क्षेत्र में मंदिर के बाहर जानवर की खाल और अपशिष्ट पदार्थ मिलने की गंभीर घटना का पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए पर्दाफाश कर दिया। घटना को सांप्रदायिक सद्भाव बिगाड़ने की कोशिश मानते हुए पुलिस ने पूरी गंभीरता से जांच शुरू की और कम समय में मामले का खुलासा कर दिया।

घटना के बाद शहर में तनाव की स्थिति बन गई थी, लेकिन कोतवाली थाना पुलिस ने सक्रियता दिखाते हुए हालात संभाल लिए। मामले के खुलासे पर जिला पुलिस अधीक्षक सागर राणा ने कोतवाल हनुमान चौधरी, एएसआई हरीश कुमार और उनकी टीम को बुलाकर शाबाशी दी तथा सम्मानित किया।

# क्षतिग्रस्त नालियों के पुनःनिर्माण के लिये दिया ज्ञापन

स्मार्ट हलचल|भीलवाड़ा



उपभोक्ता कल्याण समिति राजस्थान के प्रदेशाध्यक्ष अशोक जैन के नेतृत्व में समिति के पदाधिकारियों ने अतिरिक्त कलेक्टर (प्रशासन) श्री प्रकाशचंद्र को ज्ञापन सौंप कर शहर में अतिक्रमण हटाने के दौरान क्षतिग्रस्त हुई नालियों के जल्द पुनःनिर्माण की मांग की।

समिति के प्रदेश महामंत्री जितेन्द्र कुमार मारू ने बताया कि स्थानीय नगर निकायों द्वारा पूर्व में शहर के विभिन्न बाजारों एवं रिहायशी क्षेत्रों में सड़कें चौड़ी करने एवं अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही के दौरान घरों व प्रतिष्ठानों के बाहर चबूतरों व नालियों को क्षतिग्रस्त कर दिया गया था जिनकी वजह से दुकानदारों एवं आम नागरिकों को बड़ी असुविधा हो रही है। लम्बे समय के बाद भी इन टूटी हुई नालियों का पुनः निर्माण नहीं करवाया जाने से आवागमन बाधित हो रहा है तथा इनका गन्दा पानी सड़कों पर बिखरा रहता है जिससे काफी गन्दगी रहती है और विभिन्न बीमारियां उत्पन्न होने का अन्देशा हो गया है। आने वाले मानसूनी सीजन में यह समस्या और भी विकराल रूप धारण करने वाली है। उपभोक्ता कल्याण समिति ने अतिरिक्त कलेक्टर प्रशासन को इस मुद्दे पर तुरन्त संज्ञान लेकर प्रभावी कार्यवाही करते हुए नालियों के पुनःनिर्माण का आदेश जारी कर सभी आम नागरिक उपभोक्ताओं को जल्द राहत प्रदान करने की मांग की जिस पर अतिरिक्त कलेक्टर प्रशासन ने जल्द ही इस संबंध में कार्यवाही करने का आश्वासन दिया।

ज्ञापन के दौरान समिति प्रदेशाध्यक्ष अशोक जैन, प्रदेश महामंत्री जितेंद्र मारू, संरक्षक आशा रामावत, मंजू पोखरना, महिला प्रदेशाध्यक्ष संगीता अग्रवाल, प्रदेश संगठन मंत्री पंकज हेमराजानी, युवा प्रकोष्ठ प्रदेशाध्यक्ष अनिल पारीक, महिला युवा प्रदेशाध्यक्ष निशा कंवर गौड़, युवा प्रदेश उपाध्यक्ष सूर्यप्रकाश सरगरा, जिलाध्यक्ष राजेश पाटनी, जिला सचिव कमलेश बोडाना, एडवोकेट पीरूसिंह गौड़, अनिल मेहता सहित पदाधिकारीगण व सदस्य मौजूद थे।

# 'निधि आपके निकट 2.0' शिविर 28 को

स्मार्ट हलचल



**भीलवाड़ा।** कर्मचारी भविष्य निधि संगठन की ओर से 28 मई को जिला कलेक्ट्रेट सभागार में 'निधि आपके निकट 2.0' शिविर आयोजित किया जाएगा। शिविर में कर्मचारी भविष्य निधि योजना, कर्मचारी पेंशन योजना और कर्मचारी निक्षेप बीमा योजना से जुड़ी जानकारियां दी जाएंगी।

क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त ने बताया कि प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना के तहत मिलने वाले लाभों की जानकारी भी अंशदाताओं को दी जाएगी। साथ ही कर्मचारियों और संस्थानों की समस्याओं का मौके पर समाधान किया जाएगा।

# नेगाडिया का खेड़ा में पैंथर का आतंक खेत में काम कर रहे युवक पर हमला

स्मार्ट हलचल



**गंगापुर।** गंगापुर के निकटवर्ती नेगाडिया का खेड़ा गांव में रविवार शाम को एक खौफनाक घटना घटी। पैंथर ने खेत में काम कर रहे युवक पर अचानक हमला कर दिया। हमले में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया।पीड़ित की पहचान रतनलाल तंवर पुत्र गणेश लाल तंवर) के रूप में हुई है। घटना के समय रतनलाल अपने खेत पर काम कर रहे थे। अचानक पैंथर ने उन पर झपट्टा मारा। पैंथर ने उनके सिर पर और हाथ-पैरों पर गहरे निशान छोड़ दिए।


आसपास काम कर रहे ग्रामीणों ने चीख-पुकार सुनकर तुरंत मौके पर पहुंचकर शोर मचाया, जिससे पैंथर डरकर जंगल की ओर भाग निकला। ग्रामीणों ने तुरंत घायल रतनलाल को अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका इलाज चल रहा है।

इस घटना से पूरे गांव में दहशत का माहौल व्याप्त है। ग्रामीणों ने बताया कि पिछले कुछ समय से इस क्षेत्र में पैंथर की बार-बार हरकतें देखी जा रही हैं। दिन-रात पैंथर के आने की खबरें आ रही हैं, जिससे खेतों में काम करने वाले किसान और गांववासी भयभीत हैं। ग्रामीणों ने वन विभाग से मांग की है कि पैंथर को तुरंत पकड़ने या उसे जंगल में वापस भेजने के लिए उचित कार्रवाई की जाए, ताकि आगे कोई अनहोनी घटना न हो। वन विभाग के क्षेत्रीय अधिकारी गीता शर्मा और वनपाल नारायण सिंह घटनास्थल पर पहुंचकर जांच कर रहे हैं। और घटनास्थल के आसपास पैंथर को पकड़ने के लिए पिंजरा भी लगा दिया है।

# हिंदुस्तान जिंक की रामपुरा आगुचा खदान बनी भारत की पहली जिंक मार्क सर्टिफाइड माइन

**वैश्विक इएसजी मानकों पर खरी उतरी रामपुरा आगुचा माइन, जिम्मेदार उत्पादन से अंतरराष्ट्रीय ग्राहकों का भरोसा हुआ और मजबूत**


स्मार्ट हलचल



**भीलवाड़ा।** विश्व की सबसे बड़ी एकीकृत जिंक उत्पादक कंपनी हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड ने जिम्मेदार उत्पादन के क्षेत्र में एक और मील का पत्थर हासिल किया है। कंपनी की जो दुनिया की सबसे बड़ी भूमिगत जिंक-सीसा खदान रामपुरा आगुचा माइन अब भारत की पहली जिंक मार्क सर्टिफाइड खदान बन गई है। जिंक मार्क एक वैश्विक स्तर पर मान्यता प्राप्त एश्योरेंस फ्रेमवर्क है, जो अंतरराष्ट्रीय मानकों पर आधारित ईएसजी मानकों, जिम्मेदार सोर्सिंग प्रथाओं और मूल्य श्रृंखला में पारदर्शिता के आधार पर जिम्मेदार जिंक उत्पादन को प्रमाणित करता है। यह सर्टिफिकेशन भारत के खनन क्षेत्र के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है, साथ ही यह हिंदुस्तान जिंक की पूरी मूल्य श्रृंखला में जिम्मेदार उत्पादन के प्रति उसके एकीकृत दृष्टिकोण को और मजबूत करता हैं। जिससे माइनिंग से लेकर स्मेल्टिंग तक, शुरू से अंत तक जिम्मेदार जिंक उत्पादन संभव हो पाता है। यह उपलब्धि कंपनी के हाल ही में चंदेरिया स्मेल्टिंग कॉम्प्लेक्स के लिए प्राप्त जिंक मार्क सर्टिफिकेशन के बाद मिली है, जिससे यह भारत की पहली ऐसी कंपनी बन गई है जो पूरी उत्पादन श्रृंखला में जिम्मेदार तरीके से प्राप्त जिंक उपलब्ध कराती है। जिंक मार्क सर्टिफिकेशन 'कॉपर मार्क एश्योरेंस फ्रेमवर्क' के तहत एक स्वतंत्र तृतीय-पक्ष मूल्यांकन के बाद प्रदान किया जाता है। यह मूल्यांकन रामपुरा आगुचा माइन द्वारा प्रमुख पर्यावरणीय, सामाजिक और शासन मापदंडों पर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त जिम्मेदार उत्पादन मानकों के पालन की पुष्टि करता है। यह सर्टिफिकेशन वैश्विक मानकों पर आधारित स्थिरता मानकों, परिचालन में पारदर्शिता और पूरी मूल्य श्रृंखला में जिम्मेदार सोर्सिंग के प्रति कंपनी की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। जैसे-जैसे दुनिया भर के उद्योग स्थायी खरीद और जिम्मेदार सोर्सिंग को अधिक प्राथमिकता दे रहे हैं, यह सर्टिफिकेशन उन ग्राहकों के लिए हिंदुस्तान जिंक के मूल्य प्रस्ताव को और मजबूत करता है, जो पारदर्शी, ट्रेस करने योग्य और ईएसजी अनुरूप कच्चे माल की तलाश में हैं। आज वैश्विक ग्राहक न केवल उत्पाद की गुणवत्ता पर, बल्कि इस बात पर भी अधिक जोर दे रहे हैं कि धातुओं का उत्पादन, सोर्सिंग और पूरी सप्लाई चेन में उनका प्रबंधन किस प्रकार किया जाता है। वेदांता समूह की कंपनी, हिंदुस्तान जिंक, इस्पात गैल्वनीकरण, इंफ्रास्ट्रक्चर, ऑटोमोबाइल, रिन्यूएबल एनर्जी, इलेक्ट्रॉनिक्स और एडवांस मैन्यूफेक्चरिंग सहित कई महत्वपूर्ण क्षेत्रों को अपनी सेवाएं प्रदान करती है। इन क्षेत्रों में जिम्मेदार तरीके से प्राप्त और कम कार्बन उत्सर्जन वाले पदार्थों की मांग लगातार बढ़ रही है। जिंक मार्क सर्टिफिकेशन कंपनी की उस क्षमता को और मजबूत करता है, जिससे वह उन ग्राहकों को सहायता दे सके जो ऐसे सस्टेनेबल कच्चे माल की तलाश में हैं, जो बदलते ईएसजी के अनुसार, रेगुलेटरी उम्मीदों और वैश्विक खरीद मानकों के अनुरूप हों। इस उपलब्धि पर हिंदुस्तान जिंक के सीईओ, अरुण मिश्रा ने कहा कि, 'रामपुरा आगुचा माइन को ज़िंक मार्क सर्टिफिकेशन मिलना, हिंदुस्तान जिंक के अपनी पूरी वैल्यू चेन में जिम्मेदार उत्पादन और ईएसजी उत्कृष्टता के प्रति एकीकृत दृष्टिकोण को दर्शाता है। जैसे-जैसे वैश्विक सप्लाई चेन विकसित हो रही हैं, ग्राहक तेजी से ऐसे जिम्मेदारी से प्राप्त धातुओं की तलाश कर रहे हैं, जो उनकी स्थिरता प्राथमिकताओं और अनुपालन ढांचों के अनुरूप हों। यह पहचान कंपनी में ग्राहकों के विश्वास को मजबूत करती है कि वह एक भरोसेमंद भागीदार है, जो पारदर्शिता, जिम्मेदार उत्पादन और वैश्विक स्तर पर निर्धारित ईएसजी मानकों द्वारा समर्थित उच्च-गुणवत्ता वाला जिंक प्रदान करती है।' रामपुरा आगुचा माइन टेक्नोलॉजी-आधारित खनन, परिचालन उत्कृष्टता और टिकाऊ संसाधन प्रबंधन के माध्यम से उद्योग के लिए नए मानक स्थापित करना जारी रखे हुए है। ज़िंक मार्क सर्टिफिकेशन उन उद्योगों के लिए जिम्मेदार और भविष्य के लिए तैयार सप्लाई चेन को सक्षम बनाने में हिंदुस्तान जिंक की भूमिका को और मजबूत करता है, जो तेजी से डीकार्बोनाइज्ड और सस्टेनेबल विनिर्माण प्रथाओं की ओर बढ़ रहे हैं। इस मील के पत्थर पर आगे बढ़ते हुए, हिंदुस्तान जिंक अपने पूरे परिचालन में धीरे-धीरे ज़िंक मार्क सर्टिफिकेशन को आगे बढ़ा रहा है, जिससे पूरे व्यवसाय में वैश्विक स्तर पर निर्धारित जिम्मेदार उत्पादन मानकों के प्रति उसकी दीर्घकालिक प्रतिबद्धता और मजबूत हो रही है। कंपनी डीकार्बोनाइजेशन, सर्कुलर अर्थव्यवस्था प्रथाओं, जैव विविधता संरक्षण और जल सकारात्मकता में केंद्रित पहलों के माध्यम से सस्टेनेबिलिटी-आधारित परिवर्तन को आगे बढ़ाना जारी रखे हुए है। एसएण्डपी ग्लोबल कॉर्पोरेट सस्टेनेबिलिटी एसेसमेंट 2025 द्वारा लगातार तीन बार विश्व की सबसे सस्टेनेबल मेटल और माइनिंग कंपनी के रूप में मान्यता प्राप्त, और इकोज़ेन-एशिया के पहले कम-कार्बन वाले जिंक ब्रांड की प्रणेता, हिंदुस्तान जिंक 2050 तक या उससे पहले नेट जीरो उत्सर्जन हासिल करने के लिए प्रतिबद्ध है, साथ ही वह जिम्मेदारी से उत्पादित धातुओं की आपूर्ति जारी रखे हुए है, जो सस्टेनेबल बुनियादी ढांचे, औद्योगिक विकास और दुनिया भर में ग्राहकों की बदलती उम्मीदों का समर्थन करती हैं।

# मांडल में सड़क हादसा, ट्रक की टक्कर से बाइक सवार दो लोग गंभीर घायल

स्मार्ट हलचल|मांडल



मांडल थाना क्षेत्र में ब्यावर-भीलवाड़ा मार्ग पर जीवलिया टोल प्लाजा के पास दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। एक अनियंत्रित ट्रक ने बाइक सवारों को टक्कर मार दी, जिससे दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

हादसे में निखिल राव पुत्र शंकर राव (25) निवासी रेलमंगरा एवं मंजू राव पत्नी मदनलाल राव (50) निवासी भीलवाड़ा गंभीर रूप से घायल हो गए। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों के हाथ-पैर में फ्रैक्चर हो गया।

सूचना मिलते ही 108 एंबुलेंस के पायलट प्रभु प्रजापत एवं मेल नर्स गिरिराज पायक मौके पर पहुंचे और प्राथमिक उपचार के बाद घायलों को मांडल उप जिला चिकित्सालय पहुंचाया। वहां से हालत गंभीर होने पर दोनों को महात्मा गांधी जिला चिकित्सालय भीलवाड़ा रेफर कर दिया गया।

घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना पर पहुंची मांडल थाना पुलिस ने यातायात को सुचारू रूप से चालू करवाया तथा हादसे की जांच शुरू कर दी है।

# भीलवाड़ा, नौतपा की आग बरसी तो भक्तों ने बाबा को बना दिया 'बर्फानी'

**3100 किलो बर्फ में सजे मसाणिया धाम के भेरूनाथ, दर्शन को उमड़ा श्रद्धा का सैलाब, 108 लीटर शरबत, लीची भोग और बर्फ की शीतल छांव में झूम उठे श्रद्धालु**

## भीषण गर्मी में आस्था का अनोखा नजारा, देर रात तक गूंजते रहे 'जय भेरूनाथ' के जयकारे

स्मार्ट हलचल | भीलवाड़ा



एक ओर नौतपा की भीषण गर्मी लोगों को झुलसा रही है, दूसरी ओर आस्था की ठंडी फुहार ने भीलवाड़ा में भक्तों का मन मोह लिया। पंचमुखी मुक्तिधाम स्थित प्राचीन श्री मसानिया भेरुनाथ मंदिर में ऐसा अद्भुत और अलौकिक नजारा देखने को मिला कि हर कोई 'वाह बाबा बर्फानी!' कह उठे।

पंचमुखी शमशान भूमि के बीच बसे मसाणिया धाम में भक्तों ने अपने आराध्य बाबा भेरूनाथ को 3100 किलो बर्फ से सजाकर ऐसा दिव्य स्वरूप दिया कि पूरा मंदिर परिसर मानो अमरनाथ धाम जैसा नजर आने लगा। सफेद बर्फ की चादरों के बीच विराजित बाबा का बर्फानी रूप देखते ही श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे।

नौतपा के पहले दिन जैसे ही सूरज ने आग उगलनी शुरू की, वैसे ही भक्तों ने अपने बाबा को शीतलता पहुंचाने के लिए सेवा का अनोखा अभियान शुरू कर दिया। किसी ने बर्फ की व्यवस्था की, किसी ने शरबत बनवाया तो किसी ने फल-भोग सजाया। देखते ही देखते मंदिर परिसर 'जय भेरूनाथ' के जयघोष से गूंज उठा। मंदिर में बाबा को 108 लीटर शीतल शरबत का भोग लगाया गया। बाद में यही शरबत प्रसाद बनकर भक्तों में बांटा गया। इतना ही नहीं, लीची जैसे शीतल फलों से विशेष श्रृंगार कर बाबा को भोग अर्पित किया गया। श्रद्धालुओं का कहना था कि जब भक्त गर्मी से राहत पाने के उपाय करते हैं तो अपने आराध्य को भी शीतलता देना उनका धर्म है।

मंदिर पुजारी रवि कुमार सोलंकी ने बताया कि मसाणिया धाम में हर वर्ष नौतपा के दौरान विशेष श्रृंगार होता है, लेकिन इस बार 3100 किलो बर्फ से 'बाबा बर्फानी' का रूप विशेष आकर्षण का केंद्र बना।

मंदिर परिसर में स्थित बाबा गुप्तेश्वर महादेव मंदिर और शमशान काली मां जगदंबा का भी बर्फ से मनोहारी श्रृंगार किया गया। सफेद बर्फ, धूपबत्ती की सुगंध और भक्तों के जयकारों के बीच पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। श्रद्धालु यश सिंह ने कहा कि मसाणिया धाम केवल मंदिर नहीं, बल्कि लोगों की आस्था और विश्वास का सबसे बड़ा केंद्र है। बाबा के इस मनमोहक बर्फानी स्वरूप को देखने के लिए सुबह से देर रात तक श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। भीषण गर्मी के इस दौर में मसाणिया धाम ने यह संदेश भी दिया कि सच्ची श्रद्धा में सेवा, समर्पण और संवेदनाएं भी शामिल होती हैं। यही कारण रहा कि नौतपा की तपिश के बीच यह बर्फानी श्रृंगार शहरभर में चर्चा का विषय बन गया।

# पूर्व सरपंच व सचिव समेत 12 जनों के खिलाफ थाने में मामला दर्ज

स्मार्ट हलचल

**बिजौलियाँ।** उमाजी का खेड़ा ग्राम पंचायत के पूर्व सरपंच जीती बाई,दिनेश धाकड़,चन्द्ररेखा व तत्कालीन सचिव लाल सिंह झाला समेत 12 व्यक्तियों पर कूट रचित नक्शा बनाने के आरोप में कस्बा निवासी दिनेश पाराशर द्वारा न्यायालय में दायर इस्तगासे के जरिए बिजौलिया थाने में मामला दर्ज किया गया।दर्ज रिपोर्ट के मुताबिक ग्राम पुरोहितों का खेडा की आराजी संख्या 1 मे पूर्व पंचायत द्वारा पट्टे जारी किए गए थे।उक्त स्थान पर फर्जी एवं कूटरचित नक्शा बना कर दिनेश पाराशर के पट्टे शुदा भुखण्ड को जो पूर्व ग्राम पंचायत द्वारा जारी किया गया था, को समाप्त करने का आरोप लगाया।दिनेश पाराशर व उसकी पत्नी द्वारा मुबारिक लुहार एवं रफीक लुहार के खिलाफ भी उक्त भूखंड पर जबरन अवैध निर्माण व कब्जा करने के आरोप लगाते हुए 3 व 5 सितंबर 2023 को थानाधिकारी बिजौलियां एवं पुलिस अधीक्षक भीलवाडा को भी प्रथम सूचना रिपोर्ट प्रेषित की गयी थी।

# अखिल भारतीय गुर्जर महासभा में देवीलाल गुर्जर को बड़ी जिम्मेदारी

स्मार्ट हलचल

**गंगापुर/सहाड़ा।** अखिल भारतीय गुर्जर महासभा (राजस्थान



इकाई) की भीलवाड़ा जिला कार्यकारिणी में देवीलाल गुर्जर को तहसील अध्यक्ष, गंगापुर एवं सहाड़ा पद पर नियुक्त किया गया है। महासभा द्वारा जारी नियुक्ति पत्र के अनुसार यह नियुक्ति आगामी तीन वर्षों के लिए की गई है।

जिलाध्यक्ष राधेश्याम भड़ाणा ने नियुक्ति पत्र जारी करते हुए बताया कि देवीलाल गुर्जर द्वारा समाज हित में किए जा रहे कार्यों को देखते हुए उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। महासभा ने उम्मीद जताई कि वे समाज को नई दिशा देने के साथ संगठन को और अधिक मजबूत करेंगे।

नवनियुक्त तहसील अध्यक्ष देवीलाल गुर्जर ने संगठन नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे समाज हित में पूरी निष्ठा और सक्रियता के साथ कार्य करेंगे तथा संगठन की अपेक्षाओं पर खरा उतरने का प्रयास करेंगे।

# नगर कांग्रेस कमेटी ने जन समस्याओं को लेकर सौंपा ज्ञापन, समाधान नहीं होने पर तालाबंदी की चेतावनी

स्मार्ट हलचल



**गंगापुर।** शहर की विभिन्न जन समस्याओं को लेकर नगर कांग्रेस कमेटी गंगापुर द्वारा सोमवार को नगर पालिका प्रशासक एवं नवनियुक्त उपखंड अधिकारी विवेक गुर्जर को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन सौंपने से पूर्व नगर कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने उपखंड अधिकारी विवेक गुर्जर का उपरना ओढ़ाकर स्वागत एवं सम्मान किया।

ज्ञापन में नगर कांग्रेस कमेटी ने शहर की बिगड़ती सफाई व्यवस्था, जगह-जगह फैले कचरे, बंद पड़ी रोड लाइटों, क्षतिग्रस्त सड़कों, खराब पड़ी पनघट, नालियों की सफाई नहीं होने सहित अन्य जन समस्याओं का उल्लेख करते हुए शीघ्र समाधान की मांग की। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि नगर पालिका अधिशासी अधिकारी पंकज कुमार मंगल की अव्यवहारिक कार्यप्रणाली के कारण आमजन को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है तथा शहर की व्यवस्थाएं पूरी तरह चरमरा गई हैं।

नगर कांग्रेस अध्यक्ष धीरज चंदेल ने कहा कि यदि आगामी 48 घंटे के भीतर शहर की विभिन्न समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो नगर कांग्रेस कमेटी द्वारा नगर पालिका में तालाबंदी कर उग्र आंदोलन किया जाएगा, जिसकी समस्त जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

इस दौरान निवर्तमान नगर पालिका उपाध्यक्ष धर्मेंद्र गहलोत, पूर्व नगर पालिका उपाध्यक्ष लखन काकानी, पूर्व पार्षद प्रहलाद सुथार, तुलसी अमृत महाविद्यालय एन एस यूआई पूर्व अध्यक्ष नवरत्न बेरवा महेश तेली, गजेंद्र गहलोत, प्रदीप शर्मा सहित अनेक कांग्रेसी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# कोटड़ी में सकल जैन समाज ने निकाला मौन जुलूस, उपखंड कार्यालय पहुंच सौंपा ज्ञापन

स्मार्ट हलचल



**कोटड़ी।** देश के विभिन्न क्षेत्रों में जैन संत-संतियों के साथ घटित हो रही दुखद घटनाओं के विरोध एवं संतों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग को लेकर सोमवार को कोटड़ी में सकल जैन समाज द्वारा मौन जुलूस निकाला गया। हालही में आर्थिका माताजी के साथ हुए दुर्घटना में असामयिक निधन से जैन समाज मे गहरा आक्रोश व्याप्त हो गया। समग्र जैन समाज के महिला-पुरुष बड़ी संख्या में शामिल हुए और शांतिपूर्ण तरीके से अपनी एकजुटता प्रकट की। मौन जुलूस सदर बाजार स्थित जैन मंदिर से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गों से होता हुआ नेहरू नगर स्थित उपखंड कार्यालय पहुंचा जहां समाजजनों ने उपखण्ड अधिकारी कार्यालय के सहायक प्रशासनिक अधिकारी पारस गोधा को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में जैन संतों की सुरक्षा के लिए प्रभावी व्यवस्था लागू करने तथा घटनाओं की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कठोर कार्रवाई की मांग की गई। मां जुलूस कार्यक्रम का नेतृत्व दिगम्बर जैन समाज के अध्यक्ष नेमीचन्द पाटोदी एवं श्वेताम्बर समाज के अध्यक्ष निर्मल लोढ़ा ने किया। इस दौरान दोनों समाजों के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में महिला-पुरुष उपस्थित रहे। मोन जुलूस के दौरान समाजजन शीतल भवन पहुंचे जहां शीतल ज्योति साध्वी मणिप्रभा जी महाराज द्वारा दिवंगत साध्वियों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई तथा समाज को अहिंसा, संयम एवं एकता का संदेश दिया गया। आयोजन शांतिपूर्ण एवं अनुशासित वातावरण में संपन्न हुआ।

# गंगापुर उपखंड अधिकारी का स्वागत




स्मार्ट हलचल | गंगापुर

उपखंड अधिकारी गंगापुर विवेक गुर्जर का गुर्जर समुदाय के लोगों ने परंपरागत समाज का साफ पहनकर तथा स्वर्गीय कर्नल बैंसला की तस्वीर भेंट कर, गुर्जर समुदाय का उपना ओढ़ाकर स्वागत किया। सोमवार को गुर्जर समुदाय के लोग गंगापुर उपखंड कार्यालय पहुंचे उपखंड अधिकारी विवेक गुर्जर को समाज का साफा बंधवाकर गुर्जर समुदाय की परंपरा के अनुसार स्वागत किया गया। इस दौरान समाज के रतनलाल गुर्जर, रामेश्वर लाल, गज सिंह सहित गणमान्य लोग उपस्थित रहे। उपखंड अधिकारी विवेक गुर्जर ने समाज के लोगों को अपने बालकों की शिक्षा पर जोर देने की अपील की। ताकि समाज की प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का अवसर मिल सके।

# प्रियांषु काबरा का इंटीरियर डिजाइन में ऑल इंडिया स्तर पर तीसरा स्थान

स्मार्ट हलचल



**भीलवाड़ा।** इंटीरियर डिजाइन के क्षेत्र में प्रियांषु काबरा ने शानदार उपलब्धि हासिल करते हुए ऑल इंडिया स्तर पर तीसरा स्थान प्राप्त किया है। इस उपलब्धि से न केवल उनके परिवार बल्कि पूरे क्षेत्र में गर्व और खुशी का माहौल है। प्रियांषु ने अपनी मेहनत, लगन और रचनात्मक सोच के बल पर यह मुकाम हासिल किया। उनकी इस सफलता ने युवाओं के लिए प्रेरणा का कार्य किया है।

# राउमावि गांगलास में पर्यावरण संरक्षण एवं स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

स्मार्ट हलचल | मोड़ का निंबाहेड़ा



आसींद क्षेत्र के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय गांगलास में कक्षा 12 के विद्यार्थियों द्वारा समाज सेवा गतिविधि के तहत पर्यावरण संरक्षण एवं स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम वरिष्ठ अध्यापक छोटू खा मंसूरी के निर्देशन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत सत्ती माता मंदिर परिसर से हुई, जिसके बाद विद्यालय एवं आसपास के क्षेत्रों में स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण को लेकर जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान विद्यार्थियों ने ग्रामीणों को स्वच्छता बनाए रखने एवं पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रिंसिपल अशोक सुहिल ने विद्यार्थियों के सहयोग से विद्यालय एवं गांव के विभिन्न स्थानों पर पक्षियों के लिए परिंडे बांधे तथा बच्चों को पर्यावरण संरक्षण का महत्व समझाया। उन्होंने कहा कि पेड़-पौधों और जीव-जंतुओं की सुरक्षा करना हम सभी की जिम्मेदारी है।

इस अवसर पर विद्यालय स्टाफ से वरिष्ठ अध्यापक छोटू खा पिनारा, राजेश मीणा, गोपी रेगर, इकाई पंचायत अध्यक्ष मनीष कुमार सुवालका, बग्सु नेगाड़ी, गोपाल नेगाड़ी, गजराज सिंह, भंवरलाल तिवारी, स्वामी विवेकानंद अध्यक्ष शिवराज शर्मा सहित अनेक ग्रामीण उपस्थित रहे।

# एकीकृत महासंघ भीलवाड़ा ने लंबित मांगो को लेकर मरीजों को फल वितरित कर जताया अनूठा विरोध

स्मार्ट हलचल | भीलवाड़ा



अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ एकीकृत के प्रदेश अध्यक्ष गजेंद्र सिंह राठौर के आव्हान पर भीलवाड़ा जिलाध्यक्ष लक्की ब्यावट के नेतृत्व मे कर्मचारियों की लंबीत मांगों के प्रति सरकार के उदासीन रवेये के खिलाफ में महात्मा गाँधी अस्पताल के कर्मचारियों ने अपनी आपातकालीन सेवाओं को देखते हुए 1 घंटे का प्रदेशव्यापी कार्य बहिष्कार ना करते हुए एक अनूठा विरोध करते हुए वार्डो मे जाकर मरीजों और उनके परिजनों को फल वितरित किये 7 महासंघ के कार्यकारी जिलाध्यक्ष अमित व्यास ने बताया की आंदोलन को लेकर महासंघ को विभिन्न कर्मचारी संगठनो का समर्थन प्राप्त है।

आगे व्यास ने बताया की कर्मचारियों को लंबित मांगों को लेकर विभिन्न कर्मचारी संगठनों की संयुक्त बैठक में कर्मचारियों की वाजिब मांगों पर सरकार के संवेदनहीन रवेये पर रोष व्यक्त करते हुए सर्वसम्मति से प्रदेशव्यापी आंदोलन का निर्णय लिया गया है, पिछ्ले डेढ़ माह से कर्मचारियों की वेतन से पैसों की कटौती के बाद भी निजी अस्पतालों में आर जी एच एस सुविधा ठप पड़ी है गंभीर बीमारियों से जूझ रहे कर्मचारियों और पेंशनर इलाज के लिए दर-दर भटक रहे हैं वित्तीय वर्ष बीत जाने के बाद भी समर्पित अवकाश का नगद भुगतान नहीं हुआ, वोकेशनल प्रशिक्षको की लंबित मांगे हरियाणा मॉडल लागू करना लंबे समय से नहीं मानी जा रही है,महात्मा गाँधी अस्पताल मे लगे कम्प्यूटर कर्मियों को सीएसआर नियम मे शामिल करने इन्ही 25 सूत्रीय मांगो को लेकर पहले ही 20 मई को अतिरिक्त जिला कलेक्टर के माध्यम से मुख्यमंत्री महोदय को ज्ञापन दीया गया था साथ ही चेतावनी दीं थी की मांगे नहीं मानने पर प्रतिदिन 1 घंटे का सांकेतिक प्रदर्शन कर विरोध दर्ज कराएंगे इसके बावजूद सरकार द्वारा कोई सकारात्मक कदम नहीं उठाया गया, इससे आक्रोषित होकर प्रदेश के समस्त सरकारी विभागों और कार्यालयों मे आज 25 मई से 7 दिनो तक विरोध प्रदर्शन किया जायेगा।

जिला प्रवक्ता गिरिराज लड्ढा ने बताया की महासंघ नेआगे चेतावनी दी है कि इसके बाद भी सकारात्मक कदम नहीं उठा तो प्रदेश स्तर पर उग् आंदोलन किया जायेगा।

# भीनमाल में खौफनाक वारदात से आक्रोशः मुख्य बाजार में युवक पर जानलेवा हमले के खिलाफ उमड़ा जनसैलाब, प्रशासन को 48 घंटे का अल्टीमेटम

स्मार्ट हलचल



**भीनमाल।** शहर के मुख्य बाजार में एक युवक पर हुए जानलेवा हमले के विरोध में सोमवार को भीनमाल पूरी तरह सुलग उठा। देवासी समाज सहित सर्वसमाज (36 कौम) के हजारों लोग भीषण गर्मी की परवाह किए बिना उपखंड कार्यालय के बाहर धरने पर बैठ गए। आक्रोशित भीड़ ने कानून व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए आरोपियों की तुरंत गिरफ्तारी की मांग की।

इस दौरान मुख्यमंत्री के नाम अतिरिक्त जिला कलेक्टर पूजा सक्सेना को ज्ञापन सौंपकर अपराधियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की मांग की गई। सर्वसमाज ने प्रशासन को चेतावनी दी है कि यदि दो दिन (48 घंटे) के भीतर सभी नामजद आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किया गया, तो पूरे क्षेत्र में उग्र आंदोलन छेड़ा जाएगा।

**'अपराधी की कोई जाति नहीं होती, भीनमाल में भय का माहौल'**

धरने को संबोधित करते हुए रानीवाड़ा विधायक रतन देवासी ने कहा कि युवक पर हुआ यह हमला बेहद निंदनीय है। किसी भी विवाद का समाधान कानून के दायरे में होना चाहिए, न कि हिंसा से। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह दो जातियों का झगड़ा नहीं, बल्कि अपराध के खिलाफ सर्वसमाज की लड़ाई है। भीनमाल विधायक डॉ. समरजीत सिंह राठौड़ ने बीच बाजार हुई इस घटना पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसी वारदातें बर्दाश्त नहीं की जाएंगी। पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष सांवलाराम देवासी ने कहा कि अपराधियों की कोई जाति नहीं होती। रमेश सोनी पुनासा ने कानून व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए कहा कि इस घटना से आमजन में भय व्याप्त है और अब भीनमाल सुरक्षित महसूस नहीं कर रहा है।

**भारी पुलिस जाब्ता तैनात, गर्मी में भी डटे रहे लोग**

सोमवार सुबह से ही उपखंड कार्यालय के बाहर लोगों का जुटना शुरू हो गया था। देखते ही देखते परिसर के बाहर जनसैलाब उमड़ पड़ा। बिगड़ते माहौल और सुरक्षा व्यवस्था को भांपते हुए प्रशासन ने मौके पर भारी पुलिस बल तैनात कर दिया। भीषण गर्मी और तेज धूप के बावजूद लोग इंसाफ की मांग को लेकर धरना स्थल पर डटे रहे।

**इन्होंने भी किया संबोधित**

विरोध प्रदर्शन के दौरान ओमप्रकाश खेतावत जयरुपाराम माली, शेखर व्यास, हरिसिंह सोलंकी, जोरावर सिंह राव, भरत सिंह भोजानी, सुरेश बंजारा, संजीव माथुर, भरत सिंह राव, स्वामी दिव्य स्वरूपदास महाराज,दिनेश दवे, मनोज गुप्ता, भंवरलाल सोलंकी और जोगाराम चौधरी,हाजी सतार खां, मुस्ताक खान, सतीश सेन सहित कई वरिष्ठ नेताओं और समाजसेवियों ने सभा को संबोधित किया। इस मौके पर हकसिंह राव, ओमप्रकाश महेश्वरी, विजय सिंह राव, डॉ पांचाराम देवासी,सीएल गहलोत, जयंतीलाल घांची,सरदाराम माली, संदीप देसाई, डॉ वरदाराम देवासी,श्रवण सिंह राव,पारस घांची, महेंद्र जीनगर,जगदीश प्रसाद, सुरेश नामा,जबराराम भाटी,परबत सिंह राव, रामलाल माली, मेघाराम सहित छत्तीसगढ़ कौम के सैकड़ों प्रबुद्ध लोग और पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# पारोली पुलिस की बड़ी कार्रवाईः मंदिर में चोरी की वारदात का महज़ कुछ ही दिनों में पर्दाफाश

स्मार्ट हलचल | भीलवाड़ा/शाहपुरा




जिला पुलिस अधीक्षक सागर राणा के निर्देशानुसार जिले में चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने और अपराधियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत पारोली थाना पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने बिशनियां गांव के मंदिर में भगवान के शिखर से चांदी का मुकुट चोरी करने के मामले का खुलासा करते हुए आरोपी त्रिलोक पाराशर को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी किए गए आभूषण भी बरामद कर लिए हैं।

यह पूरी कार्रवाई अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शाहपुरा श्री राजेश आर्य के निर्देशन एवं वृताधिकारी कोटड़ी श्री सुरेश कुमार के निकटतम सुपरविजन में पारोली थानाधिकारी श्री सियाराम (पुनि) के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा की गई।

**क्या थी घटना?**

पारोली थाने में प्रार्थी बालमुकुन्द (26) पुत्र सत्यनारायण ब्राह्मण, निवासी बिशनियां ने एक रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रिपोर्ट के अनुसार, दिनांक 28 अप्रैल 2026 को सुबह 07:00 से 09:00 बजे के बीच अज्ञात चोर ने मंदिर के शिखर पर लगा लगभग 200 ग्राम वजनी चांदी का मुकुट चुरा लिया था। भगवान का मुकुट चोरी होने से स्थानीय ग्रामीणों में भारी आक्रोश था।

पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए प्रकरण संख्या 64/2026 धारा 305(डी) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर अनुसंधान एएसआई मुंशी खां के सुपुर्द किया।

**सीसीटीवी और बीटीएस तकनीक से खुला राज**

वारदात के खुलासे के लिए पुलिस टीम ने आधुनिक तकनीकों का सहारा लिया। टीम ने घटनास्थल और उसके आसपास के करीब 50 से 60 सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले। फुटेज में दिखे संदिग्ध के रूट के आधार पर मोबाइल टावर के बीटीएस डेटा का गहन विश्लेषण किया गया।

तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने संदिग्ध त्रिलोक (42) पिता चांदमल पाराशर, निवासी चेनपुरा (थाना काछोला, जिला भीलवाड़ा) को डिटेन किया। पुलिस द्वारा कड़ाई से पूछताछ करने पर आरोपी ने मंदिर में चोरी की वारदात को अंजाम देना स्वीकार कर लिया, जिसके बाद उसे गिरफ्तार कर आभूषण बरामद किए गए। वारदात का तरीकाः गिरफ्तार आरोपी बेहद शातिर है। वह पहले सुनसान या कम भीड़भाड़ वाले मंदिरों की रेकी करता था और मौका पाकर वहां लगे कीमती आभूषण व मुकुट चुराकर फरार हो जाता था।

**आरोपी का पुराना आपराधिक रिकॉर्ड**

पुलिस जांच में सामने आया है कि आरोपी त्रिलोक पाराशर एक आदतन अपराधी है और उस पर पहले से ही चोरी व राजकार्य में बाधा डालने के कई मामले दर्ज हैं: थाना बीगोद (2022): प्रकरण संख्या 90/2022 धारा 379 भादस (जैर ट्रायल) थाना काछोला (2025): प्रकरण संख्या 02/2025 धारा 331(4), 305(डी) बीएनएस (जैर ट्रायल) अन्य मामला (2016): प्रकरण संख्या 65/2016 धारा 332, 353 भादस (जैर ट्रायल)

इस टीम को मिली सफलता (कांस्टेबल शैतान सिंह का विशेष योगदान)

वारदात को सुलझाने और आरोपी को दबोचने में पारोली थाने की इस टीम ने मुख्य भूमिका निभाईः सियाराम (थानाधिकारी, पारोली), मुंशी खां (सहायक उपनिरीक्षक), शैतान सिंह (कांस्टेबल) – मामले को सुलझाने में विशेष व सराहनीय योगदान, रामावतार (कांस्टेबल), रणजीत (कांस्टेबल), मामले में पुलिस द्वारा आरोपी से अन्य वारदातों के संबंध में अग्रिम अनुसंधान व पूछताछ जारी है।

# होलीरड़ा तेजाजी, बालाजी, चारभुजा नाथ की मूर्ति स्थापना, तैयारियां शुरू



स्मार्ट हलचल

**आकोला।** निकटवर्ती ग्राम होलीरड़ा में तेजाजी महाराज व बालाजी महाराज भगवान चारभुजा नाथ की मूर्ति स्थापना व यज्ञ की तैयारियां शुरू हो गई है इस मौके पर समस्त ग्राम वासियों द्वारा यज्ञ के झंडे को डीजे के साथ धूमधाम से पूरे गांव में घुमाया व यज्ञ स्थल पर झंडे को स्थापित किया तेजाजी समिति कार्यकर्ता राधेश्याम जाट किशन जाट हरिलाल जाट रामलाल जाट हरिशंकर जाट हीरा लाल जाट देवी लाल जाट व समस्त ग्राम वासियों द्वारा तैयारियां शुरू हुई यज्ञ दिनांक 9/6/2026से शुरू होगा।

# विधायक गोपीचंद मीणा ने फत्ता का खेड़ा में नव निर्मित सड़क का लोकार्पण

स्मार्ट हलचल

**खजूरी।** उपतहसील क्षेत्र के फत्ता का खेड़ा छूर स्थित भगवान देवनारायण मंदिर परिसर में नव निर्मित सड़क का लोकार्पण विधायक गोपीचंद मीणा द्वारा विधिवत फीता काटकर किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीण, जनप्रतिनिधि एवं भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे। सड़क निर्माण को लेकर ग्रामीणों में उत्साह का माहौल देखने को मिला।

कार्यक्रम के दौरान विधायक गोपीचंद मीणा ने भगवान देवनारायण मंदिर में दर्शन कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। इसके बाद ग्रामीणों ने विधायक का साफा बंधवाकर एवं माला पहनाकर आत्मीय स्वागत किया। महिलाओं एवं युवाओं ने



भी कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक भाग लिया।

विधायक ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए सड़क, पानी, बिजली एवं शिक्षा जैसी मूलभूत सुविधाओं को प्राथमिकता के साथ पूरा किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर सड़कें बनने से आमजन को आवागमन में सुविधा मिलेगी तथा गांवों का विकास तेज गति से होगा।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार एवं जनप्रतिनिधियों के संयुक्त प्रयासों से गांव-ढाणियों तक विकास कार्य पहुंच रहे हैं और आने वाले समय में भी क्षेत्र में विभिन्न विकास कार्य करवाए जाएंगे। विधायक ने ग्रामीणों से क्षेत्र के विकास में सहयोग करने की अपील भी की।

इस अवसर पर भाजपा नेता किशोर शर्मा, मोहन सिंह कानावत मान सिंह मीणा, रामपाल मीणा, ग्रामीण हाथी राम गुर्जर, सीताराम गुर्जर, नारायण गुर्जर, लक्ष्मी नारायण शर्मा सहित सैकड़ों महिला एवं पुरुष उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों ने सड़क निर्माण कार्य पर खुशी जताते हुए कहा कि लंबे समय से इस सड़क की आवश्यकता महसूस की जा रही थी, जिसके बनने से अब लोगों को आवागमन में काफी राहत मिलेगी।

- विधायक मीणा ने लोगो से कहा हम विकास कराएँगे पर आप जीमने तो बुलाओगे - लोगो ने हाथ खड़े कर दिया समर्थन - विधायक गोपीचंद मीणा ने कहा की क्षेत्र के विकास मे कोई कमी नहीं आने देंगे। क्षेत्र मे तहसील भी खोलेंगे देवनारायण छात्रावास भी बनायेगे

सब तरह से विकास करेंगे पर अभी कुछ दिनों पहले एक बात आई पांच सात दिन पहले की हमें जीमने नहीं बुलाना है।

विधायक ने वहां मौजूद गुर्जर समाज के लोगो से कहा की आप लोग नूत पात तो नहीं तोड़ोगे। जीमने बुलाओगे हाथ खड़े कर के बताओ

तो वहां मौजूद लोगो ने हाथ खड़े कर समर्थन दिया ।

कुछ दिन पूर्व कांग्रेस नेता धीरज गुर्जर ने इसी क्षेत्र मे आयोजित भजन संध्या मे लोगो को कहा था कुछ लोग निजी स्वार्थ के लिए मेरे विरोधियो को बुलाते है।

मेरे साथ गद्दारी करते है उनके साथ उठना बैठना बंद करो भोजन व्यवहार बंद करो इसी का जवाब विधायक मीणा ने दिया।

# संत सुरक्षा नीति के गठन को लेकर सकल जैन समाज ने दिया ज्ञापन




स्मार्ट हलचल

**बिजौलियाँ।** बिजोलिया कस्बे में सकल जैन समाज द्वारा सोमवार को जैन संतों की सुरक्षा को लेकर विशाल मौन जुलूस निकालकर प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के नाम का ज्ञापन बिजोलिया तहसीलदार ललित डीडवानिया को दिया। मौन जुलूस नगर पालिका चौक से प्रारंभ हुआ और 2 किलोमीटर पैदल चलकर तहसील कार्यालय पर पहुंचा इस पर काफी संख्या में महिलाएं पुरुष और युवक शामिल थे।

ज्ञापन में पैदल विहार करने वाले संतों के लिए संत सुरक्षा नीति का गठन किया जाए और उनके लिए पुलिस और प्रशासन द्वारा संरक्षण प्रदान किया जाए।

अभी हाल ही में रीवा मध्य प्रदेश में कार एक्सीडेंट में जानबूझकर दो साध्वी संत को मार दिया था जिसका भी जैन समाज में भारी आक्रोश है इसमें दोषी व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई करने की भी मांग की गई।

ज्ञापन देने वालों में नेमीचंद काला, प्रेमचंद सोनी, पंकज हरसोरा, सुरेश पटवारी, तेजमल श्रीपुरा, वर्धमान ठग,अनिल सोनी, सुनील काला, मुकेश धनोपिया।, पिमेश धनोपिया, सुनील जैन, राजेश लसोड, लक्ष्मी लाल सुराणा और महिलाओं में आशा अजमेर।, उषा पटवारी, शकुंतला सेठिया, बरखा सोनी, अलका मोदी, अनीता सोनी आदि काफी महिलाएं शामिल रही।

# भागवत कथा के दूसरे दिवस की कथा में उमड़े श्रद्धालु

**सात दिवसीय कथा में उमड़े श्रद्धालु, दूसरे दिन की पूजा अर्चना के साथ भक्तों ने लिया आनंद**



स्मार्ट हलचल

**लाडपुरा।** सामुदायिक भवन प्रांगण परिसर में ग्रामवासी द्वारा रविवार को कलश यात्रा के साथ सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का भव्य शुभारंभ हुआ। इस धार्मिक आयोजन के दूसरे दिवस श्रीमद्भागवत कथा के द्वितीय दिवस महाराज श्री ने कथा का मंगलमय शुभारंभ करते हुए कहा कि अमृत का पान करने वाला व्यक्ति स्वयं अमर होता है, किन्तु श्रीमद्भागवत कथा रूपी अमृत का रसपान करने से मनुष्य का सम्पूर्ण कुल अजर-अमर हो जाता है। महाराज श्री ने भागवत महापुराण की महिमा बताते हुए कहा कि महाभारत में पारिवारिक संबंधों का वर्णन है, जबकि श्रीमद्भागवत में भगवान एवं उनके परम भक्तों की दिव्य कथाओं का वर्णन होने से इसका स्थान अत्यंत विशिष्ट है।

कथा प्रसंग में राजा परीक्षित को प्राप्त श्राप एवं श्री शुकदेव जी महाराज के पावन मिलन का सुंदर वर्णन किया गया। महाराज श्री ने बताया कि राजा परीक्षित ने शुकदेव



जी से केवल एक ही प्रश्न किया था कि मृत्यु समीप होने पर मनुष्य को क्या करना चाहिए? इस पर शुकदेव जी महाराज ने उत्तर दिया कि जिसे मृत्यु निकट दिखाई दे, उसे केवल भगवान की कथा एवं नाम-स्मरण में ही अपना जीवन लगा देना चाहिए। कथा श्रवण कर श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे।

इस भागवत कथा के दौरान नंदकिशोर सनाढ्य, भगवान सुथार, शंभू धाकड़, राधकिशन सुथार, कैलाश सोडाणी, सत्यनारायण गगरानी, शांति सोमानी, नारायण सनाढ्य, गोविंद सनाढ्य, सहित ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित थे। सात दिवसीय 30 मई को परसादी के साथ ही भागवत कथा का समापन होगा।

# उपखंड स्तरीय वंदे गंगाजल अभियान का हुआ भव्य शुभारंभ

स्मार्ट हलचल

**बिजयनगर।** मसूदा, जल संरक्षण एवं जल स्रोतों के पुनर्जीवन के संकल्प के साथ आज *उपखंड स्तरीय वंदे गंगाजल अभियान का भव्य शुभारंभ किया गया।

कार्यक्रम विधायक वीरेंद्र सिंह कानावत के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। शुभारंभ अवसर पर कलश यात्रा निकाली गई, पीपल पूजन किया गया तथा पौधारोपण किया गया।



माननीय विधायक श्री कानावत ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी नागरिकों एवं सरकारी अधिकारी-कर्मचारियों को जल संरक्षण हेतु शपथ दिलाते हुए कहा कि जल जीवन का आधार है। प्रत्येक व्यक्ति को जल बचाने, वर्षा जल संग्रहण और जल स्रोतों को स्वच्छ रखने का संकल्प लेना चाहिए।

इस अवसर पर उपखंड अधिकारी दीपशिखा ने जल संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जल संकट से निपटने के लिए जन सहयोग अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने उपस्थित नागरिकों से जल संरक्षण के प्रति जागरूक रहने और समाज को भी जागरूक करने का आह्वान किया।

कार्यक्रम में अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका मसूदा अक्षय राजपुरोहित, विकास अधिकारी, पंचायत समिति मसूदा संदेश पाराशर, ब्लॉक अध्यक्ष विजय सिंह रावत, बीजेपी महामंत्री मनोज जेठलिया, अन्य विभागीय अधिकारी-कर्मचारीगण, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं गणमान्य नागरिक उपस्थत रहे।

# बानोड़ा बालाजी धाम में आस्था का महाकुंभः कल सजेगी कलश यात्रा, 27 मई से शुरू होगा 108 कुण्डीय महायज्ञ

स्मार्ट हलचल

**लाडपुरा।** क्षेत्र के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल बानोड़ा बालाजी धाम में आस्था का बड़ा आयोजन होने जा रहा है। यहाँ 'श्री राम कृष्ण कल्कि शक्ति महायज्ञ' के अंतर्गत 108 कुण्डीय 7 दिवसीय महायज्ञ एवं पाटोत्सव का भव्य आयोजन किया जाएगा। यह सम्पूर्ण कार्यक्रम आचार्यत्व श्री बानोड़ा बालाजी महाराज के पावन सान्निध्य में संपन्न होगा।

आयोजन की शुरुआत 26 मई को विशाल कलश यात्रा के साथ होगी, जबकि मुख्य महायज्ञ 27 मई से 2 जून तक चलेगा। इस आयोजन को लेकर क्षेत्र के लोगों में भारी उत्साह है और श्री राम दिव्य रथ के माध्यम से गांव-गांव जाकर दशांश हवन का धार्मिक संदेश भी पहुंचाया जा रहा है।



**कार्यक्रम की प्रमुख रूपरेखा और तिथियां:**

1. बेवाण और विशाल कलश यात्रा (26 मई), महायज्ञ से एक दिन पूर्व, 26 मई को 27 अलग-अलग गांवों से 'श्री नारायण रथ' (बेवाण) धाम में पहुंचेंगे।

इस दौरान एक विशाल और भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी, जिसकी शोभा बढ़ाने के लिए हाथी, घोड़े, रथ और विभिन्न भजन मंडलियां शामिल होंगी।

2. 108 कुण्डीय महायज्ञ (27 मई - 2 जून) शुभारंभः महायज्ञ की विधिवत शुरुआत 27 मई (ज्येष्ठ शुक्ल एकादशी, बुधवार) को होगी। विशेष अनुष्ठानः इस महायज्ञ के दौरान मूल नक्षत्र, निरृति देव यज्ञ एवं पूर्वाभाद्र नक्षत्र जल देव यज्ञ जैसे विशेष अनुष्ठान किए जाएंगे। समापनः 2 जून (अधिक ज्येष्ठ कृष्ण द्वितीया, मंगलवार) को पूर्णाहुति के साथ सात दिवसीय यज्ञ का समापन होगा।

3. विराट पाणिग्रहण संस्कार (विवाह महोत्सव)

आयोजन के अंतिम दिन, 2 जून को दोपहर 2:15 बजे चारभुजानाथजी और यज्ञ लक्ष्मीजी का विराट पाणिग्रहण संस्कार पूरे विधि-विधान से संपन्न कराया जाएगा।

**प्रतिदिन के विशेष आकर्षण:**

महायज्ञ के इन सात दिनों के दौरान श्रद्धालुओं के लिए विशेष धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जाएगाः प्रतिदिन मधुर भजन संध्या और मंगल गीतों की प्रस्तुति। देवी-देवताओं की सजीव और आकर्षक इलेक्ट्रॉनिक झांकियों का भव्य प्रदर्शन।

# बिजयनगर कांग्रेस नगर अध्यक्ष अंकित तातेड़ की अगुवाई में हुई ऐतिहासिक बैठक

स्मार्ट हलचल

**बिजयनगर।** कांग्रेस के नवनियुक्त नगर अध्यक्ष अंकित तातेड़ की अध्यक्षता में राज दरबार सिटी ऑफिस पर 'चाय पे चर्चा' एवं एक विशेष संगठनात्मक बैठक का सफल आयोजन किया गया। बैठक में बिजयनगर के सभी नवनियुक्त 40 वार्ड अध्यक्षों का माला पहनाकर भव्य स्वागत व अभिनंदन किया गया।

इस दौरान नगर अध्यक्ष अंकित तातेड़ ने सभी वार्ड अध्यक्षों से व्यक्तिगत परिचय कर उन्हें संगठन व जनहित की जिम्मेदारियां सौंपी। सभी 40 वार्ड अध्यक्षों ने एक सुर में नगर अध्यक्ष अंकित तातेड़ में पूरा विश्वास जताते हुए संकल्प लिया कि वे संगठन में कंधे से कंधा मिलाकर चलेंगे और आने वाले चुनावों में बिजयनगर में ऐतिहासिक बहुमत के साथ कांग्रेस का बोर्ड बनाएंगे।

**सेवा दल और वरिष्ठ नेताओं ने बढ़ाया हौसला**

बैठक में दोलत , मूलसिंह, जिला महासचिव पियुल लुणावत, ब्लॉक मसूदा कांग्रेस सेवा दल अध्यक्ष रामलाल जी नगवाड़ा ने अपनी पूरी टीम के साथ नगर अध्यक्ष अंकित तातेड़ को विश्वास दिलाया और कंधे से कंधा मिलाकर संगठन को मजबूत करने का संकल्प लिया।

बैठक में गोपाल स्वरूप कुमावत, नवीन कुमार सोनी, अशोक कर्णावट, विजय अग्रवाल, कैलाश जाट, गंगा सिंह, इकबाल मोहम्मद सुभाष लोढ़ा,महबूब खान केलू, ओमप्रकाश मेघवाल, भोपाल सिंह, राजेंद्र गुर्जर, मेहरूद्दीन, सुभाष लोढा, राजेश, प्रदीप बडोला, उस्मान पठान, जितेंद्र कुमार बैरवा, ऋषि दत्त, अनिल कचरा, राहुल सोनी, लोकेश मावता, श्याम सुन्दर शर्मा, शहजाद मोहम्मद (मंसूरी), ओम प्रकाश मेधवंशी, ऋषि जांगिड़, दाऊद भाई कुरैशी, अनीस अंसारी, अकरम खान, फिरोज खान, हबीब खान, अनवर पठान, आजाद पठान, अमित जोशी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे और एकजुटता प्रदर्शित की।

नगर अध्यक्ष अंकित तातेड़ ने इस नई टीम के गठन पर राज-स्थान कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट, जिला अध्यक्ष किशोर चौधरी, संग्राम सिंह गुर्जर एवं राकेश पारीक सहित कांग्रेस के सभी गणमान्य शीर्ष नेताओं का सहृदय आभार और धन्यवाद व्यक्त किया।

# गंगा दशहरा पर वरिष्ठ नागरिक मंच ने बांटी शीतल छाछ

**एक घंटे में 3000 से अधिक ग्लास वितरित, स्वच्छता का भी दिया संदेश**

स्मार्ट हलचल | भीलवाड़ा

पुरुषोत्तम मास एवं गंगा दशहरा के पावन अवसर पर सोमवार सुबह वरिष्ठ नागरिक भवन में शीतल छाछ वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान राहगीरों एवं वाहन चालकों को रोक-रोककर छाछ पिलाई गई।

वरिष्ठ नागरिक मंच के अध्यक्ष मदन खटोड़ ने बताया कि कार्यक्रम की जिम्मेदारी कैलाश पुरोहित, उमा शंकर शर्मा एवं प्रमोद कुमार तोषनीवाल को सौंपी गई थी। महासचिव कृष्ण गोपाल सोमानी ने जानकारी देते हुए बताया कि करीब एक घंटे में 3000 से अधिक ग्लास छाछ का वितरण किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ श्याम कुमार



डाड एवं दामोदर अग्रवाल (निरमा वाले) ने गायत्री मंत्रोच्चार के साथ गंगाजल मिश्रित छाछ वितरण कर किया।

वरिष्ठ नागरिक मंच के उपाध्यक्ष बसंती लाल मूंदड़ा ने कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी सदस्यों का आभार जताया। कार्यक्रम के दौरान स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा गया। डस्टबिन की व्यवस्था होने के बावजूद सड़क पर पड़े खाली ग्लासों को इंजी. एस.एस. गंभीर, कैलाश पुरोहित, मनोहर कुमावत, नरेंद्र कुमार वर्मा 'नरेन' एवं हरीश मारू ने स्वयं उठाकर स्वच्छता अभियान में सहयोग दिया, जिस पर मंच की ओर से उनका सम्मान एवं धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

इस अवसर पर बालमुकुंद मोदी, राकेश सक्सेना, मूलचंद बाफना, सुशील बंसल, अशोक डाड, जयदीप एवं जयंत सारस्वत, सत्यनारायण बाहेती, वीणा खटोड़, मंजुलता भट्ट, मंजू खटवड़, निर्मला लखोटिया, शकुंतला बाफना सहित 100 से अधिक सदस्य उपस्थित रहे।

# 'जन भागीदारी सबसे दूर, सबसे पहले अभियान संपन्नः जनजातीय वर्ग को 18 से 25 तक शिविरों में योजनाओं से किया लाभान्वित

स्मार्ट हलचल | भीलवाड़ा

केंद्रीय जनजाति कार्य मंत्रालय की ओर से जिले में 18 मई से 25 मई 2026 तक 'जनजाति गरिमा उत्सव' के अंतर्गत चयनित 7 ब्लॉक के 141 राजस्व ग्रामों में विशेष शिविर आयोजित किए गए । जिला कलक्टर जसमीत सिंह संधू के अनुसार इन शिविरों में जनजातीय समुदाय के उत्थान और सरकारी योजनाओं की पहुंच अंतिम व्यक्ति तक सुनिश्चित करना मुख्य उद्देश्य रहा।

जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी चंद्रभान सिंह भाटी ने बताया कि धरती आबा जनजाति ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत चिन्हित गांवों में 'जन भागीदारी सबसे दूर, सबसे पहले' थीम पर आयोजित सैचुरेशन कैंप में पात्र लोगों को स्वास्थ्य शिविर आयोजन, जनसुनवाई, जनजागरण, जनसंवाद व जनसहभागिता और सेवाओं का संतृप्तिकरण सहित विविध गतिविधियों के माध्यम से लाभ पहुंचाया गया !!



**यूँ किया लोगों को लाभान्वित**

जिले में आयोजित 320 शिविरों में कुल 88775 लोगों की प्रतिभागिता रही जिनमें से 240 आधार कार्ड, 478 आयुष्मान कार्ड वितरण, 30 टीबी मरीज चिन्हीकरण, 278 जाति प्रमाणपत्र, 138 किसान क्रेडिट कार्ड, 269 सामाजिक सहायता पेंशन जारी, पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना में 146 चयनित, पीएम जन धन योजना में 93, पीएम जीवन ज्योति योजना में 98, पीएम किसान सम्मान निधि में 148, पीएम मातृ वंदन योजना में 93, पीएम सुरक्षा बीमा योजना में 179, उज्ज्वला योजना में 148 कनैक्शन, विश्वकर्मा योजना में 58, नए राशन कार्ड 406, स्किल सेल जांच48, पोषण अभियान में 272, सुरक्षा समृद्धि योजना में 48, स्टैंड अप इंडिया स्कीम में 72, वन धन योजना में 88, पीवीजीटी कार्ड वितरण 1223 कर लाभार्थियों को लाभान्वित किया गया !

अभियान के नोडल प्रभारी अधिशाषी अभियंता रामलाल भील ने जानकारी देते हुए कहा शिविरों में आदि सेवा केन्द्रों के माध्यम से जनजाति वर्ग को केंद्र वो राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं का सतत लाभ दिया जाएगा जिसमें ग्राम उत्कर्ष कार्ययोजना निर्धारण, स्वास्थ्य शिविर आयोजन, जनसुनवाई, जनजागरण, जनसंवाद व जनसहभागिता और सेवाओं का संतृप्तिकरण सहित विविध गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा।

**संजय कॉलोनी माहेश्वरी महिला मंडल की प्रथम साधारण बैठक संपन्न, नई कार्यकारिणी गठित**

# महिला मंडल नई ऊर्जा और उत्साह के साथ करेगा जनकल्याणकारी कार्यः अध्यक्ष अनुपमा मंत्री

**सदस्यों ने समाज हित और संगठन सशक्तिकरण का लिया संकल्प, विभिन्न कार्यक्रमों की बनाई रूपरेखा**

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा।** संजय कॉलोनी माहेश्वरी महिला मंडल की सत्र 2026-2028 की प्रथम साधारण बैठक क्षेत्रीय माहेश्वरी भवन में आयोजित की गई। बैठक में नई कार्यकारिणी के गठन की घोषणा की गई तथा सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने समाज हित में समर्पित भाव से कार्य करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम की शुरुआत संजय कॉलोनी माहेश्वरी समाज संस्थान भवन के कोषाध्यक्ष स्वर्गीय चंद्रेश मूंदड़ा के असामयिक निधन पर दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करने के साथ




हुई। इसके पश्चात भगवान महेश के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। सभी सदस्यों का तिलक लगाकर एवं मंगल प्रसाद खिलाकर स्वागत किया गया। बैठक में नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का उपरना पहनाकर सम्मान किया गया। अध्यक्ष अनुपमा मंत्री ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि मंडल सामाजिक, सांस्कृतिक एवं जनकल्याणकारी कार्यों को प्राथमिकता देते हुए नई ऊर्जा और उत्साह के साथ कार्य करेगा। उन्होंने कहा कि महिला मंडल समाज सेवा, संगठन सशक्तिकरण और सामाजिक मूल्यों के संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है तथा आने वाले समय में मंडल समाजहित के अनेक रचनात्मक कार्य करेगा। सचिव मधु हिंगड़ ने आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए विभिन्न जिम्मेदारियों का वितरण किया। कोषाध्यक्ष मधु बहेड़िया ने इस सत्र का सदस्यता शुल्क एकत्र किया। संगठन मंत्री मीता अटल ने मंडल को संगठित और सक्रिय बनाने पर जोर दिया। बैठक के दौरान मनोरंजन के लिए विभिन्न खेलों का आयोजन भी किया गया, जिसमें प्रथम और द्वितीय स्थान प्राप्त करने वालों को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष रेणु कोगटा सहित विनीता तोषनीवाल, जतन हिंगड़, आशा डाड, मंजू झंवर, अदिति लढा, टोनीका झंवर, संगीता मूंदड़ा, आरती लड्ढा, अंजू मंडोवरा, शिखा सोमानी, नेहा तोषनीवाल, सुमन अजमेरा, जया बांगड़, कुसुम बांगड़, मनीषा बांगड़, डिंपल डाड, ज्योति गग्गड़, कोमल सोनी, चंदा जागेटिया, सुनीता काबरा, सुनीता जागेटिया, लाड भंडारी, जागृति माहेश्वरी, मधु मूंदड़ा, रितु अजमेरा, अर्चना असावा, शिवानी माहेश्वरी, किरण काबरा, उर्मिला काबरा एवं सुनीता लाठी सहित अनेक सदस्याएं उपस्थित रहीं।

# सरेआम उड़ रहे सुरक्षा नियम, वेल्डिंग की चिंगारियों के बीच भर रहा पेट्रोल-डीजल



स्मार्ट हलचल

भीलवाड़ा, स्मार्ट हलचल। गुरला स्थित श्रीनाथ एचपी फिलिंग स्टेशन पर सुरक्षा नियमों की खुली अनदेखी सामने आई है। पेट्रोल पंप परिसर में शेड निर्माण के दौरान वेल्डिंग कार्य जारी है, वहीं पास में वाहनों में पेट्रोल-डीजल भरने का काम भी लगातार चल रहा है। वेल्डिंग से उठ रही चिंगारियों के बीच ईंधन भराई से बड़े हादसे की आशंका बनी हुई है।

स्थानीय लोगों के अनुसार जिला प्रशासन के निर्देशों के बावजूद यहां खुले ड्रमों में भी डीजल सप्लाई की जा रही है। ट्रैक्टरों में रखे बड़े ड्रमों में बिना पर्याप्त सुरक्षा इंतजाम के डीजल भरा जा रहा है, जिससे खतरा और बढ़ गया है।

नागरिकों ने मामले में प्रशासन से तत्काल कार्रवाई की मांग करते हुए कहा कि समय रहते रोक नहीं लगी तो कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है।

# कांग्रेस ने नीट पेपर लीक पेट्रोल डीजल दामों में बढ़ोतरी और बढ़ती महंगाई के विरोध में प्रदर्शन कर ज्ञापन दिया

स्मार्ट हलचल



**भवानी मंडी।** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार पूरे प्रदेश में पार्टी द्वारा पेट्रोल, डीजल गैस एवं नीट परीक्षा पेपर लीक मामले में एवं बढ़ती मंहगाई के विरोध में ब्लाक कांग्रेस कमेटी भवानी मंडी ने ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष रोड़ सिंह परमार के नेतृत्व में उप खंड अधिकारी को ज्ञापन सौंपा।

ब्लाक कांग्रेस प्रवक्ता अख्तर अली ने बताया कि कांग्रेस पार्टी द्वारा उप खंड कार्यालय के सामने विभिन्न मांगों, पेट्रोल डीजल, गैस की बढ़ती हुई किमतों एवं नीट पेपर लीक मामले में एन टी ए कि विफलता और भ्रष्टाचार में लिप्त अधिकारियों को गिरफ्तार करने, सहकारिता एवं तुलाई केंद्रों पर बारदान नहीं मिलने आदि समस्याओं को लेकर विरोध प्रदर्शन किया एवं केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी की गई।

बार बार प्रतियोगिता परीक्षाओं के पेपर लीक होने से बच्चों के भविष्य से खिलवाड़ हो रहा है उस पर केंद्र सरकार कोई ठोस कदम नहीं उठा पा रही हैं। केंद्र सरकार द्वारा बार-बार ऐसे फैसले लिए जा रहे हैं जिससे आम जनता को परेशानी हो रही है। विधानसभा प्रभारी नेमी गुर्जर ने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया है जनता के हक के लिए हर सम्भव सरकार के खिलाफ आवाज उठाओ। इस दौरान ब्लाक के ग्रामीण क्षेत्रों से काफी संख्या में कार्यकर्ता धरना प्रदर्शन में एकत्रित हुए।

इस दौरान उपस्थित विधानसभा प्रभारी नेमी गुर्जर, ब्लाक अध्यक्ष रोड़ सिंह परमार, विधानसभा प्रत्याशी चेतराज गहलोत, पूर्व विधायक स्नेहलता आर्य, नगर कांग्रेस अध्यक्ष विनय आसतौलिया, प्रदेश सचिव चंद्र सिंह राणा, जिला उपाध्यक्ष रोड सिंह कुंडी खेड़ा,पूर्व चेयरमैन कैलाश बोहरा, पूर्व उपाध्यक्ष अनिल मीणा, संगठन मंत्री कालु लाल सालेचा, मंडल अध्यक्ष बहादुर सिंह गुर्जर, रामचंद्र वर्मा,बालु सिंह जिला महासचिव,,एस सी प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष हेमंत बैरवा, पंचायती राज संगठन जिला अध्यक्ष जोरावर सिंह चौहान, सेवादल प्रदेश सचिव अख्तर अली,प्रदेश सचिव करुणा देवी, चिकित्सा प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष डॉ विकास पांडे,ब्लाक महासचिव कृपाल सिंह कोटड़ा, पूर्व जिला परिषद सदस्य सुदिप सालेचा, अर्जुनसिंह मालखेड़ा,ब्लाक उपाध्यक्ष चैन सिंह सिसौदिया, पूर्व जनपद विक्रम सिंह मोलडा, सेवादल ब्लाक अध्यक्ष आनंद काला,ओ बी सी ब्लाक अध्यक्ष नारायण सिंह लौर, पूर्व पार्षद हखिम ख़ान,राम गोपाल पाटीदार, पूर्व युआ अध्यक्ष सोभाग लौर, पूर्व सरपंच उमराव सिंह चौहान, जिला सेवादल कोर्डिनेटर अविनाश परमार, नगर सचिव फरीद उद्दीन,एस सी नगर अध्यक्ष अरूण तंवर, हलिम भाई, दशरथ खारोल,अमर लाल,दौलत सिंह, रामकरण मेघवाल , वरिष्ठ कांग्रेस नेता सुरजमल ठकराल,अजमल खान,लखन बैरागी, नगर उपाध्यक्ष हसीब चौधरी, रमेश मेघवाल ब्लाक उपाध्यक्ष एस सी, महेन्द्र सिंह मंडल अध्यक्ष पगारिया, मिश्रोली मंडल अध्यक्ष ओ बी सी गोपाल तंवर, गोविंद सिंह,राजा राम ब्लाक उपाध्यक्ष एस सी, नेपाल सिंह उपाध्याय, आदि उपस्थित रहे।

## आरजीएचएस सेवाएं बहाल करने की मांग, पेंशनर्स ने मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन



स्मार्ट हलचल| बानसूर

राजस्थान पेंशनर्स समाज नें आरजीएचएस कें तहत निःशुल्क चिकित्सा सुविधा एवं दवाइयों की व्यवस्था सुचारू करने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नाम उपखंड कार्यालय में सहायक प्रशासनिक अधिकारी राजेश जोशी कों ज्ञापन सौंपा। राजस्थान सेवानिवृत कर्मचारी महासंघ के प्रदेशाध्यक्ष बृजमोहन शर्मा नें बताया कि पिछ्ले करीब एक वर्ष से आरजीएचएस में सूचीबद्ध अस्पतालों से निःशुल्क उपचार प्राप्त करने में लगातार परेशानी आ रही हैं। वहीं 14 अप्रैल 2026 से प्रदेशभर में पेंशनर्स को न तो सूचीबद्ध अस्पतालों में चिकित्सा सुविधा मिल रही है और न ही फार्मा स्टोर से निशुल्क दवाइयां उपलब्ध हो रही हैं।राजस्थान पेंशनर्स समाज ने बताया कि पिछ्ले तीन माह में कई बार चिकित्सा विभाग और आरजीएचएस अधिकारियों से समस्या समाधान की मांग की गई, लेकिन अब तक कोई सकारात्मक कार्रवाई नहीं हुई। पेंशनर्स ने चेतावनी दी कि यदि जल्द व्यवस्था बहाल नहीं हुई और किसी पेंशनर के साथ अप्रिय घटना होती है, तो इसकी संपूर्ण जिम्मेदारी राज्य सरकार की होगी। इस दौरान हरिसिंह टांक,भूपसिंह चौधरी, रामसिंह पूनिया,मूलचंद पूनिया,अरुण सहित पेंशनर्स मौजूद रहें।

# सकल जैन समाज ने निकाली बाइक रैली, सौंपा ज्ञापन

## साधु साध्वियों के साथ बढ़ रही दुर्घटनाओं पर जताई नाराजगी

स्मार्ट हलचल



**भवानी मंडी।** झालावाड़ जिले के भवानीमंडी में सकल जैन समाज ने विरोध स्वरूप मौन जुलूस व बाइक रैली निकालकर उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौपा। यह रैली मध्य प्रदेश के रीवा में जैन साध्वियों के साथ हुई दुर्घटना व देश भर में साधुओ पर हो रही घटनाओं के विरोध में निकाली गई। बाइक रैली मे सभी समाजजन हाथों में नारे लिखी तख्तियां व जैन ध्वजा साथ लिए चल रहे थे, रैली नगर के श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गो से होते हुए उपखंड कार्यालय पहुंची जहां समाजजनों ने सरकार से सख्त संत सुरक्षा नीति लागू करने की मांग रखी गई। समाज अध्यक्ष टीकम जैन चांदवाड़ ने बताया कि हाल ही में मध्यप्रदेश के रीवा में दो जैन आर्यिका माताजी की जानबूझकर की गई दुर्घटना में असामायिक निधन हो गया, जिसे लेकर समस्त जैन समाज में अत्यंत दुख व गहरी वेदना व्याप्त है। जिसके विरोध स्वरूप मुख्यमंत्री, गृहमंत्री, जिला कलेक्टर व पुलिस अधीक्षक के नाम उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौंप कर समाज जनों द्वारा पांच सूत्रीय मांगे सरकार के समक्ष रखी गई। जिसमें घटना की निष्पक्ष उच्च स्तरीय जांच करने, संत सुरक्षा प्रोटोकॉल को तत्काल लागू करने, राष्ट्रीय संत सुरक्षा नीति बनाई जाने, संतो के विरुद्ध अपराधों को विशेष संवेदनशील श्रेणी में रखा जाने व प्रशासन एवं समाज के बीच समन्वय तंत्र स्थापित किए जाने की मांग की गई। साथ ही बताया कि जैन समाज सदैव शांति अहिंसा कानून व संवैधानिक मर्यादाओं में विश्वास रखता है, समाज का उद्देश्य भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकना है। जिसे लेकर प्रशासन से इस संवेदनशील विषय को गंभीरता से लेते हुए समाज की पांचो मांगो पर त्वरित प्रभावी कदम उठाए जाने की मांग रखी गई इस दौरान बड़ी संख्या में सकल जैन समाजजन उपस्थित रहे।

# ब्यावर एएसपी डॉ. अनुकृति उज्जैनिया का रैगर समाज ने किया सम्मान

स्मार्ट हलचल



**ब्यावर।** अखिल भारतीय रैगर महापंचायत संघ के तत्वावधान में ब्यावर जिला अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (स्क्र) डॉ. अनुकृति उज्जैनिया का भव्य स्वागत कर उन्हें 'रैगर रत्न' से सम्मानित किया गया।

संघ के संस्थापक व राष्ट्रीय अध्यक्ष एडवोकेट घनश्याम फुलवारी के नेतृत्व में समाज के प्रतिनिधिमंडल ने जिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर डॉ. उज्जैनिया के ब्यावर एएसपी का पदभार ग्रहण करने पर प्रसन्नता व्यक्त की। इस दौरान समाज के वरिष्ठ एवं गणमान्य नागरिक बंशीलाल सिंगाड़िया व वीरम राम भट्ट ने उन्हें साफा पहनाया। वहीं, जिला अध्यक्ष कामोदर प्रसाद मौर्या, जगदीश प्रसाद सुखधामी और बाबूलाल पंवार ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका अभिनंदन किया।

इसी कड़ी में राष्ट्रीय अध्यक्ष एडवोकेट घनश्याम फुलवारी ने समाज का गौरव बढ़ाने वाली अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. अनुकृति उज्जैनिया को 'रैगर रत्न' मोमेंटो भेंट कर सम्मानित किया। फुलवारी ने कहा कि डॉ. उज्जैनिया की यह उपलब्धि समाज में नारी शक्ति और नारी सम्मान को बढ़ावा देने की दिशा में एक बड़ी प्रेरणा है, जिसके लिए पूरा समाज उनका आभार व्यक्त करता है और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करता है। सम्मान के दौरान एएसपी डॉ. अनुकृति उज्जैनिया के साथ प्रतिनिधिमंडल ने सामाजिक विकास और शहर के हित से जुड़े विभिन्न विषयों पर सकारात्मक चर्चा भी की।

इस गरिमामयी अवसर पर एडवोकेट घनश्याम फुलवारी, बंसीलाल सिंघाड़िया, बीरम राम भट्ट, बाबूलाल पंवार, जगदीश प्रसाद सुखधामी, बिरदी चंद खोरवाल, घनश्याम दास फुलवारी, भगवान दास तंवर, चेतन भट्ट, हेमराज चौरोटियां, गणपत कुर्डिया, ओमप्रकाश झारोटिया, जगदीश प्रसाद कॉमरेड, दुर्गा लाल जाग्रत, सौभागमल खोरवाल, दिनेश चंद्र सिंघाड़िया, कमल कुमार सिंघाड़िया, रामचंद्र टेलर, चिमन लाल बालोटिया, मोहन फौजी, शंकर लाल सुवासिया, छगन लाल उदैनिया और हेमंत कुमार सिंगाड़िया सहित समाज के कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। सभी ने एएसपी को कार्यभार संभालने की बधाई देते हुए शुभकामनाएं प्रेषित कीं।

# बिजली विभाग पर अवैध वसूली के आरोप, आंदोलन की चेतावनी

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा।** राष्ट्रीय मानवाधिकार पर्यावरण सुरक्षा एवं भ्रष्टाचार निवारण संगठन ने जोधड़ास गांव की एक निजी कॉलोनी में बिजली कनेक्शन के नाम पर अवैध वसूली के आरोप लगाते हुए विद्युत विभाग से कार्रवाई की जानकारी मांगी है। संगठन ने तीन दिन में जवाब नहीं मिलने पर धरना-प्रदर्शन और आंदोलन की चेतावनी दी है।

जिला अध्यक्ष रतनलाल आचार्य के नेतृत्व में सौंपे गए पत्र की प्रतियां जिला कलेक्टर और विद्युत विभाग के एमडी अजमेर को भी भेजी गई हैं।

# 'वंदे गंगा जल संरक्षण अभियान' का शंखनाद; पर्यावरण दिवस पर 'जल योद्धा' होंगे सम्मानित

स्मार्ट हलचल

**ब्यावर।** जल संरक्षण को एक जन आंदोलन का रूप देने के उद्देश्य से 'वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान' की शुरुआत की गई है। इस अभियान का भव्य शुभारंभ स्थानीय पी एम श्री राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, छावनी में विद्यालय स्तर पर किया गया।






### प्रभातफेरी से हुआ अभियान का आगाज

विद्यालय की प्रधानाचार्य विमला चौहान ने बताया कि विभागीय आदेशों की पालना में अभियान के पहले दिन विद्यालय परिक्षेत्र में एक जागरूकता प्रभातफेरी निकाली गई। इस प्रभातफेरी के माध्यम से छात्राओं और स्थानीय नागरिकों को जल की एक-एक बूंद बचाने का संदेश दिया गया। साथ ही, भीषण गर्मी को देखते हुए बेजुबान पक्षियों के लिए शाला परिसर में परिंडे बांधे गए और विद्यार्थियों को जल संरक्षण की शपथ दिलाकर प्रेरित किया गया।

### 5 जून (विश्व पर्यावरण दिवस) पर होंगे विशेष आयोजन

प्रधानाचार्य ने आगामी कार्ययोजना साझा करते हुए बताया कि 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर विद्यालय में विभिन्न महत्वपूर्ण कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा, जिनमें मुख्य रूप से शामिल हैं:

नवीन जल संचय संरचनाओं का निर्माण और शुरुआत करना। पुराने व पारंपरिक जल स्त्रोतों की साफ-सफाई और उनका पुनरुद्धार। 'हरियालो राजस्थान वृक्षारोपण महा अभियान' के तहत पौधारोपण की अग्रिम तैयारियाँ। जल संरक्षण के क्षेत्र में अनुकरणीय और उत्कृष्ट कार्य करने वाले सजग नागरिकों व विद्यार्थियों (जल योद्धाओं) को विश्व पर्यावरण दिवस के मुख्य समारोह में 'जल गौरव सम्मान' से नवाजा जाएगा।

इस गौरवपूर्ण मोड़ पर कार्यक्रम में स्थानीय संघ सचिव गोपाल शर्मा, संयुक्त सचिव पूनम चौधरी तथा एस एम सी (स्क्ष्ट) सदस्य सुनीता भाटी उपस्थित रहे। इनके साथ ही बहादुर सिंह, ममता गुर्जर, वर्षा रावत, श्याम गर्ग, सतीश सर्राफ, नरेंद्र चौहान सहित बड़ी संख्या में स्काउट-गाइड और विद्यालय की छात्राएं मौजूद रहीं।

# विद्यार्थी परिषद का नवीन कार्यकारिणी गठित



स्मार्ट हलचल

**भवानी मंडी।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद भवानीमंडी का नगर अभ्यास वर्ग सोमवार को संपन्न हुआ। जिसमें नगर की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। पूर्व नगर मंत्री राहुल कुमावत ने बताया कि वर्ग में विभाग संयोजक पवन योगी का प्रवास रहा, जिसमें उन्होंने अभाविप इतिहास विकास एवं कार्यकर्ता के प्रशिक्षण के बारे में बताया अंत में नवीन कार्यकारिणी 2026-27 की घोषणा की गई।

जिसमें नगर अध्यक्ष अनिल सिंह, नगर मंत्री सुशांत सिंह सोलंकी, नगर सहमंत्री कोमल तिलकर, पार्थ परिहार, नगर कला मंच संयोजिका पायल पंवार, नगर एसएफडी संयोजक सुमित सिंह, सह संयोजक कमल मेहर, नगर एस एफएस संयोजक दीपक शर्मा, सह संयोजक राजूलाल, नगर सोशल मीडिया संयोजक अनुराग शाक्य, नगर खेल संयोजक विशाल सिंह, नगर विद्यालय संयोजक वियोम बसवाल आदि की घोषणा की गई। वर्ग में आकांक्षा राठौर, इकाई उपाध्यक्ष ऋषि अंजाना, प्रशांत जोशी, मनीष मोड़ आदि कार्यकता उपस्थित रहे।

# राजस्थान पेंशनर समाज उप शाखा पचपहाड में आरजीएच एस सुविधा नियमित रूप से उपलब्ध करने के लिए उपखंड अधिकारी को ज्ञापन दिया

स्मार्ट हलचल



**भवानी मंडी।** राजस्थान पेंशनर समाज के आव्हान पर उप शाखा पचपहाड भवानी मंडी के द्वारा उपखंड अधिकारी भवानी मंडी के माध्यम से मुख्यमंत्री राजस्थान सरकार जयपुर को आरजीएचएस के अंतर्गत निशुल्क चिकित्सा सुविधा बिना किसी व्यवधान के नियमित रूप से उपलब्ध करवाने बाबत ज्ञापन दिया गया ।

उपशाखा अध्यक्ष गिरधर गोपाल शर्मा ने बताया कि पिछले 1 वर्ष से आरजीएस योजना अंतर्गत पेंशनर्स को अनुमोदित अस्पतालों से निःशुल्क उपचार एवं फार्मा स्टोर्स से निशुल्क दवाइयां लेने में अत्यधिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है इस समस्या से चिकित्सा विभाग एवं आरजीएचएस के अधिकारियों कोअवगत करवा दिये जाने के पश्चात भी समस्या का कोई समाधान नहीं निकला पेंशनर समाज मांग करता है कि आरजीएचएस को बीमा मोड पर ना दिया जाए, आरजीएचएस की मूल योजना में कोई छेड़छाड़ न किया जाए, बहिष्कार अवधि में कराएं इलाज की राशि का भुगतान किया जाए, अनुमोदित अस्पतालों एवं फार्मा स्टोर्स को नियमित भुगतान की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए ताकि वृद्ध पेंशनरों को परेशानी न उठानी पड़े ज्ञापन देने वालों में उपशाखा अध्यक्ष गिरधर गोपाल शर्मा सचिव अशोक कुमार सक्सेना, कार्यकारिणी सदस्य बालचंद सेन, बालमुकुंद त्रिवेदी घासी लाल मीणा, मुकुट बिहारी नरेंद्र कुमार वर्मा, सुरेश मालवीय ईश्वर चंद्र शर्मा, पारस जैन दिनेश कुमार गुप्ता, राजेंद्र आचार्य, दिनेश शर्मा, राधेश्याम वर्मा, बकाउल्लाह खां, शिव शंकर शर्मा, सत्यनारायण गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

# रैम्प एक्स राजस्थान 2026 में प्रतिभा और ग्लैमर का संगम

स्मार्ट हलचल| कोटा

रायपुरा स्थित मंच पर आयोजित 'रैम्प एक्स राजस्थान 2026' ने फैशन, आत्मविश्वास और युवा प्रतिभा का आकर्षक प्रदर्शन प्रस्तुत किया। प्रतियोगिता में राजस्थान सहित विभिन्न शहरों से आए प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

प्रतियोगिता में मिस्टर रैम्प एक्स राजस्थान 2026 का खिताब आशु उर्फ अशरफ अंसारी ने अपने नाम किया, जबकि मिस रैम्प एक्स राजस्थान बनीं दीपशिखा मीणा। मिसेज रैम्प एक्स राजस्थान का ताज प्रगति राठौर और जूनियर रैम्प एक्स राजस्थान का खिताब ओजस्वी वर्मा ने जीता। आयोजक ए.वी. कोखर (मलिक सर) ने बताया कि प्रतियोगिता में दिल्ली, जयपुर, अलवर, चित्तौड़गढ़, प्रतापगढ़ तथा हाड़ौती क्षेत्र के प्रतिभागियों ने भाग लिया। अंतिम दौर में प्रत्येक श्रेणी में 15-15 मॉडल चयनित किए गए।

मिस्टर श्रेणी में जोनी (चित्तौड़गढ़) प्रथम रनर-अप और अर्णव द्वितीय रनर-अप रहे। मिस श्रेणी में जारा आदिवाल और दिव्या वैष्णव, मिसेज में ज्योति शर्मा और रहनुमा जी, जबकि जूनियर वर्ग में हिमांश मीणा एवं आरंभ गुप्ता रनर-अप रहे।

सरप्राइज अवॉर्ड्स में भूमि ने मिस कोटा, पूजा प्रजापति ने मिसेज कोटा, शौर्य वैष्णव ने मिस्टर कोटा तथा उर्वी जैन ने जूनियर मिस कोटा का खिताब जीता। कार्यक्रम में जूरी सदस्य दिव्या आरिता, भुवनेश वैष्णव, ज्योति शर्मा और जसप्रीत कौर रहे, जबकि संचालन इल्ला शेख ने एवं प्रोग्राम हेड की भूमिका वैभव गुप्ता ने निभाई।

# अखिल ब्राह्मण महासभा की 104 सदस्यीय कार्यकारिणी ने लिया पद व सेवा की शपथ संकल्प

**ओम बिरला बोले— ब्राह्मण समाज ने ज्ञान और संस्कृति के संरक्षण में निभाई अग्रणी भूमिका, अखिल ब्राह्मण महासभा शपथ ग्रहण,युवाओं को संस्कृति और राष्ट्र निर्माण से जुड़ने का संदेश**

स्मार्ट हलचल|कोटा

अखिल ब्राह्मण महासभा, कोटा की नव निर्वाचित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह विज्ञान नगर स्थित महासभा भवन में गरिमामय एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ। समारोह में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम में समाज के वरिष्ठजन, महिला प्रतिनिधि, युवा वर्ग तथा विभिन्न सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही।

अपने संबोधन में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने भारतीय संस्कृति, शिक्षा और राष्ट्र निर्माण में ब्राह्मण समाज के ऐतिहासिक योगदान को स्मरण करते हुए कहा कि समाज ने सदैव ज्ञान, संस्कार और नैतिक मूल्यों के संरक्षण एवं संवर्धन में अग्रणी भूमिका निभाई है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे राष्ट्र को नैतिक और आध्यात्मिक रूप से सशक्त बनाने में सक्रिय भागीदारी निभाएं तथा भारतीय संस्कृति की गौरवशाली परंपराओं को आगे बढ़ाएं।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महासभा के नवनिर्वाचित अध्यक्ष संजय शर्मा ने संगठन की भावी योजनाओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि महासभा का उद्देश्य युवाओं को संगठन से जोड़ते हुए उन्हें सामाजिक दायित्वों के प्रति जागरूक करना है। शिक्षा, संस्कार, सामाजिक समरसता एवं संगठनात्मक एकता को प्राथमिकता देते हुए समाजहित में विभिन्न गतिविधियां संचालित की जाएंगी।




समारोह की अध्यक्षता कर रहे विधायक संदीप शर्मा ने कहा कि अखिल ब्राह्मण महासभा समाज को एकजुट रखने के साथ युवाओं में संस्कार, संस्कृति और सामाजिक एकता की भावना को मजबूत करने का कार्य कर रही है।

संभागीय अध्यक्ष रामस्वरूप शर्मा ने महासभा को लोकतांत्रिक संस्था बताते हुए कहा कि यहां सभी वर्गो एवं आयु समूहों को समान अवसर प्रदान किए जाते हैं। पूर्व महापौर सुमन शांगी ने ब्राह्मण समाज की परंपराओं और मूल्यों को बनाए रखने पर बल दिया। महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष डॉ. सुशीला जोशी ने सभी सदस्यों से मिलकर समाजहित में कार्य करने का आह्वान किया।

समारोह में सर्वसम्मति से निर्वाचित पदाधिकारियों की घोषणा भी की गई। रामस्वरूप शर्मा ने बताया कि संजय शर्मा को अध्यक्ष, नरेश पालीवाल को महामंत्री तथा राजीव पाण्डेय को कोषाध्यक्ष निर्वाचित किया गया। महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष डॉ. सुशीला जोशी सहित पुरुष एवं महिला इकाइयों को मिलाकर 104 सदस्यीय विशाल कार्यकारिणी का गठन किया गया।

अंत में विशिष्ट अतिथियों और पदाधिकारियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया और भगवान परशुराम की आरती कर कार्यक्रम का समापन किया गया। कार्यक्रम में एम एम शर्मा, गोपाल शर्मा, लहरी शंकर गौतम, प्रमोद पालीवाल, वैद्य रघुनंदन शर्मा, नन्द किशोर शर्मा, राजेन्द्र मोहन गौतम, बृज मोहन शर्मा, दिनेश दुबे, अभिलाष दीक्षित,कपिल कंटू, मनोज शर्मा, सूरज लता शर्मा, माया शर्मा , एड. कल्पना शर्मा, उर्मिला गौतम, रेखा पालीवाल, मीनू शर्मा, यामिनी कंटू, ज्योति पाण्डेय, मीना दाधीच, सावित्री गौतम, संगीता शर्मा, संतोष शर्मा,लेखा दुबे, आशा दाधीच, बबीता भार्गव, सरिता शर्मा, सहित अनेक समाज बंधुओं का सहयोग रहा।

# एक दिवसीय ज्योतिष सेमिनार आयोजित

स्मार्ट हलचल|बूंदी

शहर के बाल चंद पाड़ा नवसागर पार्क क्षेत्र में बाईपास रोड पर स्थित हिंगलाज माता मंदिर पर 24 मई रविवार को एकदिवसीय ज्योतिष सेमिनार का आयोजन सम्पन्न हुआ।

प्रदेश के प्रसिद्ध एस्ट्रोलाजर विनोद कानूनगो, रमल स्पेशलिस्ट नरेंद्र संतानी, ज्योतिष आचार्य डाक्टर सुजाता कुकरेजा का हिंगलाज माता मंदिर बूंदी पहुंचने पर सालवी समाज की ओर से एवं मंदिर पर उपस्थित गणमान्य लोगों ने स्वागत सत्कार किया गया।

सालवी समाज के अध्यक्ष राजकुमार राठौड़ ने बताया कि इस एक दिवसीय सेमिनार में सैकड़ों लोगों ने प्रदेश के प्रसिद्ध एस्ट्रोलाजर विनोद कानूनगो, रमल स्पेशलिस्ट नरेंद्र संतानी, ज्योतिष आचार्य डाक्टर सुजाता कुकरेजा, को स्वेच्छा से हिंगलाज माता मंदिर पहुंचकर अपनी जन्म कुंडली, हस्तरेखा दिखा कर भविष्य के बारे में जानकारी प्राप्त की।

कार्यक्रम रविवार को हिंगलाज माता मंदिर परिसर में सुबह 9बजे से शाम 6:00 बजे के बाद तक चलता रहा सभी आगंतुक अपने भविष्य के बारे में जानकारी प्राप्त कर यहां से संतुष्ट हो कर गये। समाज अध्यक्ष राठौड़ ने बताया कि आगे भी लोगों की उत्सुकता को देखते हुए ऐसे कार्यक्रम आयोजित करवाये जाते रहेंगे।

# बीसलपुर बांध से सीएम शर्मा ने पूजा अर्चना कर शुरू किया 'वंदे गंगा जल संरक्षण अभियान'

## सीएम ने बीसलपुर बांध का निरीक्षण कर अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा-निर्देश,स्काडा सिस्टम का लिया जायजा

### गलवा बांध और इसरदा कोपर डैम का किया हवाई सर्वेक्षण

स्मार्ट हलचल





**टोंक।** राज्य के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा सोमवार को हेलीकॉप्टर से बीसलपुर बांध पहुंचे, जहां उन्होंने बीसलपुर शिव मंदिर में पूजा-अर्चना कर जलाभिषेक किया। मुख्यमंत्री ने बीसलपुर बांध से औपचारिक रूप से पूजा-अर्चना कर 'वंदे गंगा जल संरक्षण अभियान' की शुरुआत की तथा बांध में पुष्प अर्पित कर नमन किया। यह अभियान आगामी 5 जून विश्व पर्यावरण दिवस तक प्रदेशभर में चलाया जाएगा।

अभियान के तहत पारंपरिक जल स्त्रोतों जैसे कुएं, बावड़ियां, तालाब और नदियों की साफ-सफाई कर जल संरक्षण को बढ़ावा दिया जाएगा। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि गंगा दशमी के पावन अवसर पर मां गंगा मैया का अवतरण हुआ था, इसलिए यह दिन जल संरक्षण के संकल्प के लिए विशेष महत्व रखता है। मुख्यमंत्री ने बीसलपुर बांध का निरीक्षण कर वर्तमान जल स्थिति एवं प्रदेश की पेयजल आपूर्ति व्यवस्था की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि भीषण गर्मी के मौसम में आमजन को निर्बाध पेयजल उपलब्ध कराया जाए। इस दौरान उन्होंने बांध पर स्थापित स्काडा सिस्टम का भी निरीक्षण किया तथा अधिकारियों से तकनीकी जानकारी प्राप्त की।

मुख्यमंत्री के साथ जलदाय विभाग के कैबिनेट मंत्री कन्हैया लाल चौधरी, देवली-उनियारा विधायक राजेन्द्र गुर्जर, निवाई-पीपलू विधायक रामसहाय वर्मा, पूर्व सांसद सुखबीर सिंह जौनापुरिया, भाजपा जिलाध्यक्ष चंद्रवीर सिंह चौहान, पूर्व प्रधान शीला राजकुमार मीणा, भाजपा जिला महामंत्री डॉ. प्रभू बाडोलिया सहित कई जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। बीसलपुर बांध दौरे के बाद मुख्यमंत्री हेलीकॉप्टर से उनियारा उपखंड क्षेत्र स्थित गलवा बांध तथा बनेठा के पास बनास नदी पर निर्माणाधीन इसरदा कोपर डैम के हवाई सर्वेक्षण के लिए रवाना हुए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से परियोजनाओं की प्रगति, जल भंडारण क्षमता और तकनीकी कार्यों की जानकारी लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मुख्यमंत्री का यह दौरा प्रदेश की जल संसाधन एवं पेयजल व्यवस्थाओं की समीक्षा के लिहाज से महत्वपूर्ण माना जा रहा है।दौरे के बाद मुख्यमंत्री अपने गृह जिले भरतपुर के लिए रवाना हो गए। इस दौरान जयपुर शासन सचिवालय से जलदाय विभाग के अधिकारी, जिला कलेक्टर टीना डाबी, अतिरिक्त जिला कलेक्टर रामरतन सोकरिया, विनोद कुमार मीणा, बीसलपुर एडीएम भूपेंद्र यादव सहित एसडीएम, तहसीलदार, विकास अधिकारी एवं अन्य प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे।

# नोतपा शुरू, गर्मी ने दिखाए तीखे तेवर



स्मार्ट हलचल

**मेड़ता रोड।** क्षेत्र सहित पूरे राजस्थान में आज से नोतपा शुरू हो गया है। सूर्य के रोहिणी नक्षत्र में प्रवेश करते ही नोतपा की शुरुआत मानी जाती है, जो आगामी नौ दिनों तक जारी रहेगा। नोतपा शुरू होते ही गर्मी ने अपने तीखे तेवर दिखाने शुरू कर दिए हैं। सुबह से ही तेज धूप और गर्म हवाओं के कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

मौसम विशेषज्ञों के अनुसार नोतपा के दौरान सूर्य की किरणें सीधी पड़ने से तापमान में तेजी से बढ़ोतरी होती है और लू चलने की संभावना अधिक रहती है। मेड़ता रोड क्षेत्र में भी आने वाले दिनों में तापमान 44 से 45 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है।

भीषण गर्मी के चलते दोपहर के समय बाजारों और सड़कों पर सन्नाटा नजर आया। लोग जरूरी काम होने पर ही घरों से बाहर निकलते दिखाई दिए। गर्मी का असर सबसे ज्यादा बच्चों, बुजुर्गों और मजदूर वर्ग पर देखा जा रहा है।

चिकित्सकों ने लोगों को सावधानी बरतने की सलाह देते हुए अधिक पानी पीने, धूप में निकलते समय सिर ढकने तथा दोपहर 12 बजे से 4 बजे तक अनावश्यक बाहर नहीं निकलने की अपील की है। पशुपालकों को भी पशुओं के लिए पानी और छांव की व्यवस्था करने की सलाह दी गई है।

ग्रामीण मान्यताओं के अनुसार नोतपा के दौरान यदि अच्छी गर्मी पड़ती है तो आगामी मानसून बेहतर रहने की संभावना मानी जाती है। ऐसे में लोग गर्मी से राहत के साथ अच्छे मानसून की भी उम्मीद लगाए बैठे हैं।

# रेलवे का बड़ा स्टेशन, लेकिन रोडवेज सेवा से वंचित मेड़ता रोड

### यात्री आज भी निजी बसों के भरोसे

स्मार्ट हलचल



**मेड़ता रोड।** उत्तर पश्चिम रेलवे के जोधपुर मंडल का सबसे बड़ा और महत्वपूर्ण रेलवे स्टेशन होने के बावजूद मेड़ता रोड कस्बा आजादी के दशकों बाद भी रोडवेज बस सेवा की मूलभूत सुविधा से वंचित है। करीब 30 गांवों को जोड़ने वाला यह कस्बा वर्षों से परिवहन सुविधाओं की अनदेखी का शिकार बना हुआ है। यहां प्रतिदिन सैकड़ों यात्री ट्रेनों से उतरकर अपने गांवों और आसपास के क्षेत्रों तक पहुंचने के लिए निजी बसों व अन्य निजी साधनों का सहारा लेने को मजबूर हैं।

क्षेत्रवासियों का कहना है कि मेड़ता रोड रेलवे स्टेशन पर रोजाना बड़ी संख्या में यात्री विभिन्न ट्रेनों से पहुंचते हैं। इनमें विद्यार्थी, व्यापारी, कर्मचारी, मजदूर, मरीज और ग्रामीण क्षेत्र के लोग शामिल होते हैं। लेकिन रेलवे स्टेशन से आगे की यात्रा के लिए रोडवेज बसों की सुविधा नहीं होने से यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है।

विशेष रूप से डेगाना, मेड़ता सिटी, अजमेर , जयपुर, जोधपुर, नागौर तथा आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों की यात्रा करने वाले लोगों को निजी बसों और टैक्सियों में अधिक किराया देकर सफर करना पड़ता है। कई बार यात्रियों को घंटों तक निजी वाहनों का इंतजार करना पड़ता है, वहीं भीड़भाड़ के कारण असुविधा भी झेलनी पड़ती है। इतना ही नहीं अगर यात्रियों को बस के माध्यम से जयपुर, जोधपुर, नागौर तथा अजमेर की यात्रा करना हो तो पहले मेड़ता रोड से 15 किलोमीटर मेड़ता सिटी जाना पड़ता है।

स्थानीय लोगों के अनुसार वर्षों से रोडवेज बस सेवा शुरू करने की मांग की जा रही है। कई बार जनप्रतिनिधियों, प्रशासन और सरकार के समक्ष यह मुद्दा उठाया गया, लेकिन किसी भी पार्टी की सरकार ने इस ओर गंभीरता नहीं दिखाई। चुनावों के दौरान बड़े-बड़े वादे किए जाते हैं, लेकिन चुनाव खत्म होते ही यह समस्या फिर उपेक्षा का शिकार हो जाती है।

क्षेत्रवासियों का कहना है कि यदि मेड़ता रोड से विभिन्न गांवों और कस्बों के लिए नियमित रोडवेज बस सेवा शुरू की जाए तो हजारों लोगों को राहत मिल सकती है। इससे विद्यार्थियों, महिलाओं, बुजुर्गों और मरीजों को सुरक्षित व सस्ती यात्रा सुविधा उपलब्ध होगी, साथ ही क्षेत्र के व्यापार और विकास को भी गति मिलेगी। लोगों ने राज्य सरकार और रोडवेज विभाग से मांग की है कि मेड़ता रोड रेलवे स्टेशन से प्रमुख गांवों और शहरों के लिए नियमित रोडवेज बसों का संचालन शीघ्र शुरू किया जाए, ताकि लंबे समय से चली आ रही इस समस्या का समाधान हो सके।

# ऐतिहासिक केरावलिया नाड़ी को बचाने सड़कों पर उतरे शहरवासी

### गंदे पानी की निकासी रोकने की उठी मांग

स्मार्ट हलचल



**मेड़ता रोड/नागौर।** डेगाना शहर की ऐतिहासिक एवं प्राकृतिक धरोहर मानी जाने वाली केरावलिया नाड़ी को प्रदूषण से बचाने की मांग को लेकर सोमवार को शहरवासियों का आक्रोश खुलकर सामने आया। युवा नेता मंशी राम खिलेरी के नेतृत्व में बड़ी संख्या में नागरिकों ने उपखंड कार्यालय पहुंचकर उपखंड अधिकारी मोहन चौधरी को ज्ञापन सौंपा तथा नगरपालिका द्वारा नाड़ी में छोड़े जा रहे गंदे पानी पर तत्काल रोक लगाने की मांग की। इस दौरान उपखंड कार्यालय के बाहर धरना प्रदर्शन भी किया गया।

शहरवासियों ने ज्ञापन में बताया कि केरावलिया नाड़ी वर्षों से क्षेत्र के पशु-पक्षियों, ग्रामीणों और आमजन के लिए प्रमुख जल स्त्रोत रही है। लेकिन लंबे समय से नगरपालिका द्वारा शहर का गंदा पानी नाड़ी में छोड़ा जा रहा है, जिससे जल स्त्रोत दूषित हो रहे हैं और नाड़ी का प्राकृतिक स्वरूप लगातार बिगड़ता जा रहा है। लोगों ने आरोप लगाया कि जल संरक्षण योजनाओं के नाम पर गंदे पानी की निकासी की जा रही है, जिससे क्षेत्र में बदबू, गंदगी और बीमारियों का खतरा बढ़ गया है।

प्रदर्शनकारियों ने बताया कि इस समस्या को लेकर पूर्व में भी 1 अगस्त 2023 और 20 मई 2024 को प्रशासन को अवगत कराया जा चुका है, लेकिन अब तक कोई स्थायी समाधान नहीं निकाला गया। इससे शहरवासियों में प्रशासन और नगरपालिका के प्रति नाराजगी बढ़ती जा रही है।

ज्ञापन में मांग की गई कि केरावलिया नाड़ी की शीघ्र साफ-सफाई करवाई जाए, गंदे पानी की निकासी पूरी तरह बंद की जाए तथा नाड़ी में पानी छोड़ने के लिए खोदे गए नाले को वापस मिट्टी डालकर बंद किया जाए। इसके साथ ही स्वच्छ पानी की व्यवस्था, आसपास फैली गंदगी हटाने और वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने की भी मांग उठाई गई। शहरवासियों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द समाधान नहीं किया गया तो उपखंड कार्यालय के बाहर उनका शांतिपूर्ण धरना प्रदर्शन लगातार जारी रहेगा। प्रदर्शन के दौरान लोगों ने कहा कि ऐतिहासिक जल स्त्रोतों को बचाना प्रशासन और समाज दोनों की जिम्मेदारी है तथा केरावलिया नाड़ी को प्रदूषण मुक्त करना समय की सबसे बड़ी आवश्यकता बन चुकी है।

# पैदल विहार करने वाले संतों के लिए बने राष्ट्रीय सुरक्षा नीति, आवा जैन समाज ने उठाई उच्चस्तरीय जाँच की माँग

स्मार्ट हलचल



**दूनी/टोंक।** रीवा मध्य प्रदेश में तेज रफ्तार कार की टक्कर से विहाररत जैन आर्यिका माताजी और संघ की पूज्य आर्यिकाओं के असामयिक निधन यानी समाधि को लेकर जैन समाज में गहरा दुःख और आक्रोश है।

सुदर्शनोदय क्षेत्र प्रभारी आशीष जैन और रोहित जैन ने बताया कि इस दुःखद घटना के विरोध में सकल दिगंबर जैन समाज आंव टोंक ने स्थानीय तहसीलदार महोदय के माध्यम से भारत के माननीय प्रधानमंत्री, मध्य प्रदेश के राज्यपाल और मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन सौंपा है, ज्ञापन में समाज के प्रतिनिधियों ने बताया कि घटना से जुड़े उपलब्ध तथ्यों और वीडियो क्लिपों को देखने के बाद पूरे समाज में गहरी आशंका और चिंता का माहौल बना हुआ है। जैन समाज ने इस पूरे मामले की एसआईटी या अन्य एजेंसियों से न्यायिक जाँच कराने की माँग की है। इसके साथ ही घटना से संबंधित सभी सीसीटीवी फुटेज, वीडियो और डिजिटल साक्ष्यों को तुरंत सुरक्षित कर दोषियों पर कठोरतम कानूनी कार्रवाई करने तथा षड्यंत्र की पुष्टि होने पर सख्त धाराएं लगाने की माँग भी की गई है। जैन समाज ने शासन-प्रशासन का ध्यान आकर्षित करते हुए कहा कि जैन साधु-संत पूर्णतः निहत्थे, अहिंसक और पैदल विहार करने वाले तपस्वी होते हैं, जो किसी प्रकार के वाहन या सुरक्षा का उपयोग नहीं करते, ऐसे में उनके साथ लगातार हो रहीं दुर्घटनाएँ बेहद चिंताजनक हैं और भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए ठोस कदम उठाना जरूरी है।

समाज ने अपनी प्रमुख माँगों में विहार मार्गों पर प्रशासनिक समन्वय, संवेदनशील क्षेत्रों में पुलिस सहयोग, ट्रैफिक नियंत्रण, चेतावनी संकेतक और हाईवे पर विशेष प्रशासनिक सुरक्षा व्यवस्था के साथ संत सुरक्षा प्रोटोकॉल लागू करने की माँग की है।

इसके अलावा, केंद्र और राज्य सरकार द्वारा पैदल विहार करने वाले संतों हेतु राष्ट्रीय सुरक्षा गाइडलाइन तथा संवेदनशील मार्गों हेतु विशेष कानूनी प्रावधान बनाकर राष्ट्रीय संत सुरक्षा नीति का निर्माण करने की बात कही गई है, चूंकि साधु-संत अपनी आत्मरक्षा नहीं करते और पूर्णतः अहिंसक जीवन जीते हैं, इसलिए उनके विरुद्ध होने वाले अपराधों व दुर्घटनाओं को विशेष संवेदनशील श्रेणी में रखकर त्वरित न्याय सुनिश्चित करने की माँग रखी गई है. साथ ही, स्थानीय स्तर पर प्रशासन और जैन समाज के बीच एक 'संत सुरक्षा समन्वय सेल' और आपातकालीन संपर्क व्यवस्था बनाने का आग्रह किया गया है।

ज्ञापन सौंपते समय समस्त जैन समाज और संचालक मंडल के पदाधिकारियों ने स्पष्ट किया कि जैन समाज सदैव शांति, अहिंसा और संवैधानिक मर्यादाओं में विश्वास रखता है। उनका उद्देश्य किसी प्रकार का तनाव पैदा करना नहीं, बल्कि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकना और तपस्वी संतों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। समाज का मानना है कि संत सुरक्षा केवल एक समाज का विषय नहीं, बल्कि भारत की आध्यात्मिक विरासत की सुरक्षा का प्रश्न है. समाज ने उम्मीद जताई है शासन-प्रशासन इस विषय को गंभीरता से लेते हुए त्वरित कदम उठाएगा।

# 245 बच्चों और महिलाओं ने सीखे हुनर; मार्शल आर्ट, डांस और रेज़िन आर्ट की प्रस्तुतियों ने मोहा मन

स्मार्ट हलचल



**ब्यावर।** महावीर इंटरनेशनल रॉयल, ब्यावर द्वारा आयोजित सात दिवसीय 'मेगा समर कैंप 2026' का भव्य समापन समारोह रविवार को सुनारन चौपड़ के पास स्थित कुंदन भवन में अत्यंत गरिमामय माहौल में संपन्न हुआ। 17 मई से शुरू हुए इस कैंप में ब्यावर शहर के 245 बच्चों और महिलाओं ने पूरे उत्साह के साथ भाग लेकर विभिन्न कलात्मक और व्यावहारिक विधाओं में अपने हुनर को निखारा।

**12 से अधिक कोर्सेज में मिला प्रशिक्षण:**

शाखा अध्यक्ष अशोक पालडेचा ने बताया कि कैंप में प्रतिभागियों के सर्वांगीण विकास के लिए सेल्फ डिफेंस, जुम्बा योगा, सूर्यनमस्कार, स्केच आर्ट, आर्ट एंड क्राफ्ट, स्पोकन इंग्लिश, केक व चॉकलेट मेकिंग, आकर्षक पैकेजिंग, नेल आर्ट, हैंडराइटिंग सुधार, मेहंदी, ड्राइंग, हेयर स्टाइलिंग और रेज़िन आर्ट जैसे 12 से अधिक कोर्स संचालित किए गए। समापन के अवसर पर बच्चों ने मार्शल आर्ट के हैरतअंगेज करतब दिखाए और रंगारंग डांस प्रस्तुतियां देकर उपस्थित दर्शकों का मन मोह लिया। इस दौरान कैंप में तैयार की गई विभिन्न कलाकृतियों और चॉकलेट्स की प्रदर्शनी भी लगाई गई।

**आयुर्वेदिक लेप शिविर से मिली राहत:**

कैंप के तहत 22 मई को जोधपुर के सुप्रसिद्ध आयुर्वेदाचार्य लक्ष्मी चंद पारख के सानिध्य में एक विशाल निःशुल्क आयुर्वेदिक लेप शिविर भी लगाया गया। इसमें करीब 225 नागरिकों ने घुटने के दर्द, कमर दर्द और बैक पेन जैसी समस्याओं का निःशुल्क इलाज और परामर्श प्राप्त किया।


**अतिथियों और भामाशाहों का हुआ सम्मान:**

समारोह के मुख्य अतिथि 'माय फाइनेंस लिमिटेड' के प्रबंध निदेशक राजेंद्र कुंकुंलोल थे। विशिष्ट अतिथि के रूप में महावीर इंटरनेशनल के धनपत श्रीश्रीमाल, रीजनल काउंसिल-3 के क्षेत्रीय पदाधिकारी दीप चंद कोठारी, समाजसेवी इंदर सिंह बागावास, प्रवीण बडोला और मनोज बाबेल उपस्थित रहे। अतिथियों ने संस्था के इस सेवा कार्य की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से समाज में संस्कारों और कौशलों का विकास होता है। कार्यक्रम में निःस्वार्थ सेवाएं देने वाले प्रशिक्षकों (रीना दक, पिंकी कासलीवाल, रक्षा शर्मा, महक बाबेल, दिशा बम्ब सहित अन्य) और आर्थिक सहयोग देने वाले भामाशाहों का शॉल व स्मृति चिह्न देकर अभिनंदन किया गया। इस मौके पर रमेश रांका ने संस्था की सदस्यता ग्रहण की, जिन्हें मंच पर शपथ दिलाकर पिन पहनाई गई।

कार्यक्रम का सफल मंच संचालन वीरा पूजा कोठारी एवं वीरा रेणु सांड ने किया। अंत में महावीर नाहर एवं अभिषेक नाहटा ने सभी का आभार जताया। इस अवसर पर योगेंद्र मेहता, पुष्पेंद्र चौधरी, दीपक बाबेल, अक्षय बिनाकिया, दिलीप दक, राजेश सुराणा, कमलेश कटारिया, राहुल बाबेल, प्रदीप सांड, कांता पालडेचा, विजय लक्ष्मी दक सहित संस्था के दर्जनों पदाधिकारी और शहर के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# हवाई जहाज मैदान में अधेड़ का शव मिलने से फैली सनसनी

स्मार्ट हलचल



**मेड़ता रोड।** शहर के हवाई जहाज मैदान क्षेत्र में सोमवार सुबह एक अधेड़ व्यक्ति का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही आसपास के लोगों की भीड़ घटनास्थल पर जमा हो गई तथा मामले की जानकारी मेड़ता रोड पुलिस को दी गई।

सूचना पर मेड़ता रोड थानाधिकारी दयानंद शर्मा पुलिस जाब्ते के साथ मौके पर पहुंचे। उनके साथ एएसआई किशनाराम, रघुनाथ राम तथा ताराचंद सहित मेड़ता रोड थाना की पूरी टीम मौजूद रही। पुलिस ने घटनास्थल का जायजा लेकर जांच शुरू की।

जानकारी के अनुसार मृतक अर्धनग्न अवस्था में मैदान में पड़ा मिला। शव काफी समय से वहां पड़े होने की आशंका जताई जा रही है, क्योंकि मृतक के शरीर को कुत्तों ने जगह-जगह से नोच डाला था। यह दृश्य देखकर मौके पर मौजूद लोग भी सहम गए।

मृतक की तलाशी लेने पर उसकी जेब से करीब 400 रुपये नकद, एयरफोन तथा आधार कार्ड बरामद हुआ। आधार कार्ड के आधार पर पुलिस ने मृतक की पहचान कर उसके भाई से संपर्क किया तथा परिजनों को सूचना दी।

बताया जा रहा है कि घटनास्थल के पास रहने वाले कालूराम कायड़ ने सबसे पहले शव को देखा और समाजसेवी कंवरीलाल उर्फ राज एमटीडी को फोन कर इसकी जानकारी दी। इसके बाद समाजसेवी कंवरीलाल एवं बंसीराम माली ने पुलिस को सूचना देकर मौके पर बुलाया।

पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मेड़ता रोड की मोर्चरी में रखवाया है। फिलहाल पुलिस मौत के कारणों की जांच में जुटी हुई है तथा पूरे मामले की विभिन्न पहलुओं से पड़ताल की जा रही है।

# जनगणना 2027 के तहत बिजयनगर में सुपरवाइजर्स की समीक्षा बैठक आयोजित



स्मार्ट हलचल

**बिजयनगर।** भारत सरकार की जनगणना 2027 के प्रथम चरण के अंतर्गत नगर पालिका बिजयनगर क्षेत्र में चल रहे मकान सूचीकरण एवं हाउसहोल्ड गणना कार्य की समीक्षा को लेकर सोमवार को पालिका सभागार में सुपरवाइजर्स की बैठक आयोजित की गई।

बैठक में जिला स्तर से पहुंचे जिला अधिकारी कैलाश उपाध्याय, मास्टर ट्रेनर ताराचंद जांगिड़ एवं फील्ड ट्रेनर लोकेश कुमार वर्मा ने सुपरवाइजर्स से जनगणना कार्य की प्रगति की जानकारी ली। इस दौरान नजरी नक्शा निर्माण, मकान सूचीकरण तथा फील्ड में आ रही समस्याओं पर विस्तार से चर्चा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

अधिकारियों ने सुपरवाइजर्स द्वारा प्रस्तुत प्रगति रिपोर्ट का परीक्षण करते हुए जनगणना कार्य को समयबद्ध, त्रुटिरहित एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक के बाद अधिकारियों ने फील्ड निरीक्षण कर प्रगणकों एवं सुपरवाइजर्स को मौके पर आवश्यक मार्गदर्शन भी प्रदान किया। बैठक में चार्ज अधिकारी एवं नगर जनगणना अधिकारी प्रताप सिंह भाटी सहित सभी 12 सुपरवाइजर्स उपस्थित रहे।

# ब्यावर में 'वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान-2026' का भव्य आगाज

स्मार्ट हलचल

**ब्यावर /रायपुर।** 'जलमेव जीवनं लोके, जलमेव परं धनम्' अर्थात् संसार में जल ही जीवन है और यही सबसे बड़ा धन है। इसी पावन और प्रेरणादायी संदेश के साथ राजस्थान सरकार के निर्देशानुसार ब्यावर जिले में 'वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान-2026' का जिला स्तरीय शुभारंभ रविवार को रायपुर लूनी बांध (दीपावास) पर भारी उत्साह और जनभागीदारी के साथ संपन्न हुआ।

**जल संरक्षण को बनाएं जनआंदोलन: कैबिनेट मंत्री अविनाश गहलोत**

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि और सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत ने जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में यह अभियान प्रदेश में जल जागरूकता की एक नई मिसाल पेश कर रहा है। उन्होंने संतोष व्यक्त करते हुए कहा– 'पिछले दो वर्षों में हुई अच्छी बारिश के कारण हमारे स्थानीय तालाबों और बांधों में जल स्तर सुधरा है। अब हमारा यह दायित्व है कि हम वर्षा जल संग्रहण को अपनाएं और पर्यावरण संरक्षण में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाएं।'

**भारतीय संस्कृति में जल ही देवता: ओंकार सिंह लखावत**

कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में मौजूद राजस्थान धरोहर प्राधिकरण के अध्यक्ष श्री ओंकार सिंह लखावत ने जल स्त्रोतों के संरक्षण को एक जनआंदोलन बनाने की वकालत की। उन्होंने भारतीय संस्कृति का हवाला देते हुए कहा कि हमारे यहाँ विभिन्न मांगलिक अवसरों पर जल की पूजा की जाती है। गंगा दशहरा के इस पावन पर्व पर हमें इंद्र देवता के इस आशीर्वाद (वर्षा जल) को सहेजने का संकल्प लेना होगा।



**कलश यात्रा और श्रमदान रहे आकर्षण का केंद्र**

गंगा दशहरा के शुभ अवसर पर आयोजित इस कार्यक्रम की शुरुआत बेहद पारंपरिक और भव्य तरीके से हुई। रंग-बिरंगी और पारंपरिक वेशभूषा में सजी महिलाओं व आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा निकाली गई कलश यात्रा ने सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों द्वारा जल पूजन, दीप प्रज्वलन, पीपल पूजन और पौधारोपण किया गया। इसके साथ ही उपस्थित जनसमूह ने बांध परिसर में श्रमदान भी किया।

**प्रशासनिक अधिकारी और जनप्रतिनिधि रहे मौजूद**

इस जिला स्तरीय समारोह में भारी संख्या में आमजन और गणमान्य नागरिकों के साथ-साथ कई वरिष्ठ अधिकारी और जनप्रतिनिधि मौजूद रहे, जिनमें मुख्य रूप से शामिल हैं: हिमांशु गुप्ता (प्रभारी सचिव, आईएएस), कमला (प्रधान, रायपुर) एवं मेघाराम सोलंकी (प्रधान, जैतारण),ब्रह्म लाल जाट (अतिरिक्त जिला कलेक्टर),मनोज कुमार मीणा (उपखंड अधिकारी) इसके अलावा स्काउट-गाइड, सरपंच, उप सरपंच और स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

**जिलेभर में चलेंगे सफाई और पौधारोपण अभियान**

प्रशासन के अनुसार, इस अभियान की गूंज आने वाले दिनों में पूरे जिले में सुनाई देगी। आगामी कार्ययोजना के तहत ब्यावर जिले के सभी तालाबों, कुओं और पारंपरिक जल स्त्रोतों की साफ-सफाई की जाएगी। बड़े पैमाने पर श्रमदान, सघन पौधारोपण और नुक्कड़ नाटकों व रैलियों के जरिए ग्रामीणों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक किया जाएगा।

# लकीर के फकीर



**जंगल** में चराई के बाद किसी बछड़े को गांव की गौशाला तक लौटना था। नन्हा बछड़ा था तो अबोध ही, वह चट्टानों, मिट्टी के टीलों, और ढलानों पर से उछलता-कूदता हुआ अपने गंतव्य तक पहुंचने में सफल हो गया।

अगले दिन एक कुत्ते ने भी गांव तक पहुंचने के लिए उसी रास्ते का इस्तेमाल किया।

उसके अगले दिन एक भेड़ उस रास्ते पर चल पड़ी। एक भेड़ के पीछे अनेक भेड़ चल पडीं। भेड़ जो ठहरीं!

उस रास्ते पर चलाफिरी के निशान देखकर लोगों ने भी उसका इस्तेमाल शुरू कर दिया। ऊंची-नीची पथरीली जमीन पर आते-जाते समय वे-पथ की दुरूहता को कोसते रहते, पथ था ही ऐसा! लेकिन किसी ने भी सरल-सुगम पथ की खोज के लिए प्रयास नहीं किए।

समय बीतने के साथ वह पगडंडी उस गाव तक पहुंचने का मुख्य मार्ग बन गई। जिस पर बेचारे पशु बमुश्किल गाड़ी खींचते रहते। उस कठिन पथ के स्थान पर कोई सुगम पथ होता तो लोगों को यात्रा में न केवल समय की बचत होती वरन वे सुरक्षित भी रहते।

कालांतर में वह गांव एक नगर बन गया और पथ राजमार्ग बन गया। उस पथ की समस्याओं पर चर्चा करते रहने के अतिरिक किसी ने कभी कुछ नहीं किया। बूढ़ा जंगल यह सब बहुत लंबे समय से देख रहा था। वह बरबस मुस्कुराता और यह सोचता रहता कि मनुष्य हमेशा ही सामने खुले पड़े विकल्प को मजबूती से जकड़ लेते हैं और यह विचार नहीं करते कि कहीं कुछ उससे बेहतर भी किया जा सकता है।

# धर्म को पहले स्वयं जीवन में उतारें

**हमें यह धर्मरूपी आसक्ति का चश्मा दर किनार करके सभी धर्मों को एक ही नजरिए से देखने की जरूरत है, तभी हम सभी धर्मों की अच्छाई को ग्रहण करके सभी में एक सी समानता और उनकी शिक्षाओं को पहले खुद ग्रहण करने का नजरिया रखेंगे, तभी भेदभाव की दीवार स्वयं ही ढह जाएगी।**



**अक्सर** हम यही देखते हैं कि जब हम किसी अन्ध मान्यता, अन्ध भावावेश अथवा बौद्धिक तर्कजाल को धर्म मानने की भूल करने लगते हैं तो उसमें कहीं अधिक बुरी तरह से उलझ जाते हैं। हम जिस दार्शनिक, धार्मिक परंपरा को मान रहे हैं, उसके साथ हमारा एक भावनात्मक संबंध जुड़ जाता है। फलस्वरूप उसके विपरीत अन्य किसी दृष्टिकोण को कभी स्वीकार ही नहीं कर पाते। अथवा यह भी होता है कि अपनी तर्कबुद्धि से हमने किसी मान्यता को अपना लिया है तो अपने ही बुद्धिबल को अत्यधिक महत्ता देने के स्वभाववश अन्य किसी मान्यता को सही मानने को प्रस्तुत ही नहीं होते। परंपरागत मान्यता, हृदयगत भावुकता अथवा बौद्धिक तर्कजाल के कारण जब हम किसी भी मान्यता के गुलाम हो जाते हैं तो उसके प्रति इतनी गहरी आसक्ति पैदा कर लेते हैं कि हमेशा के लिए उसी के रंग का चश्मा पहने ही दुनिया को देखने लगते हैं। अत: उस रंग के अतिरिक्त अन्य कोई रंग हमें दिखता ही नहीं। इस प्रकार सच्चाई से, वास्तविकता से बिल्कुल दूर होते चले जाते हैं, क्यों कि हर बात को अपने ही चश्मे से देखने के आदी जो हो चुके होते हैं।

मान लीजिए, अन्धश्रद्धा, अन्धविश्वास, भावावेश अथवा बौद्धिक ऊहापोह के आधार पर हमने कोई सही सिद्धान्त भी स्वीकार कर रखा हो, परन्तु होता क्या है कि उसके प्रति हुई आसक्ति के कारण उस सिद्धान्त को स्वीकारने मात्र को ही हम सारा महत्व देने लगते हैं, जब कि उसके व्यवहारिक पक्ष को सर्वदा भुला बैठते हैं।

कुछ ज्ञानीजन समाज को, देश-दुनिया को धर्म का मार्ग दिखाने में जी-जान से जुटे हुए हैं। एक ओर हिन्दू धर्म की महिमा का बखान किया जा रहा है, वहीं दूसरी ओर कुछ लोग शान्ति के मसीहा बने दुनिया को मुसलमान होने के फायदे गिनाने में लगे हुए हैं। एक कहता है कि हिन्दू धर्म और उसकी शिक्षाएं महान हैं तो दूसरा कहता है कि आप इस्लाम अपना लो तो आप में आत्म-अनुशासन, आत्म-नियंत्रण,आत्मशिक्षा, आत्म-अनुपालन जैसे गुणों का संचार होने लगेगा।

मैं मानता हूं कि न सिर्फ हिन्दू, न इस्लाम, बल्कि दुनिया का हरेक धर्म, हरेक पंथ, हरेक सम्प्रदाय महान है। उनके धर्मग्रंथ, उनकी शिक्षाएं, पीर-पैगम्बर, महापुरुष इत्यादि सब महान हैं। लेकिन ये नहीं समझ पा रहा हूं कि आप लोग जो दुनिया में धर्म का ज्ञान बांटते फिर रहे हो, पोस्ट दर पोस्ट बड़े लम्बे-चौड़े उपदेश देते रहते हो, लेकिन तुम्हारा धर्म तुम में वो महानता क्यूं नहीं पैदा कर पाया। क्या ये महानता का प्रसाद सिर्फ दूसरों में बांटने के लिए ही रख छोड़ा है, जो तुम्हारे हिस्से न आ सका। दूसरी ओर मैं उन मुस्लिम भाइयों से ये जानना चाहूंगा कि तुम कहते हो कि इस्लाम कबूल करने का सीधा फायदा ये है कि आपमें शांति, प्रेम, आत्म-अनुशासन,आत्म-नियंत्रण, आत्मशिक्षा, आत्म-अनुपालन जैसे गुणों का वास होने लगेगा, लेकिन भाई तुम तो इस्लाम के मानने वाले हो, किन्तु तुम्हारे जीवन में ऐसे किसी सद्‌गुण का संचार क्यों नहीं हो पाया। कमाल है! जिस चीज को आप लोग स्वयं जीवन में धारण नहीं कर सके, उसी के बारे में दुनिया को उपदेश देने में लगे हुए हैं। और लगे हुए हैं, बस दिन-रात एक दूसरे पर कीचड़ उछालने में, एक दूजे को निर्वस्त्र करने में।

# मनुष्यता भलाई में है


**यह मानव स्वभाव है कि किसी का अच्छा हो रहा हो, तो उसमें खलल डालता है। वहीं कुछ ऐसे भी हैं, जो बिगड़ती बात को संवारना ही मनुष्यता की परिभाषा मानते हैं, ऐसे ही बयान करती यह कथा प्रस्तुत है।**

**यह** घटना उस समय की है, जब क्रांतिकारी रोशन सिंह को काकोरी कांड में मृत्युदंड दिया गया। उनके शहीद होते ही उनके परिवार पर मुसीबतों का पहाड़ टूट पड़ा। घर में एक जवान बेटी थी और उसके लिए वर की तलाश चल रही थी। बड़ी मुश्किल से एक जगह बात पक्की हो गई। कन्या का रिश्ता तय होते देखकर वहां के दरोगा ने लड़के वालों को धमकाया और कहा कि क्रांतिकारी की कन्या से विवाह करना राजद्रोह समझा जाएगा और इसके लिए सजा भी हो सकती है। किंतु वर पक्ष वाले दरोगा की धमकियों से नहीं डरे और बोले, 'यह तो हमारा सौभाग्य होगा कि ऐसी कन्या के कदम हमारे घर पड़ेंगे, जिसके पिता ने अपना शीश भारत माता के चरणों पर रख दिया।' वर पक्ष का दृढ़ इरादा देखकर दरोगा वहां से चला आया पर किसी भी तरह इस रिश्ते को तोड़ने के प्रयास करने लगा। जब एक पत्रिका के संपादक को यह पता लगा तो वह आगबबूला हो गए और तुरंत उस दरोगा के पास पहुंचकर बोले, 'मनुष्य होकर जो मनुष्यता ही न जाने वह भला क्या मनुष्य? तुम जैसे लोग बुरे कर्म कर अपना जीवन सफल मानते हैं किंतु यह नहीं सोचते कि तुमने इन कर्मों से अपने आगे के लिए इतने कांटे बो दिए हैं, जिन्हें अभी से उखाड़ना भी शुरू करो तो अपने अंत तक न उखाड़ पाओ। अगर किसी को कुछ दे नहीं सकते तो उससे छीनने का प्रयास भी न करो।' संपादक की खरी-खोटी बातों ने दरोगा की आंखें खोल दीं और उसने न सिर्फ कन्या की मां से माफी मांगी, अपितु विवाह का सारा खर्च भी खुद वहन करने को तैयार हो गया। विवाह की तैयारियां होने लगीं। कन्यादान के समय जब वधू के पिता का सवाल उठा तो वह संपादक उठे और बोले, 'रोशन सिंह के न होने पर मैं कन्या का पिता हूं। कन्यादान मैं करूंगा।'



# कर्तव्य ही सम्मान है

**यह** काफी पुरानी घटना है। मद्रास प्रांत के एक स्टेशन के निकट एक पॉइंटमैन अपना पॉइंट (वह उपकरण जिससे गाड़ियों का ट्रैक बदला जाता है) पकड़े खड़ा था। दोनों ओर से दो गाड़ियां अपनी पूरी गति से दौड़ी चली आ रही थीं। उस दिन मौसम खराब था और वह आंधी-तूफान का संकेत दे रहा था। ऐसे भयावह मौसम में रोशनी के भी भरपूर साधन नहीं थे। पॉइंटमैन अपने काम के लिए मुस्तैदी से तैयार था, तभी उसे अपने पैरों पर कुछ रेंगता हुआ महसूस हुआ। उसने देखा तो दंग रह गया। एक सांप उसके पैरों से लिपट रहा था। पॉइंट उसके हाथ में था। डर के कारण उसकी घिग्घी बंध गई। किंतु तभी उसने सोचा कि यदि वह पॉइंट हाथ से छोड़ देगा तो ऐसे में दोनों गाड़ियां परस्पर भिड़ जाएंगी और असंख्य लोगों की मृत्यु हो जाएगी। सांप के काटने से तो अकेले सिर्फ उसकी जान जाएगी, लेकिन असंख्य लोगों की जान बच जाएगी। कम से कम मरते-मरते वह असंख्य लोगों की जान बचाने का पुण्य तो अर्जित कर ही लेगा। यह सोचकर वह बिना



हिला-डुले पॉइंट को पकड़े खड़ा रहा। कुछ ही देर में दोनों रेलगाड़ियों की घड़घड़ाहट तेज हुई और रेलगाड़ियां आराम से पॉइंट मैन के द्वारा पकड़े गए पॉइंट की सहायता से अलग-अलग ट्रैक पर निकल गईं। उधर सांप रेलगाड़ियों की घड़घड़ाहट सुनकर पॉइंटमैन का पैर छोड़कर चला गया। रेलगाड़ियों के जाने के बाद जब पॉइंटमैन का ध्यान अपने पैरों की ओर गया तो वह यह देखकर दंग रह गया कि वहां कुछ न था। यह देखकर उसके मन से स्वत: ही निकला, 'सच ही है, जो इंसान सच्चे मन से लोगों की मदद करते हैं, उनकी सहायता ईश्वर स्वयं करते हैं।' बाद में जब इस घटना का पता अधिकारियों को चला तो उन्होंने न सिर्फ पॉइंटमैन को शाबासी दी, अपितु उसे पुरस्कार देकर सम्मानित भी किया।

# बुद्धि बड़ी या भाग्य

**बुद्धि व भाग्य में विवाद होने लगा, दोनों एक दूसरे को बड़ा साबित कर रहे थे। राजा ने एक कथा के माध्यम से दोनों का निर्णय किया। भाग्य से यदि किसी को राजा बनाने का प्रयास हो और संसार की सभी वस्तुएं भी हों तो भी बुद्धि के अभाव में वह राजा नहीं बन सकता। यह आलेख इसी तथ्य पर आधारित है।**



एक बार बुद्धि और भाग्य में झगड़ा हुआ। बुद्धि ने कहा, मेरी शक्ति अधिक है। मैं जिसे चाहूं सुखी कर दूं। मेरे बिना कोई बड़ा नहीं हो सकता।'' भाग्य ने कहा, मेरी शक्ति अधिक है। मैं तेरे बिना काम कर सकता हूं। तू मेरे बिना काम नहीं कर सकती।'' इस तरह दोनों ने अपनी-अपनी ओर से दलीलें जोर-शोर से दीं। बुद्धि ने भाग्य से कहा कि उस गड़रिए को जो जंगल में भेड़ें चरा रहा है, मेरी सहायता के बिना राजा बना दो तो समझूं कि तुम बड़े हो। भाग्य ने राजा बनाने का प्रयत्न शुरू कर दिया। उसने बहुत कीमती खड़ाऊं जिसमें लाखों रुपए के नग लगे थे, गड़रिए को दी। भाग्य ने एक व्यापारी को वहां पहुंचा दिया।

व्यापारी उन खड़ाऊंओं को देखकर विस्मित हुआ। उससे कहा, तुम ये खड़ाऊं बेच दो।'' गड़रिए ने वो अनमोल खड़ाऊं जिनमें एक-एक हीरा करोड़ों रुपए का था, दो मन चनों के बदले में बेच डालीं। यह देखकर भाग्य ने और प्रयत्न किया। अब उस व्यापारी ने वे खड़ाऊं राजा को भेंट की तो राजा देखकर हैरान हो गया। व्यापारी से पूछा, ''तुमने ये खड़ाऊं कहां से पाईं? व्यापारी ने कहा ''महाराज एक राजा मेरा मित्र है उसने ये मुझे दीं।''

यह सुनकर राजा ने कहा, ''अच्छा जाओ, मेरी लड़की की सगाई उसके लड़के से करा दो।'' ''ठीक है, आपकी लड़की की सगाई पक्की करने जाता हूं।'' तो क्या देखता है कि गड़रिया उससे भी मूल्यवान खड़ाऊं पहने है।

व्यापारी ने सोचा कि हो न हो, यह कोई सिद्ध महात्मा है। उसने वहीं डेरा लगा दिया और अपना बहुत सा तांबा लदा हुआ सब सामान एक ओर पेड़ के नीचे रख दिया। दोपहरी में गड़रिया धूप से व्याकुल हो उस पेड़ के नीचे तांबे के ढेर के सहारे सिर रखकर सो गया। भाग्य ने उस तांबे के ढेर को सोना कर दिया। व्यापारी ने सोचा कि जिसके छूने से तांबा सोना हो जाता है, उसको राजा बनाना कोई बड़ी बात नहीं। उस व्यापारी ने वहीं जमीन खरीदी और किला बनवा दिया। सेना की भर्ती की जाने लगी और व्यापारी गड़रिए को पकड़कर किले में ले गया। उसको अच्छे-अच्छे मूल्यवान वस्त्र पहनवाए; मंत्री सेवक आदि कर्मचारी रखे और फिर लड़की वाले राजा को पत्र लिखा कि हमारे राजाजी की विवाह की तिथि लिख दो; उसी दिन बारात आ जाएगी। पत्रोत्तर में राजा ने तिथि लिख दी। इस पर विवाह का प्रबंध होने लगा। विवाह की तिथि आने पर व्यापारी बारात लेकर चल दिया। जब लड़की वाले राजा का नगर निकट आ गया और उधर से मंत्री, बहुत से नौकर-चाकर, सेना, अस्त्र-शस्त्र, हाथी-घोड़े इत्यादि राजा की अगवानी के लिए आए तो गड़रिए ने विचार किया कि कदाचित् मेरी भेड़ें इनके खेत में चली गई हैं और ये मेरे कपड़े-लत्ते छीनने आ रहे हैं। अत: उसने झट व्यापारी से कहा, ये सब मेरे कपड़े-लत्ते छीनने के लिए आ रहे हैं। चूंकि यह बात कान में कही गई थी, अत: व्यापारी के सिवा और किसी को मालूम नहीं हुई। लोगों ने व्यापारी से पूछा, ''कुंवरजी क्या आज्ञा दे रहे हैं? कुंवरजी कहते हैं कि जितने लोग स्वागत में आए हैं, सबको पांच-पांच लाख रुपया पुरस्कृत किया जाए।'' लोग सोचने लगे कि किसी बड़े भारी सम्राट के कुंवर की बारात आई है, लड़की वाला राजा भी घबराया कि मैंने बड़े भारी राजा से नाता जोड़ा है। अब तो ईश्वर ही लाज रखे। अंत: उसी दिन राजा की कन्या का विवाह उस गड़रिए से हो गया। जब राजकुमारी गड़रिए के पास आई, तब गड़रिए ने गहनों की आवाज सुन सोचा, हो न हो, कोई चुड़ैल मुझे मारने के लिए आ रही है। यह सोच वह जल्दी से एक दरवाजे की ओट में छिप गया। राजकुमारी कन्या के जाते ही गड़रिए को विचार आया कि अभी एक चुड़ैल से तो मुश्किल से बचा हूं, न मालूम यहां कितनी और चुड़ैल आएं, अत: यहां से भागना चाहिए। सोच ही रहा था कि उसे एक जीना दिखाई पड़ा। वह झट ऊपर चढ़ गया और वहां एक छेद में हाथ डालकर कूदकर भागने का विचार करने लगा। उसी समय बुद्धि ने भाग्य से कहा, ''देख तेरे बनाने से भी यह राजा न बना। अब यह जल्दी ही गिरकर मृत्यु के मुख में जाना चाहता है।'' अत: सिद्ध है कि यदि संसार की सारी वस्तुएं भी एकत्रित हों, तो भी जब तक मनुष्य को बुद्धि न आए, वह अपने उद्देश्य को पूर्णतया सिद्ध नहीं कर सकता।

# धन-सम्पदा का गर्व चकनाचूर



**यूनान** में आल्सिबाएदीस नामक एक बहुत बड़ा संपन्न जमींदार था। उसकी जमींदारी बहुत बड़ी थी। उसे अपने धन-वैभव एवं जागीर पर बहुत अधिक गर्व था। वह इसका वर्णन करते हुए थकता नहीं था। एक दिन वह प्रसिद्ध दार्शनिक सुकरात के पास जा पहुंचा और अपने ऐश्वर्य का वर्णन करने लगा। सुकरात उसकी बातें कुछ देर तक सुनते रहे। फिर उन्होंने पृथ्वी का एक नक्शा मंगवाया। नक्शा फैला कर उन्होंने आल्सिबाएदिस से पूछा-अपना यूनान देश इस नक्शे में कहां है? जमींदार कुछ देर तक नक्शा देखने के बाद एक जगह अंगुली रख कर बोला 'अपना यूनान देश यह रहा।' सुकरात ने पुन: पूछा-और अपना एटिका राज्य कहां है? बड़ी कठिनाई के बाद जमींदार एटिका राज्य को ढूंढ़ सका। अच्छा, इसमें आपकी जागीर की भूमिका कहां है? सुकरात ने एक बार फिर पूछा। अब जमींदार कुछ सकपका गया। वह बोला- आप भी खूब हैं, इस नक्शे में इतनी छोटी-सी जागीर कैसे बताई जा सकती है? तब सुकरात ने कहा-भाई! इतने बड़े नक्शे में जिस भूमि के लिए एक बिन्दु भी नहीं रखा जा सकता, उस नन्ही-सी भूमि पर आप गर्व करते हैं? इस पूरे ब्रह्माण्ड में आपकी भूमि और आप कहां कितने हैं, जरा यह भी तो सोचिए। सुकरात के मुंह से यह सुनते ही आल्सिबाएदिस का अपनी जागीर और सम्पति पर जो गर्व था, चकनाचूर हो गया। व्यक्ति को अपनी धन-संपदा का बखान तथा उस पर गर्व नहीं करना चाहिए।

स्वत्वाधिकार प्रकाशन एवं मुद्रक राजकुमार आमेटा के लिए स्मार्ट कम्प्यूटर्स एण्ड प्रिन्टर्स, कोर्ट के सामने, माण्डलगढ़ से प्रकाशित एवं मुद्रित। मो. 9649222850 Email.smarthalchalnews@gmail.com